सुप्रभात
रांची, शुक्रवार
02.02.2024
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ




khabarmantra.net माघ, कृष्ण पक्ष, सप्तमी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 200

06 विकसित और उम्मीद से भरे भारत का बजट

## न्यूज डायरी

### रांची में अगले 48 घंटे तक धारा 144 लागू

**रांची।** सदर एसडीओ ने रांची नगर निगम क्षेत्र में धारा 144 लागू किया है। इस क्षेत्र में 1 फरवरी दोपहर 2 बजे से अगले 48 घंटे तक धारा 144 लागू रहेगी। साथ ही एसडीओ ने 31 जनवरी की रात 10 बजे से अगले आदेश तक के लिए लागू की गयी धारा 144 को हटा दिया है।

### गिरिडीह में सड़क हादसा जीजा-साले की मौत

**गिरिडीह।** ताराटांड़ थाना इलाके के बड़कीटांड में गुरुवार अहले सुबह सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी। दोनों रिश्ते में साला-बहनोई थे। हादसे में मधुपुर के हरा बगीचा के सागर वर्मा (32) और सदर प्रखंड के उदनाबाद निवासी रूपेश वर्मा (30) की मौत मौके पर हो गयी।

### झारखंड में बारिश ने बढ़ायी ठंड, कोहरा घना

**रांची।** मौसम के बदले मिजाज ने झारखंड में ठंड काफी बढ़ा दी है। राजधानी रांची सहित पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य झारखंड के कई हिस्सों में गुरुवार को हुई बारिश के बाद ठंड बढ़ गयी। बारिश के बाद शाम से ही घना कोहरा छा गया। आने वाले दिनों में तापमान तीन से चार डिग्री तक गिरेगा।

### तस्कर फेंक रहे थे रुपये चार पुलिसकर्मी सस्पेंड

**रामगढ़।** पुलिस वर्दी को बदनाम करने में वर्दीधारियों का हाथ ही शामिल है। रामगढ़ में कुछ वर्दीधारी उस समय कैमरे में कैद हो गये, जब कोयला तस्कर उनके सामने रुपये फेंक रहे थे। उन रुपयों को सिपाही चुन रहे थे। यह वीडियो जब वायरल हुआ तो रामगढ़ जिला पुलिस प्रशासन के होश उड़ गये। गुरुवार को रामगढ़ एसपी पीयूष पांडे ने तत्काल सख्त कदम उठाया और उन्होंने पुलिस अवर निरीक्षक समेत चार लोगों को निलंबित कर दिया है।

### ज्ञानवापी के दर्शन को उमड़ी भीड़, पूजा शुरू

**वाराणसी।** जिला कोर्ट के आदेश के बाद ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा अर्चना शुरू हो गयी है। कोर्ट ने ये फैसला 1996 के सर्वे की रिपोर्ट के आधार पर दिया है। कोर्ट ने बुधवार को दोपहर 3 बजे तहखाने में पूजा की अनुमति दी थी। आदेश के ठीक आठ घंटे बाद 11 बजे पूजा शुरू हो गयी। करीब 31 साल से ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में पूजा बंद थी।

### झारखंड के आठ रजिस्ट्रार बदले गये

**रांची।** झारखंड के आठ जिला अवर निबंधकों (रजिस्ट्रार) का ट्रांसफर किया गया है। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

### अखिलेश यादव बोले भाजपा आदिवासी विरोधी

**लखनऊ।** झारखंड के सीएम रहे हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि झारखंड में भाजपा का आदिवासी विरोधी चेहरा सामने आ रहा है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 76,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




# चंपई को सरकार बनाने का न्यौता

## झारखंड में नयी सरकार का शपथ ग्रहण आज

- बुलावे पर देर रात चंपई सोरेन और आलमगीर आलम पहुंचे थे राजभवन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** गठबंधन विधायक दल के नेता चंपई सोरेन को गुरुवार की देर रात राजभवन बुला कर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सरकार बनाने का न्यौता दे दिया। राजभवन से खबर मिलते ही देर रात चंपई सोरेन और कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम राज्यपाल से मिलने पहुंचे थे। शुक्रवार को नयी सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। राजभवन से आने के बाद गठबंधन के नेताओं की बैठक जारी है।

इससे पूर्व शाम साढ़े पांच बजे राजभवन के बुलेवे पर चंपई सोरेन के साथ पांच विधायक राजभवन गये थे। विधायकों की सूची सौंपते हुए पूर्ण बहुमत का दावा किया था और नयी सरकार के गठन का निमंत्रण देने का राज्यपाल से आग्रह किया था। तब राज्यपाल ने उनका दावा स्वीकार करते हुए विशेषज्ञों से सलाह लेने के उपरांत शुक्रवार को सूचित करने की बात कही। राजभवन जानेवाले विधायकों में चंपई सोरेन के साथ आलमगीर आलम, सत्यानंद भोक्ता, विनोद सिंह और प्रदीप यादव थे।

**शीघ्र सरकार गठन की मांग तेज थी :** इधर राज्यपाल से मुलकात कर राजभवन से बाहर निकलने के बाद चंपाई सोरेन ने कहा कि राज्यपाल से गठबंधन ने राज्य हित में जल्द सरकार गठन करने की मांग की गयी है। राज्यपाल ने भी हमें आश्वस्त किया है उन्हे इसकी सूचना शीघ्र दी जायेगी। वहीं विधायक विनोद सिंह ने कहा कि जल्द ही राज्यपाल ने बुलाने की बात कही हैं। प्रदीप यादव ने कहा कि राज्यपाल ने महागठबंधन के बहुमत की बात स्वीकार की है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही सरकार बनाने के लिए हम आपको आमंत्रित करेंगे। संविधान विशेषज्ञों की ले रहे हैं सलाह।

**बढ़ रही थी गठबंधन में बेचैनी :** विधायक दल का नेता निर्वाचित होने और उसके बाद राजभवन में विधायकों का परेड करवाने के बावजूद शपथ ग्रहण करवाने का कोई संकेत या संदेश नहीं मिलने से चंपई सोरेन के साथ ही महागठबंधन के अंदर देर शाम बेचैनी पसरती गयी। चंपई सोरेन के साथ ही विधायकों को इस बात डर सताने लगा कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद भाजपा पूरी ताकत के साथ ऑपरेशन कमल में लग चुकी है, और बहुत संभव है कि उनके विधायकों को तोड़ने की कोशिश भी की जाये। सभी विधायक हैदराबाद जाने की तैयारी में थे पर भारी कुहासे के कारण उनका विमान नहीं उड़ सका था। (शेष पेज 11 पर)

## पेशी के बाद होटवार जेल भेजे गये हेमंत

- इडी कोर्ट में रिमांड पर आज फिर होगी सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को कड़ी सुरक्षा के बीच हेमंत सोरेन को रांची सिविल कोर्ट स्थित इडी कोर्ट (पीएमएलए) में पेश किया गया। कोर्ट से इडी ने श्री सोरेन की 10 दिन की रिमांड मांगी। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। साथ ही कहा कि रिमांड पर फैसला शुक्रवार को सुनाया जायेगा। इसके बाद हेमंत को न्यायिक अभिरक्षा में रांची होटवार जेल भेज दिया गया। कोर्ट में हेमंत सोरेन का पक्ष रखते हुए महाधिवक्ता ने कहा कि यह प्रिडिकेट ऑफिंस नहीं है। वहीं, ईडी के वकील ने दलील दी कि आइपीसी की धारा 120बी के तहत कार्रवाई जारी है। इसलिए इन्हें कस्टडी में लेना अनिवार्य है। यह कार्रवाई शेड्यूल ऑफ ऑफिंस में आता है। अदालत में इस मौके पर भारी भीड़ थी।

**मुस्कुराते हेमंत ने किया लोगों का अभिवादन :** हेमंत सोरेन ने कोर्ट परिसर में हाथ हिलाकर मुस्कुराते हुए वहां मौजूद लोगों का अभिवादन किया। इडी ने भूमि घोटाला मामले में



31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। इसके पहले उनसे करीब सात घंटे तक पूछताछ चली थी।

**अपर डिवीजन सेल के ब्लॉक बी कमरा नंबर 1 में रहेंगे हेमंत :** पूर्व सीएम व झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन का नया ठिकाना होटवार जेल के अपर डिवीजन सेल के ब्लॉक बी में कमरा नंबर 1 है। इडी कोर्ट में पेशी के बाद इन्हें गुरुवार को सीधे होटवार जेल लाया गया। इनकी गुरुवार रात यहीं बीतेगी। जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है।

## हेमंत की याचिका पर आज होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

- इडी की कार्रवाई को दी है चुनौती

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/ नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देनेवाली हेमंत सोरेन की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। शीर्ष कोर्ट ने विचार करने की सहमति दी है। दरअसल हेमंत सोरेन का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और एएम सिंघवी ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ के समक्ष मामले का उल्लेख किया। इस पर सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली एक समान याचिका झारखंड उच्च न्यायालय में दायर की गयी थी और इसे गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। सिब्बल ने कहा कि उनके मुवक्किल उच्च न्यायालय से याचिका वापस ले लेंगे। सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका स्वीकार किए जाने की वजह से झारखंड हाईकोर्ट में दाखिल याचिका को वापस लेने की सूचना है। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। उन्होंने कहा कि याचिका शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की जायेगी। संक्षिप्त सुनवाई के दौरान सिब्बल ने कहा कि गिरफ्तारी ज्ञापन में कहा गया है कि 10 बजे, वे कहते हैं कि शाम 5 बजे गिरफ्तार किया गया। इस बात पर जोर दिया कि यह बहुत गंभीर मामला है। इडी के वकील ने कहा कि हेमंत सोरेन पर भी गंभीर आरोप हैं। सिब्बल ने कहा कि चुनाव से पहले गिरफ्तार करते हैं। हेमंत सोरेन के वकील ने कहा कि आम चुनाव से ठीक पहले गिरफ्तारी के तरीके से देश की राजनीति पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

## झारखंड हाइकोर्ट में भी हुई सुनवाई

वहीं ईडी की कार्रवाई के खिलाफ हेमंत सोरेन की याचिका पर गुरुवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई, लेकिन फिलहाल उन्हें कोई राहत नहीं मिली है। याचिका पर अब शुक्रवार को सुनवाई होगी। दरअसल, हेमंत सोरेन की ओर से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये अदालती कार्यवाही में जुड़े वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने बहस के लिए वक्त की मांग की। अदालत ने इस पर नाराजगी जताते हुए अगली सुनवाई कल यानी शुक्रवार को निर्धारित की है। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन की ओर से ईडी की कार्रवाई को चुनौती देते हुए बुधवार को ही हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट पिटिशन दाखिल की गई थी। इसको लेकर मेंशन किये जाने के बाद हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस अनुभा रावत चौधरी की बेंच ने सुनवाई की गई। हेमंत सोरेन की ओर से कपिल सिब्बल के अलावा हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा। ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने बहस की। सुप्रीम कोर्ट द्वारा याचिका स्वीकार किये जाने की वजह से झारखंड हाईकोर्ट में दाखिल याचिका को वापस लेने की सूचना है। हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने कहा कि चूंकि बुधवार देर शाम याचिका दाखिल की घयी है और इस मामले में दूसरे पक्ष को जानकारी नहीं दी गई इस वजह से सुनवाई कल निर्धारित की गयी है।

# अंतरिम बजट 2024-25 न राहत, न बोझ

- टैक्स स्लैब में नहीं किया कोई बदलाव, टैक्सपेयर्स में निराशा
- गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित
- तीन रेल कॉरिडोर का ऐलान, 300 यूनिट मुफ्त बिजली
- 7 लाख रुपये कमाने वाले को नहीं देना होगा कोई टैक्स
- 1 करोड़ करदाताओं को राहत, पुरानी देनदारी वित्त मंत्री ने की माफ

## ›› कुछ भी महंगा या सस्ता नहीं हुआ

**एजेंसी**




**नयी दिल्ली।** नये संसद भवन में गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट पेश किया। यह अंतरिम बजट है, जिसमें आगामी तीन महीने तक के खर्च का लेखा जोखा है। उम्मीद के अनुसार, इसमें 'चार' जातियों पर फोकस रहा। इनमें युवा, गरीब, महिला और किसान शामिल है। बजट में कुछ भी महंगा या सस्ता नहीं हुआ। 7 लाख रुपये कमाने वाले को नहीं देना होगा कोई टैक्स। 1 करोड़ करदाताओं को बड़ी राहत मिली, पुरानी देनदारी वित्त मंत्री ने की माफ। वित्त मंत्री इस अंतरिम बजट में किसान, महिलाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर सहित कई सारे सेक्टर्स के लिए कई सारे ऐलान किये। वित्त मंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत सभी आशा वर्कर्स, आंगनबाड़ी सेविकाओं और हेल्पर्स को भी कवर किया जायेगा।

**2 करोड़ अतिरिक्त पीएम आवास का लक्ष्य :** वित्त मंत्री निर्मला ने कहा कि कोविड के कारण चुनौतियों के बावजूद, पीएम आवास योजना ग्रामीण का कार्यान्वयन जारी रहा और हम 3 करोड़ घरों के लक्ष्य को प्राप्त करने के करीब हैं। इसे पूरा करने के लिए अगले 5 वर्षों में 2 करोड़ और घर बनाये जायेंगे। वित्त मंत्री कहा कि हमें गरीब, महिलायें, युवा और अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। उनकी जरूरतें और आकांक्षाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। पीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 3 करोड़ घर बनाने का काम पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि अगले 5 साल में और 2 करोड़ घर बनाये जायेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि कौशल भारत मिशन के तहत 1.4 करोड़ युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया और उन्हें कुशल बनाया गया।

**टैक्स स्लैब में बदलाव नहीं :** पूरे टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यानी करदाताओं को कोई इस अंतरिम बजट में कोई राहत नहीं दी गयी है। (शेष पेज 11 पर)

**लखपति दीदी योजना को बढ़ावा :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि लखपति दीदी योजना को बढ़ावा दिया जायेगा। इसे 2 करोड़ से बढ़ाकर 3 करोड़ करने का फैसला किया गया है। अब तक एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाया। वित्त मंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में महिलाओं को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिये गये है। आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा में सभी आशा कार्यकर्ताओं आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं को भी शामिल किया जायेगा।

बजट टून




**300 यूनिट बिजली फ्री :** वित्त मंत्री ने कहा कि छत पर सौर प्रणाली लगाने से एक करोड़ परिवार हर महीने 300 यूनिट तक निशुल्क बिजली प्राप्त करेंगे। वर्ष 2030 तक 100 मीट्रिक टन की कोयला गैसीकरण और तरलीकरण क्षमता स्थापित की जायेगी। राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न पड़ावों से जुड़े सुधार के लिए 50 वर्ष के ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 75,000 करोड़ रुपये के प्रावधान का प्रस्ताव।

**महिला स्वास्थ्य को लेकर बड़ी घोषणा :** वित्त मंत्री ने 9-14 साल की लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर का मुफ्त टीका लगाने की घोषणा की हैं। बजट को 2047 तक विकसित भारत के रोडमैप के रूप में पेश किया गया है। सर्वाइकल कैंसर, जो महिलाओं के यूट्राइन सेरेविक्स में विकसित होता है, भारत में महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में कैंसर से होने वाली मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल के तहत योजनाओं को एक व्यापक कार्यक्रम के तहत लाया जायेगा। वित्त मंत्री ने आंगनवाड़ी केंद्रों के अपग्रेड और पोषण वितरण में तेजी लाने तथा प्रारंभिक बचपन की देखभाल के लिए अन्य कदमों की भी घोषणा की हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि टीकाकरण के प्रबंधन के लिए यू-विन प्लेटफॉर्म देश में शुरू किया जायेगा।

## बजट के टॉप मोमेंट्स: राष्ट्रपति ने वित्त मंत्री का मुंह मीठा कराया

**नयी दिल्ली।** संसद भवन पहुंचने से पहले वित्त मंत्री अपने दोनों राज्य मंत्रियों और अधिकारियों के साथ राष्ट्रपति भवन पहुंची। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सीतारमण का मुंह मीठा कराया। वित्त मंत्री संसद भवन पहुंचीं तो उनके हाथ में लाल रंग के बैग में बजट टैबलेट था। निर्मला खुद नीले रंग की साड़ी पहनी हुई थीं। बजट की कॉपी एक ट्रक से लायी गयी। 11 बजे बजट भाषण शुरू हुआ तो वित्त मंत्री ने केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ राम मंदिर का भी जिक्र किया। इस पर मेज की थप-थपाहट से हॉल गूंज उठा। वित्त मंत्री जब संसद भवन पहुंचीं, तब यहां बारिश हो रही थी। सुरक्षाकर्मी उनके लिए छाता लेकर आये। वित्त मंत्री ने अपनी बजट टीम के साथ मीडिया को बजट टैब दिखाया। ये इनका चौथा पेपर-लेस बजट है। लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कहा कि बजट की कॉपी सभी सांसदों को दी जायेगी। 2019 में वे गुलाबी साड़ी में दिखी थीं। इस बार वे नीली साड़ी में दिखीं। इस बार वे नीली साड़ी में दिखीं। सोनिया गांधी बजट सेशन में शामिल गुलाबी साड़ी के साथ ब्लैक ओवर-कोट पहने पहुंची। पीएम मोदी ब्लैक कुर्ता पहनकर संसद पहुंचे। उसके ऊपर उन्होंने क्रीम कलर की जैकेट थी।

## बजट मजबूत भविष्य की गारंटी : पीएम



**नयी दिल्ली।** पीएम मोदी ने गुरुवार को कहा कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से पेश किया अंतरिम आम बजट समावेशी और नवोन्मेषी बनायेगा। एक वीडियो संदेश में पीएम ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए यह भी कहा कि यह बजट 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि बजट समावेशी और नवोन्मेषी बजट है। इस बजट में निरंतरता का विश्वास है। ये बजट विकसित भारत के चार स्तंभ- युवा, गरीब, महिला और किसान... सभी को सशक्त करेगा। यह बजट देश के भविष्य के निर्माण का बजट है। वित्त मंत्री और उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए मोदी ने कहा कि इस बजट में 2047 के विकसित भारत की नींव को मजबूत करने की गारंटी है। उन्होंने कहा कि इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षा का प्रतिबिंब भी है। उन्होंने कहा है कि बजट युवा, महिला और किसान को सशक्त बनेंगे। इस शानदार बजट के लिए मैं वित्त मंत्री को बधाई देता हूं जिसमें समाज के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि ये बजट मजबूत भविष्य की गारंटी है।

## ये वोट ऑन अकाउंट है जुलाई में हम इसे देखेंगे : वित्त मंत्री



**लोकसभा** चुनावों के ठीक पहले पेश अंतरिम बजट में टैक्स छूट और दूसरे लोकलुभावनें एलान नहीं किए जाने पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सफाई दी है। वित्त मंत्री ने कहा, हम सभी को मालूम है कि ये वोट ऑन अकाउंट है और हमने उसे वैसे ही समझा है। वित्त मंत्री ने कहा कि जुलाई में जब उनकी सरकार बजट पेश करेगी तब किस वर्ग के लिए क्या करना है हम देखेंगे। बजट के बाद आयोजित प्रेस कॉफ्रेंस के दौरान वित्त मंत्री से सवाल पूछा गया कि लोकसभा चुनावों के बावजूद सरकार ने कोई लोकलुभावन एलान क्यों नहीं किया है? इस सवाल का जवाब देते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, मैं पहले से कहती आई हूं और प्रधानमंत्री ने भी कहा है कि ये वोट ऑन अकाउंट है। वित्त मंत्री ने कहा इसके बावजूद हमने बताया है कि अर्थव्यवस्था को कैसे आगे बढ़ना चाहिए और इसके लिए हमारी क्या योजना है। वित्त मंत्री ने कहा कि जब नयी सरकार के गठन के बाद जुलाई में बजट पेश करेंगे तो तब समाज के किस वर्ग को क्या देना है तब हम ये तय करेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार कैपिटल एक्सपेंडिचर में भारी निवेश करने जा रही है, सरकार ने आर्थिक विकास को गति दिया है और इनोवेशन के लिए भी पैसे का प्रावधान किया गया है।

# राजभवन जाने से पहले सर्किट हाउस में हुई विधायकों की गिनती, राज्यपाल को सौंपा वीडियो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड में जारी राजनीतिक संकट के बीच सत्ता पक्ष के सभी विधायक सर्किट हाउस में मौजूद थे। राजभवन में मिलने जाने से पहले इनकी बाकायदा गिनती हुई। गिनती की वीडियो बनाकर राज्यपाल को सौंपा गया। दिलचस्प बात यह है कि विधायकों की काउंटिंग देखकर आपको अपने स्कूल के दिनों की याद आ जाएगी। जिस तरह स्कूल में मास्टर जी के कहने पर बच्चे अपना नंबर बताते थे, विधायकों ने उसी तरह से अपनी गिनती की। झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल के विधायकों की गिनती की शुरूआत स्टीफन मरांडी से हुई और अंत इस गठबंधन के विधायकों के नए नेता चंपई सोरेन पर खत्म हुई। गिनती में विधायकों की संख्या 43 हुई। पहले नंबर पर स्टीफन मरांडी और 43वें नंबर पर चंपई सोरेन। यह गिनती राज्यपाल से मिलने के लिए राजभवन रवाना होने से पहले हुई। चंपई सोरेन की चिठ्ठी मिलने क बाद राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने इस गठबंधन के नेताओं को शाम 5:30 बजे राजभवन बुलाया। राज्यपाल से मिलने के लिए चंपई सोरेन के नेतृत्व में पांच विधायक राजभवन पहुंचे। चंपई सोरेन के साथ आलमगीर आलम, बादल पत्रलेख, प्रदीप यादव, विनोद सिंह और झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भप्ताचार्य शामिल थे। विधायकों की गिनती का पूरा वीडियो राज्यपाल को सौंपा गया और कहा गया कि झारखंड में सरकार बनाने के लिए उनके पास पर्याप्त संख्या बल है। इसलिए शुक्रवार को सुबह 8 बजे उन्हें सरकार बनाने का न्योता दिया जाए। हालांकि, राज्यपाल ने अभी समय नहीं दिया है और कहा है कि वह जल्द ही इसकी उन्हें इसके बारे में सूचना देंगे।

## खबर एक नजर में

### हज यात्रा पर जाने वालों को 9 फरवरी तक 81800 रुपये जमा करने के बाद जारी होगा वीजा

**रांची।** हज-2024 में जाने वाले यात्रियों (आजमिन ए हज) को 9 फरवरी तक एडवांस राशि के तौर पर 81800 रुपये जमा करने होंगे। यह पैसा हज कमिटी ऑफ इंडिया मुंबई खाता में जमा करना है। इस संबंध में झारखंड राज्य हज समिति के कार्यपालक पदाधिकारी आफताब अहमद ने जानकारी देते बताया है कि एडवांस राशि जमा करने के बाद हज आवेदन फॉर्म, डिपोजिट पे स्लीप या ऑनलाइन रसीद, मेडिकल स्क्रीनिंग और फिटनेस सर्टिफिकेट और ऑरिजनल पासपोर्ट तथा अन्य डॉक्यूमेंट समिति के हज हाउस कार्यालय, रांची में 12 फरवरी को शाम 4 बजे तक जमा करने होंगे। इस आधार पर ही वीजा के लिए समय पर पासपोर्ट तथा अन्य दस्तावेज हज कमिटी ऑफ इंडिया, मुंबई को भेजा जा सकेगा। एडवांस राशि जमा करते समय हज कमिटी का पे-स्लिप और बैंक रिफरेंस नंबर का प्रयोग करना जरूरी है।

### स्कूल ऐसी कोई प्रथा न अपनाएं कि बच्चों को शारीरिक दंड सहना पड़े : प्रियंक कानूनगो

**रांची।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने सभी राज्यों के स्कूली शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखा है। पत्र लिख कर कहा है कि पिछले कुछ वर्षों में मीडिया रिपोर्टों के माध्यम से देखा जा रहा है कि त्योहारों के उत्सव में बच्चों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। ये उत्पीड़न स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। आगे उन्होंने कहा कि स्कूल में रक्षाबंधन के त्योहार के दौरान बच्चों को राखी या तिलक या मेहंदी लगाने की अनुमति नहीं देते हैं और उन्हें शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से प्रताड़ित किया जाता है। मालूम हो कि आरटीई अधिनियम, 2009 की धारा 17 के तहत स्कूलों में शारीरिक दंड निषिद्ध है। स्कूल ऐसी कोई प्रथा नहीं अपनाएं, जिससे बच्चों को शारीरिक दंड या भेदभाव का सामना करना पड़े।

### जेपीएससी पीसीएस के लिये आवेदन शुरू, 29 फरवरी अंतिम तिथि

**रांची।** झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के लिये गुरुवार से आवेदन लिये जा रहे हैं। झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) की ओर से एक फरवरी से इसके लिये आवेदन लिये जायेंगे। आयोग की ओर से सिविल सेवा परीक्षा 2023 के लिए अधिसूचना 27 जनवरी को जारी की गयी थी। इस बार झारखंड पीसीएस परीक्षा 342 पदों के लिए किया जाना है। झारखंड सिविल सेवा परीक्षा 2023 के लिए आवेदन के लिए उम्मीदवारों को जेपीएससी के आधिकारिक वेबसाइट से आवेदन कर सकते है। फिर उम्मीदवारों को होम पेज पर दिए गए लिंक से ऑनलाइन अप्लीकेशन सेक्शन में जाना होगा। इसके बाद उम्मीदवार इस पेज पर एक्टिव किए जाने वाले लिंक के माध्यम से संबन्धित एप्लीकेशन पेज पर जाकर अपना आवेदन सबमिट कर सकेंगे। झारखंड लोक सेवा आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार आवेदन के लिए उम्मीदवारों को किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या किसी अन्य उच्च शिक्षा संस्थान से किसी भी विषय में स्नातक डिग्री उत्तीर्ण होना चाहिए। साथ ही, उम्मीदवारों की आयु 21 वर्ष से कम तथा 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। न्यूनतम आयु सीमा की गणना तिथि 1 अगस्त 2024 और अधिकतम आयु सीमा की गणना तिथि 1 अगस्त 2017 निर्धारित की गयी है। अधिकतम आयु सीमा में झारखंड के आरक्षित वर्गों के उम्मीदवारों को राज्य सरकार के निर्धारित नियमों के अनुसार छूट दी जाएगी। आवेदन की अंतिम तिथि 29 फरवरी है. अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिये जेपीएससी के आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी जानकारी ले सकते है।

## ओबीसी, एससी-एसटी वर्ग के नेताओं को टारगेट कर रही भाजपा : रानी

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष रानी कुमारी ने कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार गैर-भाजपा शासित राज्यों के ओबीसी, एससी-एसटी वर्ग के नेताओं को टारगेट कर रही है। झूठे, मनगढ़ंत और बेबुनियाद आरोप लगाकर सत्तासीन सरकार को सत्ता से बेदखल करने की साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार देश की सभी संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। देश के संघीय ढांचे को भी छिन्न-भिन्न किया जा रहा है। भाजपा द्वारा गैर भाजपा-शासित राज्य सरकारों को अस्थिर करने की साजिश जारी है। पहले महाराष्ट्र, फिर बिहार और अब झारखंड में भाजपा द्वारा राज्य सरकार को अस्थिर करने में भाजपा जुटी है। बिहार में तिकड़म कर राजद-जदयू गठबंधन की सरकार को सत्ता से बेदखल करने में भाजपा सफल रही। लेकिन भाजपा को यह शायद नहीं पता कि लालू प्रसाद यादव द्वारा स्थापित राष्ट्रीय जनता दल का बिहार में जनाधार है। जनता ने तेजस्वी यादव के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। आने वाला समय राजद का होगा। रानी कुमारी ने निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दृढ़ संकल्प की सराहना की।

# राज्य की राजनीति में दिनभर रहा उथल पुथल और गहमागहमी का माहौल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** झारखंड की राजनीति में 1 फरवरी का दिन काफी उथल-पुथल भरा रहा। दिनभर राजनीतिक अटकलों का दौर जारी रहा। सबसे बड़ा सवाल ये था कि आखिर कब हेमंत सोरेन की कोर्ट में पेशी होगी और राज्यपाल की ओर से सरकार बनाने का न्यौता कब आएगा। हालांकि, ईडी की कार्रवाई के खिलाफ हेमंत सोरेन की ओर से हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका को लेकर इस बात की चर्चा भी जोरों पर थी कि क्या कोर्ट इस पर संज्ञान लेगा। इन्हीं सब गहमागहमी में एक फरवरी का दिन गुजरा। 31 जनवरी की देर रात हेमंत सोरेन को ईडी ने हिरासत में लिया था और पूरे दिन इस बात को लेकर अटकलें चलती रहीं कि हेमंत सोरेन कब कोर्ट में पेश होने पहुंचेंगे। हालांकि, यह पहले से ही तय था कि दोपहर में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों द्वारा हेमंत सोरेन को पीएमएलए कोर्ट में पेश किया जाएगा और लगभग उसी समय ईडी कार्यालय से उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने कोर्ट में अपनी बात रखते हुए हेमंत सोरेन को 10 दिन की रिमांड पर देने की मांग की थी। हालांकि, महाधिवक्ता ने इसका विरोध किया। एक घंटे से अधिक समय तक चली सुनवाई में हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया और ईडी द्वारा मांगी गयी 10 दिन की रिमांड पर फैसला सुरक्षित रख लिया गया। इस संबंध में महाधिवक्ता ने बताया कि हमने कोर्ट के समक्ष यह बात रखी थी कि जिस जमीन के मामले में हमें दोषी बनाया गया है, उस पर हमारा कोई कब्जा नहीं है और न ही वह जमीन हमारे नाम पर है। हमने कोर्ट को यह भी बताया कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने गलत तरीके से हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है। इसके बाद कोर्ट ने हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले पर 2 फरवरी को दोबारा सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन की ओर से दो अर्जी दाखिल की गई है, जिसमें एक अर्जी पहली रांची हाई कोर्ट में दी गई और दूसरी अर्जी सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई। हालांकि, रांची हाई कोर्ट में दायर याचिका 1 फरवरी को ही वापस ले ली गई, जिसमें कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका दायर की गई है और इसकी सुनवाई 2 फरवरी को होनी है, इसलिए इस याचिका को वापस लिया जा रहा है। हेमंत सोरेन से जुड़े मामले पर 2 फरवरी को हाई कोर्ट में सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन की ओर से कपिल सिब्बल इस मामले को देख रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में भी यही बात कही गई है कि प्रवर्तन निदेशालय ने जिस पूरी प्रक्रिया में हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया है, वह पूरी प्रक्रिया गलत है।

### आज का दिन भी काफी अहम

2 फरवरी का दिन भी झारखंड की राजनीति के लिए बेहद अहम है। क्योंकि इस दिन कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। फिलहाल राजभवन की ओर से चंपई सोरेन को सरकार बनाने को लेकर कोई सूचना नहीं दी गयी है। ऐसे में माना जा रहा है कि राजभवन से बुलावा आने में वक्त लगेगा। विधायकों को रांची से हैदराबाद भेजा गया है। ऐसे में 2 तारीख का दिन भी काफी अहम होगा और सभी की नजरें इस बात पर टिकी होंगी कि राज्यपाल 2 फरवरी को सरकार बनाने के लिए बुलावा भेजते हैं या नहीं।


कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग
ई-अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा सं0 :- 11/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG दिनांक :- 01.02.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।
कार्य की विवरणी :-

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रुपया में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/HAZ/MMGSY/21/ 2023-24 | कटकमसांडी | पंचायत-कटकमसांडी बसंतपुर आर0 ई0 ओ0 पथ से खेरका तक पथ निर्माण कार्य (लं0-1.120 कि0मी0) | 1,16,88,100/- | एक करोड़ सोलह लाख अठासी हजार एक सौ रुपये मात्र | 9 (नौ) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :-08.02.2024 ।
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-15.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
4. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय-16.02.2024 अपराह्न 05.30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता :-कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग ।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0-06546-265286 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग।
PR 317644 Rural Work Department(23-24)D



कार्यालय: जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

अति अल्पकालीन आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसधारण को सूचित किया जाता है कि मत्स्य बीज लेने वाले इच्छुक व्यक्ति जिन्होंने मत्स्य बीज उत्पादक का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त कर लिये हो, वो जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में संपर्क स्थापित कर कॉमन कार्प मत्स्य बीज (स्पॉन) का उठाव 90 प्रतिशत अनुदान पर कर सकते हैं।

जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा
PR 317604 Lohardaga (23-24)_D



कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची
अति अल्पकालीन ई-पुर्ननिविदा आमंत्रण सूचना
(PR 314982 (REO)23-24*D)

पत्रांकः- दिनांक-

अति अल्पकालीन ई-पुर्ननिविदा संख्याः-13/RE/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | RWD/RANCHI/ 18/ STPKG/02/ 2023-24 | हुलसु पथ से गोपालपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0-1.300 कि0मी0)<br>डुरू से सकरपुर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0-4.500 कि0मी0)<br>ग्राम तपकारा से पी0एम0जी0एस0वाई0 पथ से महुगांव पी0डब्ल्यू0डी0 पथ तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0-1.020 कि0मी0)<br>ककरिया से कोईसारा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0-3.750 कि0मी0)<br>बिरसा चौक से बंकाकेरा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0-5.690 कि0मी0)<br>सरसा मेन रोड से साई मंदिर पी0डब्ल्यू0डी0 रोड भाया प्राथमिक विद्यालय सरसा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0-0.900 कि0मी0)<br>बिरामकेल से पाण्डू तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0-3.200 कि0मी0)<br>जातलोया पी0डब्ल्यू0डी0 पथ से सरंगलोया चौक तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (ल0-4.590 कि0मी0) | 11,20,14,800.00 | ग्यारह करोड़ बीस लाख चौदह हजार आठ सौ रूपये मात्र। | 15 माह | तृतीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:-03.02.2024
2. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः-12.02.2024 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-15.02.2024 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः- कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0- 0651-2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची
PR 317593 REO(23-24)D


# हैदराबाद नहीं जा पाये महागठबंधन के विधायक

### कम विजिबिलिटी के कारण उड़ान नहीं भर पाया स्पेशल विमान सर्किट हाउस लौटे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**राजभवन में गहमागहमी :** सियासी घमासान के बीच राजभवन में भी दिन भर गहमागहमी रही। सुरक्षा व्यवस्था भी बेहद कड़ी कर दी गई। पूरे दिन सबकी निगाहें राजभवन पर टिकी रहीं। खासकर इस मुद्दे को लेकर कि राजभवन से सरकार बनाने का बुलावा कब आएगा। पूरे दिन के इस सियासी सफर के बाद तय हुआ कि सरकार बनाने को लेकर कोई फैसला नहीं लिया जाएगा क्योंकि सलाह-मशविरे के बाद ही चीजें साफ होंगी।

**रांची।** महागठबंधन द्वारा विधायकों को झारखंड से हैदराबाद भेजने की तैयारी थी। सभी विधायक एयरपोर्ट पहुंच भी गये थे, लेकिन एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने कम विजिबिलिटी के कारण स्पेशल विमान को उड़ान भरने की इजाजत नहीं दी। सभी विधायक वापस सर्किट हाउस लौट गये। सूत्रों की मानें तो शुक्रवार को महागठबंधन के विधायक हैदराबाद जा सकते हैं।

इससे पहले, दिनभर चर्चा रही कि विधायकों को गैर-बीजेपी शासित राज्यों में भेजा जा सकता है। जिसमें सबसे सुरक्षित यह माना जा रहा था कि उन्हें तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद भेजा जाये। हालांकि, राज्यपाल से 5:30 बजे का समय मिलने के बाद यह तय हुआ कि अब विधायकों को 5:30 के बाद ही कहीं भेजा जाएगा। 5:30 झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल द्वारा महागठबंधन के विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद चंपई सोरेन ने दूसरी बार राज्यपाल से मुलाकात की और उनसे सरकार बनाने का अनुरोध किया। लेकिन राज्यपाल की ओर से उन्हें सरकार बनाने का निमंत्रण नहीं मिला और उन्हें बताया गया कि इस पर अभी विचार-विमर्श चल रहा है। आपको जल्द ही बुलाया जाएगा. इसके बाद शाम करीब 7:00 बजे सभी विधायकों को रांची से हैदराबाद जाने के लिए एयरपोर्ट भेजा गया। वहां इजाजत नहीं मिलने के कारण वे नहीं जा सके।

**रिमांड के लिए फैसला आज :** 2 फरवरी इसलिए भी अहम है क्योंकि कोर्ट को ईडी की अपील पर फैसला देना है। माना जा रहा है कि कोर्ट 2 फरवरी को हेमंत सोरेन की रिमांड की तारीख तय करेगा। हालांकि ईडी ने हेमंत सोरेन की 10 दिन की रिमांड की मांग की है, लेकिन अब देखना यह है कि कोर्ट क्या फैसला सुनाता है। 2 फरवरी को सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन के मामले में होने वाली सुनवाई भी बेहद अहम होने वाला है।

### बुनियादी ढांचे का विकास वाला बजट : आशीष बत्रा



**रांची।** गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम बजट 2024 पर ईएसएल स्टील लिमिटेड के सीईओ आशीष गुप्ता की प्रतिक्रिया ने कहा कि अंतरिम बजट औद्योगिक लागत कम करने, देश में बुनियादी ढांचे की विकास और निरंतरता पर ध्यान केंद्रित करने वाला है। ये बजट कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण,पर्यावरण, लॉजिस्टिक्स और बुनियादी ढांचे को अग्रसारित करेगा। कुल मिलाकर, ये साकारात्मक भावना पैदा करता है।

## सुप्रीम कोर्ट का झारखंड सरकार को निर्देश, सफल अभ्यर्थियों की जिला जज पर की जाये नियुक्ति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को जिला जज भर्ती परीक्षा के रिजल्ट में गड़बड़ी की जांच की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने राज्य सरकार और झारखंड हाईकोर्ट को निर्देश दिया कि सफल अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जाये। प्राथियों के अधिवक्ता की ओर से बहस के दौरान बताया गया कि वे मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू में सफल हुए हैं। इसके बावजूद सफल उम्मीदवारों की नियुक्ति नहीं की जा रही है।

**इंटरव्यू में सफल होने के बाद भी नहीं हुई नियुक्ति :** दरअसल झारखंड जिला जज भर्ती परीक्षा दो चरणों में ली गयी थी। लिखित परीक्षा 4 सितंबर 2022 को रांची में हुई थी, जिसमें लगभग 2000 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। इस परीक्षा में 66 अभ्यर्थी को 14 फरवरी 2023 को झारखंड हाई कोर्ट ने सफल घोषित किया गया था। जिनका 12, 13 और 14 मार्च 2023 को रांची में इंटरव्यू हुआ था। इंटरव्यू में सफल हुए अभ्यर्थियों सुशील कुमार पांडे, राजीव कुमार, हरिओम कुमार, प्रतीक चतुर्वेदी, रणधीर कुमार सिंह, पिंकी सिंह और अजय शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। जिसकी सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस संजय कुमार की बेंच में हुई।

# शिबू सोरेन का मैं बेटा हूं, संघर्ष हमारे खून में है : हेमंत

### पूर्व मुख्यमंत्री ने गिरफ्तारी से पूर्व जारी किया वीडियो

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी से पर्व एक वीडियो जारी किया। हम उस वीडिया मे कहे गये उनके वक्तव्य को हुबहू छाप रहे हैं।

साथियों जोहार, आज मुझे इडी गिरफ्तार करने आई है। दिन भर हमसे पूछताछ करने के बाद सुनियोजित ढंग से मुझे गिरफ्तार करने का फैसला सुनाया। और किस विषय पर जो मुझसे जुड़ी ही नही है। मुझपर साढ़े एकड़ जमीन का मालिक होने का इनका दावा है। भुइहरी जमीन जो जमीन कभी बिकती ही नही है। कहीं इन्हें कोई सबूत नही मिला। दिल्ली में भी छापेमारी कर हमारी छवि खराब करने की कोशिश की और आज अंततोगत्वा ये सुनियोजित तरीके से दिनभर आये और समय काटे। उनको पता है कि शाम के वक्त कोर्ट कचहरी बंद हो जाता है। उनलोगों ने अपनी योजना के अनुसार मुझे अरेस्ट करने का निर्णय सुनाया। मैं कोर्ट के निर्णय का सम्मान करता हूं। अभी मैं कोर्ट जा रहा हूं, लेकिन मुझे नही लगता है की मुझे इतना वक्त मिलेगा। क्योंकि आपको पता है कि व्यवस्थाएं देश के अंदर किस तरह से चलती है। आज एक लोकप्रिय सरकार एक आदिवासी अपनी ताकत के बल पर जीतकर सरकार बनाकर राज्य की जनता का सेवा कर रहा है। आज लगता है कि ये वक्त अब मेरे लिये खत्म हो रहा है और एक नयी लड़ाई हमें लड़नी पड़ेगी। ऐसे सामंती विचारों के साथ और ऐसे तंत्रों के साथ जो निर्दोश लोगों को गरीब,निरीह, आदिवासी, दलित, पिछड़ों के उपर जो अत्याचार करते हैं। उनको मजबूत करेंगे और उनके लिये संघर्ष भी करेंगे। आज मुझे संभवतः ये लोग अपने कब्जे में ले लेंगे। मुझे उसकी चिंता नही है। शिबू सोरेन का मैं बेटा हूं। संघर्ष हमारे खून में है और संघर्ष करेंगे, लड़ेंगे और जीतेंगे। इस मंसूबे के साथ आज मुझे अरेस्ट करने का इनलोगों ने निर्षय लिया है। और आपको बता दें बड़ी आश्चर्य की बात है कि जिस जमीन को लेकर उन्होंने मुझपर आरोप लगाये और मुझे अरेस्ट कर रहे हैं, जहां पर दूर-दूर तक मेरा कोई भी नाम कहीं से नही है।

बल्कि जो लोग जाली कागज बनाकर, जिनके फर्जी शिकायत के आधार पर मुझे आज फर्जी गिरफ्तार करने का एक षड़यंत्र रचकर ये लोग कामयाब हो रहे हैं, हमें विश्वास है कि आज नहीं कल सत्य की विजय होगी। साथियों समय मेरे पास बहुत कम है। अभी हाल में राजनीतिक षडयंत्र का शिकार बिहार हुआ है। अब ये दूसरे राजनीतिक षड़यंत्र का शिकार झारखंड को बनाना चाहते हैं। लेकिन आप अश्वस्त रहें, हेमंत सोरेन झारखंड के हर व्यक्ति के दिल में है, हर नौजवान के दिल में है, हरेक बुजुर्गो के दिल में है और हरेक बच्चों के दिल में रहेगा।

जिस तरह से बुजुर्ग की सेवा करते हुए नौजवानों को रोजगार देते हुए, महिला सशक्तिकरण को लेकर हमने काम किया। रोजगार सृजन को लेकर काम किया, वह एक लंबा इतिहास लिखेगा। एक लंबा लकीर खींचेगा। आप अश्वस्त रहें सत्य की कभी हार नहीं होती। ये मुझे जरुर थोडा विचलित करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ये बहुत ज्यादा दिन तक चलेगा नहीं। लेकिन जब हम अगली लड़ाई को लेकर तैयार होकर आयेंगे, तो इस मजबूती के साथ आयेंगे कि दुबारा इस तरीके से षड़यंत्र करनेवाले आगे से इस तरह का कदम उठाने से भी हजारों बार इसको सोचना पड़ेगा।

# डीसी-एसएसपी ने शहर में विधि व्यवस्था का लिया जायजा, 150 संवेदनशील इलाके में विशेष चौकसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**रांची।** बदले राजनीतिक परिस्थिति के बाद रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा एवं एसएसपी चंदन सिन्हा ने गुरुवार को राजधानी रांची में विधि व्यवस्था का जायजा लिया। संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए कहा कि पूरे रांची जिले में विधि-व्यवस्था बनी रहे इसे लेकर सभी प्रखंडों सभी थानों में मजिस्ट्रेट तथा पुलिस बल की तैनाती की गयी है। 150 से अधिक प्रतिनियुक्ति स्थल बनाये गये हैं। जहां पर पुलिस फोर्स तथा मजिस्ट्रेट को रखा गया है। भीड़ नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक उपाय किये गये हैं। सभी प्रमुख स्थानों पर पूरी व्यवस्था रखी गई है।

जहां धरना प्रदर्शन की संभावना है, वहां दंडाधिकारी और पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है। सबको जरूरी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं, कि कैसे असामान्य स्थिति पैदा होती है, तो किस प्रकार कार्रवाई की जानी है। जितने भी बंदीधारी हैं, उनसे निपटने के लिए शहर के चारों ओर ड्राप गेट, बैरिटेक लगा दिये गये हैं। ताकि कोई भी आपात स्थिति उत्पन्न होने पर विधि-व्यवस्था अनुकूल बनी रहे। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए कहा कि जितने भी संवेदनशील स्थान हैं, उन जगहों की विधि-व्यवस्था को लेकर 150 से अधिक स्थानों पर पुलिस बल तैनाती की गई है। ताकि किसी भी आपात स्थिति से निपटा जा सके, इसको लेकर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा चुका है।

### विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए सहयोग की अपील

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि विधि-व्यवस्था ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। आम जन-जीवन सबसे ज्यादा आवश्यक होता है, आम लोगों को किसी प्रकार से नुकसान पहुंचाने की कोशिश नहीं करें। विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए जिला प्रशासन का सहयोग करें।

## गैर झारखंडियों पर भरोसा करने का यह नतीजा : राजेंद्र

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने झारखंड के वर्तमान स्थिति पर कहा कि झारखंड के जो भी मुख्यमंत्री होते हैं, गैर झारखंडियों पर भरोसा कर अपने लिए गढा खोद लेते हैं। यह झारखंडियों के लिए सबसे बड़ी त्रासदी है। राजेन्द्र प्रसाद ने यह भी कहा कि हर राजनीतिक पार्टी के लोग मूलवासी सदान और आदिवासी एकता की भावनात्मक बात करते हैं लेकिन वास्तव में मूलवासी सदानों की उपेक्षा करने में वे कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। जिसका परिणाम है कि राज्य का बहुत बड़ा नुकसान हो रहा है। झारखंडी नेताओं को इस बात को समझाना पड़ेगा।

## हेमंत के इस्तीफे के बाद एक फरवरी की राजनीतिक गतिविधियां

18:30 : हैदराबाद के लिए रवाना हुए विधायक नहीं जा पाये, राजेश ठाकुर ने कहा- बहुमत नहीं बिकने देंगे

18:22 : झामुमो और सहयोगी दलों के विधायक बैग एंड बैगेज के साथ रांची एयरपोर्ट पहुंच चुके हैं. माना जा रहा है कि उन्हें चार्टर प्लेन के जरिए हैदराबाद भेजा जाएगा. कुल 38 विधायक चार्टर प्लेन से हैदराबाद जा रहे हैं।

18:19 : राज्यपाल से मुलाकात के बाद चंपई सोरेन बोले कि जल्द सरकार गठन की प्रक्रिया पूरी करने की मांग की गई है। राज्यपाल ने जल्द ही बुलावा भेजने की बात कही है।

18:04 : राज्यपाल से मुलाकात के बाद प्रदीप यादव ने कहा कि राज्यपाल ने महागठबंधन के बहुमत की बात स्वीकार की है। उन्होंने कहा है कि जल्द ही सरकार बनाने के लिए हम आपको आमंत्रित करेंगे। संविधान विशेषज्ञों से कर रहे हैं बात।

17:53 : राजभवन पहुंच कर चंपई सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया।

17:42 : चंपई सोरेन के साथ कांग्रेस नेता आलमगीर आलम भी राजभवन पहुंचे हैं।

17:20 : चंपई सोरेन पहुंचे राज भवन, 5.30 बजे मिलने का मिला था वक्त।

16:17 :एक्स सीएम हेमंत सोरेन को आज ज्यूडिशियल रिमांड पर रांची के होटवार जेल भेजा जा रहा है। ईडी की रिमांड पर शुक्रवार को फिर सुनवाई होगी।

16:12 : सीता सोरेन दिल्ली से पहुंचीं रांची। एयरपोर्ट से सीधे सर्किट हाउस के लिए हुई रवाना।

15:30 : चंपई सोरेन को राज्यपाल ने दिया समय। 5.30 बजे मुलाकात के लिए बुलाया। 5 विधायकों के साथ राज्यपाल के पास जाएंगे चंपई सोरेन।

14:50 : चम्पई सोरेन ने राज्यपाल से फिर मांगा समय। 3 बजे समय देने का किया है अनुरोध।

:14:46 :हेमंत सोरेन कोर्ट में पेश किया गया है। ईडी ने मांगा 10 दिनों का रिमांड।

14:32 :हेमंत सोरेन को ईडी कोर्ट में किया गया पेश।

14:15 :हेमंत सोरेन ईडी ऑफिस से निकल चुके हैं। कोर्ट में होगी पेशी।

14:07 : दो चार्टर्ड प्लेन कुछ देर में रांची एयरपोर्ट पहुंचेंगे। एक चार्टर्ड 10 सीटर का होगा, दूसरा चार्टर्ड 33 सीट का होगा। पहला चार्टर्ड ढ़ाई बजे पहुंचेगा। दूसरा चार्टर्ड विमान तीन बजे रांची उतरेगा।

13:54 : कोर्ट में 100 से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया। डीसी और एसएसपी पहुंचे हैं ईडी कार्यालय। ईडी कार्यालय के पास गतिविधि हुई तेज।

13:45 :हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा के बाद उनके प्रधान सचिव 1999 बैच के आइएएस विनय कुमार चौबे ने सीएम के प्रधान सचिव के साथ-साथ नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव के अतिरिक्त प्रभार वाला पद छोड़ दिया है।

13:24 :सर्किट हाउस के अंदर बस ले जाई गयी। राजभवन को सरकार बनाने के लिए दोबारा रिमाइंडर भेजा गया।

13:24 :विमानों का परिचालन हुआ शुरू, करीब 1 बजे से बढ़ी विजिबिलिटी।

13:24 :रांची के उपायुक्त राहुल सिन्हा और एसएसपी पहुंचे कोर्ट परिसर, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा।

12:57 :भाजपा विधायक दल की 2 फरवरी को बैठक बुलाई गई है। दोपहर 1 बजे से होगी। मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा होगी।

12:54 :थोड़ी देर में हेमंत सोरेन को लाया जाएगा पीएमएलए कोर्ट, कोर्ट परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई।

12:41 :ईडी कार्यालय के बाहर सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन और बसंत सोरेन की पत्नी के साथ एक और महिला कुछ देर तक गाड़ी में बैठकर करती रही इंतजार।

12:31 :हेमंत सोरेन की याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होगी। ईडी की कार्रवाई को दी है चुनौती।

11:12 :कल्पना सोरेन पहुंचीं ईडी ऑफिस. जेएच01- 1101 नंबर की इनोवा कार से ईडी कार्यालय पहुंची कल्पना सोरेन।

10:10 : सीआरपीएफ के बड़े अधिकारी डीआईजी निशांत कुमार ईडी कार्यालय पहुंचे. सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा।

10:09 :सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सत्ताधारी दल के विधायकों को हैदराबाद शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है। विशेष चार्टर्ड विमान से सभी विधायकों को भेजने की तैयारी की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार कुल 35 विधायकों को भेजा जाएगा। जबकि कुछ करीबी विधायक रांची में ही रह सकते हैं। रांची एयरपोर्ट के विश्वसनीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 10:30 बजे तक विशेष चार्टर्ड विमान भी आ रहा है। चार्टर्ड विमान आने की सभी कागजी प्रक्रिया पूरी कर दी गई है। मौसम खराब होने की वजह से विमान आने में देरी हो सकती है।

09:32 : अभी सभी सत्तारूढ़ विधायक सर्किट हाउस में हैं।

09:31 : हाईकोर्ट के जानेमाने अधिवक्ता धीरज कुमार ने मुख्यमंत्री के इस्तीफा और अब तक राजभवन से स्थिति स्पष्ट नहीं होने को राज्य में सरकार का नहीं होना बताया है। उन्होंने कहा है कि चुंकि चंपई सोरेन के नेतृत्व में किए गए दावा पेश पर राजभवन स्थिति स्पष्ट नहीं है, ऐसे में निर्वाचित सरकार कोई नहीं है। राज्यपाल संवैधानिक रुप से राज्य के कस्टोडियन हैं, वो इस पर मंथन कर रहे होंगे। आज दोपहर तक स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए।

09:20 : हेमंत सोरेन को आज ईडी कोर्ट लाया जाएगा। जानकारी के अनुसार डेढ़ बजे के करीब ईडी कोर्ट में पेश किया जा सकता है। इससे पहले तमाम तैयारियां की जा रही हैं। ईडी के अधिकारी और अधिवक्ता तैयारी कर रहे हैं। अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट के तमाम जरूरी कागजात तैयार किए जा रहे हैं।

09:02 : ईडी कार्यालय के बाहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम। केंद्रीय बलों को सुरक्षा में लगाया गया. दंगा नियंत्रण वाहन भी सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद।

07:32 : झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बंद को खुद से अलग बताया है, इसके साथ ही पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से संयम बरतने की अपील की गई है।

07:24 : गिरफ्तारी के विरोध में आदिवासी संगठनों ने आज झारखंड बंद बुलाया है। इधर पूरे राज्य में प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है।

07:23 : गिरफ्तारी के खिलाफ सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई होगी। यह सुनवाई सुबह साढ़े दस बजे होगी।

07:22 : सीएम हेमंत सोरेन को आज ईडी कोर्ट में पेश किया जाएगा। कोर्ट से रिमांड की मांग की जाएगी।

07:09 : झारखंड की सियासी हलचल

# पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की हाइकोर्ट में दायर याचिका वापस लेने के मामले में बहस 5 को

- **इडी ने जवाब के लिए मांगा समय**
- **एएसजीआइ एसवी राजू ने याचिका वापस लेने के हेमंत सोरेन के आइए पर जतायी आपत्ति कहा- इस आइए पर वे देंगे जवाब**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ईडी की कार्रवाई के खिलाफ पूर्व सीएम हेमंत सोरेन द्वारा हाइकोर्ट में दाखिल क्रिमिनल रिट को वापस लेने के लिए हस्तक्षेप याचिका (आइए) दाखिल की गयी. सुनवाई के दौरान असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया (एएसजीआइ) एसवी राजू ऑनलाइन रूप में दिल्ली से हाइकोर्ट से जुड़े। सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आइए) दाखिल कर कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट में इसी मामले को लेकर एक याचिका दाखिल की गई है, इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने एक स्पेशल बेंच बनाया है। सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन की ओर से ईडी की कार्रवाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई शुक्रवार को होनी है। इसे देखते हुए वह हाइकोर्ट में दाखिल अपनी याचिका को वापस लेना चाहते हैं। इस पर एएसजीआइ एसवी राजू ने आपत्ति जताते हुए कहा कि वह हेमंत सोरेन के हाइकोर्ट से केस वापस लेने के आइए पर जवाब दाखिल करना चाहते हैं। इस पर हाइकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने हेमंत सोरेन के लिए केस वापस लेने के आइए पर बहस के लिए 5 फरवरी की तिथि निर्धारित की। साथ ही मामले में ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। ईडी की ओर से सुप्रीम कोर्ट के एएसजीआइ एसवी राजू के साथ-साथ हाइकोर्ट के अधिवक्ता एके दास ने पक्ष रखा। बता दें कि इसके पहले हाइकोर्ट की प्रथम पाली में मामले की सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से बदली हुई परिस्थिति में कुछ अतिरिक्त दस्तावेज दायर करने के लिए हस्तक्षेप याचिका दाखिल करने के लिए दोपहर 12:00 बजे का समय देने का आग्रह कोर्ट से किया गया था। जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा था कि इस मामले को अर्जेंट बता कर बीती रात ही रजिस्ट्रार जनरल के सामने इस केस को मेंशन किया गया था। इसके बाद इस केस सुनवाई के लिए गुरुवार को सुबह 10:30 बजे निर्धारित किया गया। इस अर्जेंट बताये जानेवाले केस को आधा अधूरा क्यों दाखिल किया गया। इससे प्रतीत होता है कि यह मामला अर्जेंट नहीं था, इसलिए आज इस मामले की सुनवाई कोर्ट नहीं करेगी। हालांकि बाद में हेमंत सोरेन की ओर से इस केस को मेंशन करते हुए हस्तक्षेप याचिका दाखिल कर केस को वापस लेने का आग्रह किया गया था।

## हेमंत से पहले दो पूर्व सीएम जा चुके हैं बिरसा मुंडा जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** होटवार जेल की कहानी भी अजीब है। हेमंत से पहले दो पूर्व सीएम इस जेल में सजा काट चुके हैं। बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद और झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने होटवार जेल में महीनों सजा काटी है। झारखंड के पूर्व सीएम मधु कोड़ा ने लगभग 44 महीनों तक लगातार सजा काटी. 30 नवंबर 2009 से ही रांची के बिरसा मुंडा जेल में बंद थे और लगभग 44 महीने बाद पहली बार 18 अप्रैल 2013 को अस्थायी जमानत पर वह रिहा हुए थे। वहीं बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद लगभग 39 महीने होटवार जेल में बिताए। इसमें राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद 31 महीने अस्पताल में और 8 महीने जेल में सजा काटी। लालू प्रसाद को भी अपर डिवीजन सेल में रखा गया था।

**अब हेमंत होटवार जेल में :** अब पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को होटवार जेल भेजा गया है। गुरुवार को हेमंत सोरेन को ईडी कोर्ट में पेश किया गया। ईडी ने अदालत से 10 दिनों का रिमांड मांगा। ईडी के विशेष जज दिनेश राय ने एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसके बाद हेमंत सोरेन को होटवार जेल भेजा गया, जहां उन्हें अपर डिवीजन सेल में रखा जायेगा। बताते चलें कि बुधवार को ईडी ने लगभग सात घंटे हेमंत सोरेन से पूछताछ की थी। इसके बाद देर शाम ईडी ने उन्हें हिरासत में ले लिया था। गुरुवार को उन्हें ईडी कोर्ट में पेश किया गया। हालांकि हेमंत सोरेन की तरफ से इस बात का विरोध किया गया और यह कहा गया कि उन्हें गलत तरीके से गिरफ्तार किया गया है। लेकिन इस पक्ष को प्रवर्तन निदेशालय की कोर्ट ने नहीं माना। हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता ने कहा कि यह प्रिडिकेट ऑफेंस नहीं है। इस पर ईडी के वकील ने दलील दी कि आईपीसी की धारा 120बी के तहत कार्रवाई जारी है। इसलिए इन्हें कस्टडी में लेना अनिवार्य है। यह कार्रवाई शेड्यूल ऑफ ऑफेंस में आता है। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने हेमंत सोरेन को एक दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

## झारखंड में रेलवे प्रोजेक्ट पर 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक का होगा निवेश

### बनेंगे 383 आरओबी और अंडरपास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** गुरुवार को पेश किए संसद में पेश अंतरिम बजट (2024-25) से झारखंड में रेलवे सेवाओं को और गति मिलने की उम्मीद है। बजट पेश होने के बाद रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने सभी रेलवे जोन के डीआरएम संग ऑनलाइन बैठक कर उन्हें जानकारी दी कि उनके जोन के लिए क्या क्या योजनाएं तय हुई हैं। रेलवे कैसे अपनी सेवाओं, माल ढुलाई, यात्री सुविधाओं के विस्तार के लिए क्या क्या करने जा रहा है। इस बैठक के बाद रांची रेलवे के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने डीआरएम कार्यालय, हटिया में मीडिया को जानकारी देते बताया कि इस बार राज्य के लिए 7234 करोड़ का प्रावधान (रेलवे) किए जाने की सूचना है। 2009 से 2014 के बीच प्रति वर्ष औसतन 457 करोड़ रुपये मिलते थे। अब 16 गुना अधिक प्रावधान हुआ है। पहले राज्य में औसतन 57 किमी रेलवे ट्रैक बनते थे। अब 170 किमी बन रहा है। रेलवे की ओर से यहां अब 40 हजार 73 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट किया जाएगा। इसके अलावा राज्य में 383 रेलवे ओवरब्रिज, अंडरपास का निर्माण किया जायेगा। 57 रेलवे स्टेशनों को रिडेवलप किया जाना है। बाइपास के लिए 43 करोड़ रुपये तय हुए हैं। मौके पर सीपीआरओ निशांत कुमार, रेलवे अधिकारी रमेश सिंह, मनीष कुमार सहित अन्य भी उपस्थित थे।

**लॉजिस्टिक कॉरिडोर से लाभ :** डीआरएम के मुताबिक रेलवे सेवाओं के विस्तार में और गति आने वाली है। तीन खास तरह के कॉरिडोर तैयार होने हैं। इनमें लॉजिस्टिक, एनर्जी कॉरिडोर वगैरह शामिल हैं। ऐसे प्रयासों से रेलवे की माल ढुलाई सुविधाओं में और वृद्धि होगी। सामान (माल) की आवाजाही और अधिक सरलता से हो सकेगी और व्यापार में वृद्धि होगी। देश भर में बिजनेस बढ़ेगा. रांची रेलवे के अंतर्गत लोधमा-पिस्का रेलवे लाइन पर और निवेश होगा। मुरी-बरकाकाना रेलवे लाइन तथा बंडामुंडा-हटिया के डबलिंग का काम होगा।

## इडी की गिरफ्त में जाने से पहले सीएम की विधायकों को मार्मिक चिट्ठी, कहा

# मां-बाबा का ख्याल रखेंगे और भाई पर भी स्नेह बनाये रखेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के निवर्तमान मुख्यमंत्री हमेंत सोरेन ने इडी की गिरफ्त में जाने से पहले गठबंधन के विधायक और मंत्रियों को पत्र लिखा था। इस पत्र की हु-ब-हु कॉपी को प्रकाशित करने का प्रयास खबर मन्त्र ने किया है। हेमंत सोरेन ने लिखा है कि माननीय विधायकगण, आप अवगत हैं कि कल दिनांक 30.01.2024 को पार्टी विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया था कि किसी विपरीत परिस्थिति में अगर मुझे नेता विधायक दल का अपना पद छोडना पड़ा, तो उस परिस्थिति में विधायक दल के नये नेता का चयन मेरे द्वारा किया जायेगा, जो सर्वमान्य होगा। उपरोक्त प्रस्ताव पर सभी गठबंधन दल के विधायकों की बैठक में भी सहमति जतायी गयी थी। आज मैं ईडी के सम्मन के अनुपालन में उपस्थित होने जा रहा हूं। अगर मुझे गिरफ्तार कर लिया जाता है। ऐसी परिस्थिति में मैंने सम्यक विचारोपरांत भी चम्पाई सोरेन को विधायक दल का नया नेता नामित करने का निर्णय लिया है। विधायक दल की बैठक में इन्हें विधिवत रुप से विधायक दल का नेता चुनने के उपरांत सभी सहयोगी दलों के नेताओं के साथ उनका समर्थन पत्र लेकर नये नेता के नेतृत्व में आप सभी विधायकगण माननीय राज्यपाल के समक्ष जाकर नयी सरकार के गठन का दावा पेश करेंगे एवं अपनी चप्तानी एकता का परिचय देते हुए नई सरकार के गठन तक राँची में उपस्थित रहेंगे। अन्त में, आप सबों के सहयोग, प्यार और आशीर्वाद से मैंने चार वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में सरकार को सफल नेतृत्व देने का यथासंभव प्रयास किया। जनहित के भी बहुत सारे कार्यों को पूरा किया। यह सब आपके सहयोग एवं समर्थन के बिना संभव नहीं था इसके लिए मैं आप सबका सदा आभारी रहूंगा। चलते-चलते यह भी अनुरोध करना चाहूंगा कि आप सब मेरी अनुपस्थिति में मेरे परिवार, मेरे पूज्यनीय पिता दिशोम गुरु श्री शिबू सोरेन जी एवं माताश्री जिनका स्वास्थ्य ठीक नहीं है, उनका भी ख्याल रखेंगे एवं मेरे छोटे भाई पर भी अपना स्नेह बनाये रखेंगे।

## केंद्रीय बजट से जुड़ी प्रतिक्रियाएं

### 10वर्षों में देश के विकास की नई ऊंचाई का बजट : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को संसद में पेश अंतरिम बजट केलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि इस अंतरिम बजट में मोदी सरकार की पिछले 10वर्षों की विकास गाथा है। 2047के विकसित भारत की रूप रेखा है।गांव,गरीब ,किसान,महिला ,युवा सभी वर्गों के उत्थान की सोच है। कहा कि बजट में स्पष्ट नीति और नीयत की झलक है। श्री मरांडी ने कहा कि यह अंतरिम बजट विकास के दशक का बजट है जिसमे 25करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। 3करोड़ लोगों को पक्का छत दिया है।

### बजट सिर्फ झूठ का पुलिंदा : राजेश ठाकुर



**रांची।** अंतरिम बजट पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रतिक्रिया देते हुए बताया कि बजट सिर्फ झूठ का पुलिंदा है और कोई सारगर्भित बात नहीं की गयी है। बजट भाषण में इन्फ्रास्ट्र र में तेज विकास बताया जबकि वस्तुस्थिति यह है कि 837 इन्फ्रास्ट्र^ र औसतन 37 महीने के विलंब से चल रहे, जबकि कुछ प्रोजेक्ट तो 59 महीने के विलंब से है। संसद में पूछे गये प्रश्न में सांख्यिकी मंत्रालय के लिखित उत्तर में यह बात कही गई थी। इसी तरह भाषण में रोजगारों की वृद्धि पर कहा कि इपीएफओ के आंकड़ों में नवंबर महीने में 5 प्रतिशत की गिरावट देखी गई और यह गिरावट पिछले चार महीने से जारी है। ये आंकड़े भी सांख्यिकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी किया गया है। पिछले 10 सालों में सरकार ने जितने वादे किए गए, उनमें से कितने पूरे हुए? कितने बाकी हैं? बजट में उन वादों का कोई ज़िक्र नहीं था।

### केंद्रीय बजट 2023-24 स्वागत योग्य है : पुरोहित



**रांची।** अभाविप के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष शुभम पुरोहित ने बताया कि केंद्रीय बजट 2023- 24 स्वागत योग्य है। जिस प्रकार से तिलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिये रणनीति तैयार की जाएगी ये अद्भुत है साथ ही पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास एवम नैनो डीएपी का विभिन्न फसलों में छिड़काव के लिए विस्तार किया जाएगा साथ ही देश के 1.4 करोड़ युवाओं को कौशल भारत मिशन का लाभ भी इस बजट में के माध्यम से मिलेगा ग्रामीण जनमानस को मुफ्त राशन से 80 करोड़ लोगों की खाने की चिंता हुई खत्म ये भी स्वागत योग्य है।

### यह बजट विकसित भारत बनाने के लिए आगे बढ़ने का संकल्प है : अजुर्न मुंडा



**रांची।** यह एक अंतरिम बजट है। गरीब, महिलाएं, युवा और हमारे अन्नदाता किसान भाइयों पर विशेष जोर देते हुए पंचामृत लक्ष्यों के अनुरूप आर्थिक नीति को ध्यान में रखकर विकसित भारत बनाने के लिए आगे बढ़ने का संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को ध्यान में रखकर 2047 तक विकसित भारत बनाने पर केंद्रित है। बजट में इंफ्रास्ट्र^ र, सोशल सेक्टर, कृषिऔर ब्लू इकोनॉमी पर विशेष जोर है।भारत अभी विश्व की सबसे मजबूत और तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है।मोदी सरकार ऐसी आर्थिक नीतियां अपनाएगी जो विकास की रफ्तार को आगे बढ़ाएगी। कुल मिलाकर यह कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत यह अंतरिम बजट आत्मविश्वास के लिए भी जानी जाएगी।

### भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता से भरा : अन्नपूर्णा देवी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कोडरमा की सांसद अन्नपूर्णा देवी ने संसद में प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2024-25 की सराहना की है। उन्होंने कहा कि भले ही यह अंतरिम बजट है लेकिन इस अल्पावधि के बजट में भी विकसित भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता स्पष्ट प्रतिबिम्बित होती है। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि संसद में आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी द्वारा प्रस्तुत अंतरिम आम बजट प्रगतिशील, विकासोन्मुख और लोककल्याणकारी है। इसमें समाज के सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। यह बजट गांव, गरीब, युवाओं और महिलाओं के कल्याण का बजट है। यह शानदार, दूरदर्शी और विकास को प्रोत्साहित करनेवाला विकसित भारत बजट है।

### अंत्योदय से सर्वोदय की सोच का अंतरिम बजट : बिरंची



**भ्रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज पार्टी के आर्थिक प्रकोष्ठ की ओर से संसद में प्रस्तुत अंतरिम बजट को सुना गया, जिसमें आर्थिक क्षेत्रों के विशेषज्ञ, सीए, सीएस,शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ,अधिवक्ता ,चिकित्सक उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जेपी शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के मुख्य सचेतक विधायक बिरंची नारायण ,प्रदेश कोषाध्यक्ष दीपक बंका प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक,प्रवक्ता प्रतुल शाह देव,सह मीडिया प्रभारी अशोक बड़ाइक सहित सैकड़ों उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक बिरंची नारायण ने कहा कि यह अंतरिम बजट अंत्योदय से सर्वोदय की विकास यात्रा का अंतरिम बजट है।

### युवाओं के लिए कुछ भी बजट में नही है : विश्वकर्मा

**रांची।** जेएमएम छात्र नेता अजीत विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार की अंतरिम बजट में विद्यार्थियों के लिए कोई खास प्रावधान नहीं दिया गया। केन्द्रीय उच्च शिक्षा में महिलाओं का नामांकन 28 प्रतिशत तक बढ़ा। वहीं स्टेट में पाठ्यक्रमों में छात्राओं एवं महिलाओं का 43 प्रतिशत बढ़ी। लेकिन नौकरी कितनी बढ़ेगी इसपर कुछ भी नही है। झारखंड के युवाओं की उम्मीद रांची विश्वविद्यालय तथा रक्षा शक्ति विवि को केंद्रीय विवि का दर्जा मिले।

### ऐतिहासिक बजट है : सांवरमल

रांची। झारखंड बीजेपी के प्रदेश पूर्व प्रदेश प्रभारी सांवरमल अग्रवाल ने गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2024 2025 केंद्रीय बजट देश के विकास किसने विकास किसने युवाओं गरीबों महिलाओं रोजगार एवं शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्र के में आधारभूत संरचना बढ़ावा देने वाला एवं विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सुखदेव करने वाला ऐतिहासिक बजट है। इस बजट में मध्यम वर्ग के शहरी की में किराए में रहने वाले 2 करोड़ से अधिक लोगों के लिए आवास की व्यवस्था की जाएगी 55 लाख मछुआरों को रोजगार देने की व्यवस्था की जाएगी सरवाइवर कल कैंसर से सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित लड़कियों को वोट में तक दिए जाएंगे एक करोड़ परिवारों को रूप सोलर लाइट के माध्यम से 300 यूनिट बिजली फ्री दी जाएगी।

### बजट में महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए विशेष योगदान देना सराहनीय पहल



**रांची।** भाजपा नेत्री कुमुद झा ने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024 का एलान कर दिया है। यह बजट अंतरिम था और इससे बहुत ज्यादा लोगों को उम्मीद नहीं थी, लेकिन चुनावी साल को देखते हुए साल ने अंतरिम बजट में भी महिलाओं, मध्यम वर्ग और करदाताओं के लिए कई बड़े एलान किए हैं। आसान भाषा में समझते हैं कि सरकार ने अंतरिम बजट में विभिन्न वर्गों को क्या दिया है। आंगनवाड़ी कर्मचारियों को आयुष्मान भारत की सुविधा। आयुष्मान भारत में कवर होंगी आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं शिशु देखरेख की योजनाओं को व्यापक कार्यक्रम के अंतगर्त लाया गया। सर्वाइकल कैंसर को रोकने के लिए मोदी सरकार लेकर आई टीकाकरण। लड़कियों को इस बीमारी से बचाने के लिए मुफ्त टीकाकरण दिया जाएगा। नए यू-विन प्लेटफॉर्म से तेज होगा टीकाकरण। हेल्थ सेक्टर में देश के मेडिकल कॉलेज में सुविधाएं बढेंगी। मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए नई समिति का होगा गठन।

### वर्ष 2024 का अंतरिम बजट चुनावी वर्ष में आया ठोस बजट

रांची। अध्यक्ष रांची विश्वविद्यालय अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के अध्यक्ष अभिषेक शुक्ला ने कहा कि वर्ष 2024 का अंतरिम बजट चुनावी वर्ष में आया हुआ ठोस बजट है जो सरकार के आत्मविश्वास को दर्शा रहा है। बजट में युवा वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिये व्यापक प्रावधान किये गये हैं। अनुसंधान के क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा किया गया प्रावधान शिक्षा और रोजगार में व्यापक परिवर्तन लाने का माद्दा रखता है। यह बजट स्वागत योग्य है।

### केंद्र सरकार का आम बजट जनता के साथ धोखा : रानी कुमारी

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की अध्यक्ष रानी कुमारी ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा गुरुवार को पेश किए गए आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट आम जनता के साथ धोखा है। इसमें किसानों ,युवाओं, महिलाओं के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं किया गया है। लोक-लुभावन बजट आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा द्वारा प्रायोजित है। घरेलू बजट से महिलाएं त्राहिमाम कर रही है। घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में कमी नहीं की गई। न ही महिलाओं को कोई राहत दी गई। इसी प्रकार देश के युवा वर्ग को रोजगार मुहैया कराने की दिशा में भी बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर बजट आम जनता के लिए छलावा है।

### अंतरिम बजट में दूरदर्शिता का अभाव : शशि भूषण राय



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि भूषण राय ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा प्रस्तुत किए गए अंतरिम बजट 2024 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट में वित्त मंत्री ने देश की आर्थिक समस्याओं से जुड़े किसी भी समाधान के लिए कुछ ठोस कदम नहीं उठाया हैं। बजट सिर्फ एक चुनावी भाषण की तरह प्रस्तुत किया गया है। जिसमें दूरदर्शिता का आभाव है। बजट में देश में चल रहा है आर्थिक संकट को नजरअंदाज किया गया है। आज जनता महंगाई और युवा बेरोजगारी से परेशान हैं। इसके लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिससे देश में महंगाई कम हो सके और युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर मिल सके। केंद्र की सरकार अपने मूल कार्य को छोड़कर गैर भाजपा शासित राज्यों को किसी न किसी तरीके से परेशान कर रही है और राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से डरी हुई है। इसके बावजूद इंडिया गठबंधन चप्तान की तरह एकजुट है और जनता के कल्याण और देश हित में किसी भी हद तक जा सकते हैं।

## आज का राशिफल
### 02 फरवरी 2024

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : शिशिर। **सूर्य** उत्तरायण। **मास** : माघ, **पक्ष** : कृष्ण, **तिथि** : सप्तमी 16:03 बजे समाप्त। **नक्षत्र** : स्वाति 05:57 बजे प्रात: में समाप्त। **योग** : शूल 12:54 बजे समाप्त। **करण** : बव 16:03 बजे तक, तदनंतर बालव 04:48 बजे प्रात: में समाप्त। **सूर्य** : मकर राशि में। **चंद्रमा** : तुला राशि में दिन-रात। **दिशाशूल** : पश्चिम।

**मेष** : योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-7-9

**वृष** : व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-4-6-8

**मिथुन** : लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। शुभांक-5-7-9

**कर्क** : सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। शुभांक-2-5-8

**सिंह** : अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। आय-व्यय की स्थिति सामान्य रहेगी। शुभांक-1-3-5

**कन्या** : बुरी संगति से बचे। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। शत्रुहानि की आशंका रहेगी। शुभांक-3-5-7

**तुला** : कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। शुभांक-3-5-8

**वृश्चिक** : नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें। शुभांक-6-7-8

**धनु** : कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंग। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा। शुभांक-1-4-6

**मकर** : भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** : जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-4-6

**मीन** : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-5-7-9

# संगठन में कार्यकर्ता से बड़ा कोई पद नहीं : आशा लकड़ा

## भाजपा रांची महानगर जिला के नवनियुक्त अध्यक्ष वरुण साहु के पदभार ग्रहण समारोह का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर जिला के नवनियुक्त अध्यक्ष वरुण साहु के पदभार ग्रहण समारोह निवर्तमान जिलाध्यक्ष केके गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस अवसर पर उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री पूर्व महापौर आशा लकड़ा ने कही। उन्होंने कहा कि रांची महानगर संगठन आप सामने बैठे असंख्य कार्यकताओं के दिन रात की मेहनत और समर्पण से बहुत मजबूत संगठन रहा है। मुझे विश्वास है यहां बैठे निवर्तमान एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ने बहुत परिश्रम एवं लगन से रांची महानगर को जिस आदर्श मुकाम पर पहुंचाया है जिसे अब नवनियुक्त जिलाध्यक्ष उसमें और चार चांद लगाने का कार्य करेंगें। स्थानीय विधायक सीपी सिंह ने कहा कि आने वाले हर कार्यक्रम में यहां उपस्थित सभी कार्यकर्ता ऐसे ही उपस्थित रहें। इसमें कोई बहाना नहीं करें कि इस कारण हम शामिल नहीं हो पाएं, तभी हम सच्चे कार्यकर्ता कहलाएंगे। अध्यक्ष कोई रहे। कल केके गुप्ता थे, आज वरुण साहु बने हैं। कार्यकर्ता हम सब ही रहेंगे, क्योंकि सचमुच कार्यकर्ता ही भाजपा में सब कुछ है।

प्रदेश महामंत्री और रांची के प्रभारी मनोज सिंह ने कहा कि संगठन के कई कार्यक्रम अभी चल रहें है, जिसमें प्रत्येक बूथ तक सभी लोगों को लगना है। इसे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष के निर्देश के अनुरूप सफल बनाना आप सभी का दायित्व है। हटिया के विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि पार्टी का दायित्व लेने के बाद इसे नहीं करना अथवा कम करना यह संगठनहित में नहीं है। इसलिए जो दायित्व मिले उसे पूरी सिद्दत एवं ईमानदारी से करें । वहीं, नवनियुक्त जिलाध्यक्ष वरुण साहु ने कहा कि मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को संगठन ने इतनी बड़ी जिम्मेवारी देकर मुझे बहुत बड़ा अपने को सिद्ध करने का अवसर दिया है। मेरे सभी अनुभवी जनप्रतिनिधियों, निवर्तमान जिलाध्यक्ष एवं पूर्व जिलाध्यक्ष एवं और सामने बैठे सैकड़ों कार्यकताओं की बदौलत मैं यह विश्वास दिलाता हूं कि रांची महानगर जिला संगठन को और बुलंदी पर ले जाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। अपने जिलाध्यक्ष का दायित्व नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को समर्पित करते निवर्तमान जिलाध्यक्ष के.के गुप्ता ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने मुझे लगभग 3.5 वर्ष तक जिलाध्यक्ष का दायित्व दिया, जिसे मैंने पूरी लगन ईमानदारी एवं कर्मठता के साथ आप सबके सहयोग से करने का प्रयास किया। जाने अनजाने में मेरे कार्यकाल में मुझसे किसी को किसी प्रकार का दुःख हुआ या मन में ठेस पहुंची हो तो मुझे क्षमा करेंगे। कार्यक्रम में कांके के विधायक समरी लाल,पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह एवं मनोज मिश्रा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री वरुण साहु ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन राकेश सिंह गुड्डू ने किया।




इस कार्यक्रम में सीमा पासवान,अनवर हयात, अमित सिंह,राकेश भास्कर,संदीप वर्मा, रमेश सिंह, राजु सिंह,जितेन्द्र वर्मा,जितेन्द्र सिंह पटेल, रौशन शर्मा, राहुल चौधरी, ओमप्रकाश, रौशनी खलखो,सुजाता कच्छप, नकुल तिर्की, अशोक यादव, देवेन्द्र शर्मा, सोनू सिंह,रोमित नारायण सिंह, अनिता वर्मा, रामलगन राम, अर्जुन मुंडा, प्रमोद शहदेव, विनोद सिंह, सुजाता सिंह,ओमप्रकाश पाण्डेय, सुवेश पाण्डेय, विनोद महतो, संतोष मिश्रा आदि शामिल थे।

## बंगाल रजिस्ट्री कार्यालय से हुए फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी मामले में दो गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बंगाल रजिस्ट्री कार्यालय से हुए फर्जी पॉवर ऑफ अटॉर्नी मामले में सीआईडी ने दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों का नाम समीर घोष और अभिषेक बताया जा रहा है। जिस भूखंड को लेकर कार्रवाई हुई है, वह रांची के पिठोरिया इलाके में स्थित है। जमीन का कुल रकबा(क्षेत्रफल) 7.21 एकड़ है।

जमीन जमुआरी मौजा के खाता नंबर 10,11,33,29 और प्लॉट नंबर138,139,140,142,160,161 और 162 है। जमीन पर खुद का मालिकाना हक बताने वाले सुशांत घोष ने इस सभी लोगों के खिलाफ पिठोरिया थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई है। पिठोरिया थाना में दर्ज प्राथमिकी को टेकओवर करते हुए सीआईडी ने जांच शुरू की है।

प्राथमिकी में कहा गया है कि विमल सिंघानिया ने साजिश के तहत प्रशांत घोष की जगह किसी फर्जी व्यक्ति का इस्तेमाल कर उनकी जमीन की पावर ऑफ एटॉर्नी ले ली। उसके आधार पर प्रशांत घोष की जमीन की खरीद-बिक्री की गयी। रांची में स्थित जमीन की पावर ऑफ एटॉर्नी चौबीस परगना, पश्चिम बंगाल की रजिस्ट्री कार्यालय में 19 अप्रैल 2023 को हुई है।

**म्यूटेशन का आवेदन खारिज :** रजिस्ट्री 9 मई 2023 को हुई है। आ>र्य की बात यह है कि बंगाल में हुए पावर ऑफ एटॉर्नी में पहचान रांची के व्यक्ति ने की है। जमीन की खरीद के बाद उस पर बाउंड्री भी खड़ी कर दी गयी है। म्यूटेशन के लिए आवेदन भी दिया गया था, लेकिन प्रशांत घोष के भाई सुशांत घोष की आपत्ति के बाद म्यूटेशन का आवेदन खारिज कर दिया गया है।

## रांची में बारिश ने बढ़ाई ठंड, तीन से चार डिग्री तक गिरेगा तापमान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची समेत पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य झारखंड के कई हिस्सों में गुरुवार की सुबह-सुबह हुई बारिश के बाद ठंड बढ़ गयी। खूंटी में 3.5 मिलीमीटर और गुमला जिले के भरनो में 2.2 मिलीमीटर वर्षा हुई। आने वाले दिनों में तापमान में 3-4 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से मौसम संबंधी जानकारी दी गयी।



रांची स्थित मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद के मुताबिक बुधवार से ही आसमान में बादल थे। इसकी वजह से पश्चिमी, दक्षिणी और मध्य झारखंड के कई हिस्सों में बारिश हुई। इसी बादल के उत्तर-पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी के साथ-साथ मध्य झारखंड की ओर शिफ्ट करने की उम्मीद थी, लेकिन धीरे-धीरे आसमान साफ हो गया। दोपहर में बादल छाये और अंधेरा हो गया। इसके बाद बारिश हुई।

मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि उत्तर भारत में पश्चिमी विक्षोभ और जेट स्ट्रीम का असर झारखंड में भी देखने को मिल रहा है। इसकी वजह से झारखंड में कोहरा देखने को मिला। बारिश से झारखंड में शीतलहर रहेगा। वहीं मैक्सलुस्कीगंज का पारा माइनस में चला गया। मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक, गुरुवार को राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 14.5 डिग्री सेंटीग्रेड रिकॉर्ड किया गया, जो एक दिन पहले क्रमशः 11.6 डिग्री सेंटीग्रेड और 25.7 डिग्री सेंटीग्रेड दर्ज किया गया।

## खबर एक नजर में

### शिक्षिका के विदाई समारोह में पहुंचे हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक

**रांची।** राजधानी रांची के कोकर स्थित रामलखन सिंह यादव उच्च विद्यालय की शिक्षिका विमला कुमारी का विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। विद्यालय प्रांगण में न्यायमूर्ति का आगमन स्कूल के भाग्योदय का सुअवसर बन गया। हुआ यूं कि समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए विधायक प्रतिनिधि सह समाजसेवी रतन लाल अग्रवाल ने शिक्षिका के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को रेखांकित करते हुए उसे हर किसी के लिए अनुकरणीय बताया। साथ ही साथ विद्यालय से जुड़ी कतिपय समस्याओं का भी उल्लेख किया। यह सुनकर न्यायमूर्ति डॉ. पाठक ने खुद विद्यालय परिसर को निहारा और वहां मौजूद अधिकारियों को तत्काल जर्जर भवन की मरम्मत कराने समेत अन्य कार्यों को भी समुचित तरीके से भी यथाशीघ्र पूरा करने का आदेश दे दिया। यहीं नहीं न्यायमूर्ति ने प्रयोगशाला-पुस्तकालय इत्यादि की भी व्यवस्था करने को कहा।

### सीएम के प्रधान सचिव रहे विनय चौबे ने सभी पदों को छोड़ा

**रांची।** हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद से सत्ता से लेकर विभागों में कई तरह के बदलाव देखे जा रहे है। ताजा जानकारी यह है कि प्रधान सचिव रैंक के आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे ने मुख्यमंत्री के सचिव का अतिरिक्त प्रभार छोड़ दिया है। प्रधान सचिव रैंक के आईएएस अधिकारी विनय चौबे ने बताया कि इस बात की जानकारी कार्मिक विभाग को दे दी है। अब वो वेटिंग फॉर पोस्टिंग हो गये हैं।

### चार विमान रद्द, कई को किया गया डाइवर्ट

**रांची।** रांची में खराब मौसम के कारण गुरूवार को चार विमान को रदद कर दिया गया। रदद विमान में एयर एशिया के दिल्ली से रांची, बंगलुरू से रांची एयर एशिया, दिल्ली से रांची इंडिगो, बंगलुरू से रांची इंडिगो फ्लाइट शामिल है। शेष विमानों का रूट कोलकाता डाइवर्ट कर दिया गया।

### अखिलेश कुमार ने संभाला रांची डीटीओ का पदभार

**रांची।** अखिलेश कुमार ने गुरुवार को रांची जिला परिवहन पदाधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया। निवर्तमान डीटीओ प्रवीण कुमार प्रकाश ने उन्हें पदभार सौंपा। बता दें कि बुधवार को तबादले से जुड़ी अधिसूचना जारी की गई थी।

### पांच पुलिस पदाधिकारियों हुआ तबादला

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने पांच पुलिस पदाधिकारियों का तबादला किया है। सौमित्र पंकज भूषण को बुंडू का नया थानेदार बनाया गया है। वहीं तत्कालीन बुंडू के थानेदार संजीव कुमार को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। जगन्नाथपुर थाना में पदस्थापित रामजी कुमार को बुढ़मू का नया थानेदार बनाया गया। वहीं बुढ़मू के तत्कालीन थानेदार कमलेश राय को पुलिस केंद्र भेज दिया गया है। लोअर बाजार थाना में पदस्थापित टीपी केशरी को नामकुम थाना भेज दिया गया है।

### निलय बने प्रचार प्रमुख, जगदीश सिंह सह प्रचार प्रमुख

**रांची।** भारत तिब्बत सहयोग मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष स्वामी दिव्यानंद महाराज ने झारखंड में वरिष्ठ पत्रकार निलय सिंह को मंच के झारखंड प्रांत का प्रचार प्रमुख एवं सरदार जगदीश सिंह को सह प्रचार प्रमुख बनाने की घोषणा की है। बता दें कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक डॉ इंद्रेश कुमार के मार्गदर्शन में और राष्ट्रीय महामंत्री पंकज गोयल के कुशल नेतृत्व में पिछले 25 वर्षों से भारत तिब्बत सहयोग मंच सफलता पूर्वक कार्य करता आ रहा है।

### रांची विवि में धरना दे रहे अतिथि शिक्षकों ने वीसी को घेरा

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के मुख्यालय में धरना पर बैठे अतिथि शिक्षकों ने गुरुवार को विवि के कुलपति का घेराव किया। कुलपति अपनी गाड़ी में बैठे हुए थे। अतिथि शिक्षक 30 जनवरी से विवि में अनिश्चितकालीन धरना पर हैं। इनकी मांग है कि आवश्यक्ता आधारित शिक्षक के रुप में समायोजन किया जाये।

### आयोग दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करे : धर्मेंद्र तिवारी

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने मांग की है कि झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा रद की गई स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा दोबारा ली जाए और यह बेहद पारदर्शी तरीके से हो। उन्होंने कहा कि यह ठीक है कि आयोग ने 4 फरवरी को होने वाली परीक्षा भी रद कर दी है लेकिन वह परीक्षा भी शीघ्र आयोजित हो क्योंकि इससे अभ्यर्थियों का मनोबल टूटता है।

### आरएलएसवाई में टीआरएल विभागाध्यक्ष का विदाई समारोह

**रांची।** राम लखन सिंह यादव कॉलेज के जनजाति एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ खालिक अहमद को नागपुरी भाषा में प्रशस्ति पत्र प्रदान कर विदाई दी गई। रांची विश्वविद्यालय में अपनी भाषा में प्रशस्ति पत्र देने का तीसरा मौका है।

### रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने किया पौधरोपण

**रांची।** पहाड़ी मंदिर विकास समिति द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस पौधरोपण कार्यक्रम के तहत समिति के सदस्यों ने पहाड़ी मंदिर प्रांगण के अलावा सुखदेवनगर थाना परिसर में भी पौधारोपण किया। समिति के राजेश साहू ने बताया कि आज हमने पहाड़ी मंदिर में आम, अमरुद, जामुन समेत कई फलदार पौधे लगाए जो भविष्य में वृक्ष का आकार लेंगे।

### सेवा जागरूकता मंच का सम्मान समारोह

**रांची।** सेवा जागरूकता मंच द्वारा सम्मान-समारोह सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां भारती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुसरण प्रसाद, एनएन पांडे (आईएएस ), गोपाल सिंह (पूर्व चेयरमैन कोल इंडिया) आदि मौजूद थे।

## शोध के प्रोत्साहन से आर्थिक विकास को गति : प्रो बालागुरुसामी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो. ई बालागुरुसामी ने गुरुवार को कहा विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में शोध को प्रोत्साहित करके राष्ट्र के आर्थिक विकास को गति दी जा सकती है। इसके माध्यम से भारत को सम्पन्न और विकसित राष्ट्र बनाने में सहायता मिलेगी। प्रो. ई. बालागुरुसामी उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से डीएसपीएमयू में राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों में विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्र में शोध के प्रोत्साहन के लिए आयोजित द्विदिवसीय संवादात्मक कार्यशाला के उद्घाटन सत्र को विशिष्ट वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में शैक्षणिक संस्थानों के लिए यह आवश्यक हो जाता है कि वे शोध की दिशा में एकल प्रयास न करके एकीकृत प्रयास करें। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में शोध की सम्भावनाओं को तलाशने पर बल दिया। उन्होंने उच्च एवं शिक्षा तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा शोध कार्य को बढ़ावा दिए जाने वाले प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि शोधार्थियों एवं शिक्षकों को इसका लाभ लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यावहारिक समस्याओं के समाधान के लिए अनुसन्धान को अपेक्षित और आवश्यक बताया। इसके साथ ही शोध के लिए आधारभूत संरचना के विकासार्थ आर्थिक संसाधनों की प्राप्ति पर बल दिया।



## आर्यभट्ट गणित चैलेंज में शारदा ग्लोबल का शान टॉप 100 में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल के 10वीं कक्षा के विद्यार्थी शान सहाय ने सीबीएसइ द्वारा आयोजित आर्यभट्ट गणित चैलेंज 2023 में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सीबीएसइ के पटना जोन में टॉप 100 विद्यार्थियों की सूची में स्थान प्राप्त किया है। शान सहाय कक्षा पांचवीं से शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्र रहे हैं। शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं उनके स्वयं के अथक परिश्रम ने उनकी इस उपलब्धि में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ (श्रीमती) रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या श्रीमती जसमीत कौर ने शान सहाय की इस विशिष्ट उपलब्धि पर हर्ष जताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और इसी प्रकार भविष्य में अपना बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा दी।



## केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सीएमपीएफओ के वेब पोर्टल सी-केयर्स को किया लांच

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** केंद्रीय कोयला, खान और संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने इलेक्ट्रानिक और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अनुसंधान एवं विकास संगठन सेंटर फॉर डेवलपमेंट आफ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सीडीएसी) द्वारा विकसित और डिजाइन किया गया सी-केयर्स नामक सीएमपीएफओ का एक वेब पोर्टल गुरुवार को लांच किया। यह पोर्टल सीएमपीएफओ की डिजिटलीकरण यात्रा में एक महत्वपूर्ण छलांग है, जिसका लक्ष्य अपने रिकार्ड और कार्य प्रक्रियाओं को डिजिटल बनाने के लंबे समय से चले आ रहे मुद्दे का समाधान करेगा। कोयला खान भविष्य निधि संगठन (सीएमपीएफओ) कोयला मंत्रालय के तत्वावधान में कोयला क्षेत्र के श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भविष्य निधि और पेंशन योजनाओं के संचालन के लिए वर्ष 1948 में स्थापित एक स्वायत्त संगठन है। संगठन वर्तमान में कोयला क्षेत्र के लगभग 3.3 लाख भविष्य निधि अंशदाताओं और 6.1 लाख पेंशनभोगियों को सेवाएं प्रदान कर रहा है। वर्तमान में, सीएमपीएफओ भविष्य निधि ग्राहकों और पेंशनभोगियों के दावों का निपटान मैन्युअल रूप से करता है। पोर्टल के लांच के साथ, पीएफ और पेंशन दावों का निपटान अब आनलाइन प्रोसेस और निपटान किया जाएगा। इससे मामले को निपटाने में तेजी, संचालन में पारदर्शिता, बेहतर रिकार्ड प्रबंधन और निगरानी की सुविधा मिलेगी। इससे अंशदाताओं और पेंशनभोगियों में भी विश्वास पैदा होगा। इसके अलावा, श्री जोशी ने एजुकेशनल कंसल्टेंट्स लिमिटेड (ईडीसीआईएल), नेशनल स्किल डेवलपमेंट कारपोरेशन (एनसीडीसी) और टाटा स्ट्राइव के सहयोग से कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की निगमित सामाजिक दायित्व के रूप में की जा रही तीन सीएसआर परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।



## लोकसभा चुनाव की मतगणना तक विश्राम नहीं करना है : वाजपेयी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरुवार की शाम नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारियों की परिचयात्मक बैठक हुई। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि नव नियुक्त कमिटी पर बहुत बड़ी जिम्मेवारी है। उन्होंने बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री के रूप में 10वर्षों में एक दिन की छुप्ती नही ली। हमे तीसरी बार उन्हें प्रधानमंत्री बनाना है। इसलिए अब लोकसभा चुनाव की मत गणना तक हमें विश्राम नहीं करना है। उन्होंने कहा कि देश की जनता आगे भी हमारा साथ देने केलिए संकल्पित है। हमे उनके दरवाजे तक दस्तक देने की जरूरत है। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि नई समिति से नई संभावनाएं हैं। हम मोदी जी की झोली में 14 लोकसभा सीट का तोहफा देकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प पूर्ण करें। कहा कि विकसित भारत के निर्माण में सबका साथ और सबका प्रयास के साथ सबका विश्वास जीतना है।

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि नए कमिटी के बाद झारखंड ने नई राजनीतिक करवट ली है। यह कमिटी झारखंड की जनता की जनभावनाओं के अनुरूप अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी ऐसा विश्वास है। कहा कि प्रदेश भाजपा की नई कमिटी मोदी जी के प्रयासों को धरातल पर उतारने का संवाहक बनेगी।

## सुनील कुमार जहां भी रहे अलग पहचान बनायी



**रांची।** सुनील कुमार राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा में सचिव पद तक पहुंचे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक और कौशल विकास मिशन के निदेशक पर से सेवानिवृत्त हुए। सुनील कुमार एसडीओ और डीसी के रूप में विभिन्न जिलों में पदस्थापित रहे। वे सहयोगियों और वरीय अधिकारियों के साथ बेहतर संबंध बनाकर विभिन्न योजनाओं को लागू करने करने में सफल रहे। वे जहां भी रहे, राज्य के विकास और आम आदमी की मदद में अपनी एक अलग पहचान बनायी। झारखंड के वंचितों की सेवा करते करते हुए वे 31 जनवरी 2024 को सेवानिवृत्त हुए हैं। उनमें अब भी सेवा करते रहने का हौसला बुलंद है।

## जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में कार्यशाला का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** किसी भी संस्थान को ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए बदलते समय के साथ अपनी पद्धतियों में भी बदलाव लाना पड़ता है। इसी मूल मंत्र को आधार बनाकर रांची के जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में पांच दिनों की कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला के आयोजन के लिए प्रख्यात शिक्षाविद् एवं भाषाविद् श्रीमती रूथ रस्तोगी एवं दिनेश रस्तोगी को आमंत्रित किया गया।



कार्यशाला के पहले दिन विशेषज्ञों ने शिक्षकों को सहज-सरल तरीके से भाषा एवं दूसरे विषयों में आसपास की छोटी-छोटी चीजों का उपयोग कर सीखने-सिखाने की नयी पद्धतियों से परिचित कराया। हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में कहानी सुनाने के दौरान स्वरों के उतार-चढ़ाव का ध्यान रखा जाये तथा बाद में व्याकरण से संबंधित बहुत सारे सवाल पूछे जा सकते हैं, जिनका छात्र रुचि के साथ जवाब देंगे। दूसरे दिन की कार्यशाला विशेष रूप से इस बात पर आधारित थी कि किस तरह गणित में अंक चार्ट का उपयोग करें तथा सवालों को रोचक तरीके से पूछने से छात्र दिलचस्पी से जवाब देंगे एवं विषय में उनकी रुचि बढ़ेगी।

कार्यशाला के तीसरे दिन छात्र-छात्राओं के माता-पिता को आमंत्रित किया गया तथा उन्हें पढ़ने-पढ़ाने की नवीन पद्धतियों से परिचित कराया गया। अंतिम दो दिन विशेषज्ञ छोटी से बड़ी हर कक्षा में गये और उन्होंने शिक्षक के साथ मिलकर तरह-तरह की गतिविधियों का आयोजन किया। इसमें छात्रों ने रुचि के साथ भाग लिया और बहुत सारी जानकारियां सामने आयीं कि छात्र अपनी क्षमता का बेहतर तरीके से उपयोग कैसे कर सकते हैं?

कार्यशाला के समापन पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षा में नये प्रयोगों को सामने लाना हमारे विद्यालय का ध्येय है और हम इसके प्रति हमेशा गंभीर रहेंगे। इस कार्यशाला से निश्चित रूप से हमारे शिक्षक लाभान्वित हुए हैं और वह इन नयी पद्धतियों का पढ़ाने में उपयोग करेंगे।

कार्यशाला के सफल आयोजन पर विद्यालय के निदेशक श्री मदन सिंह, सह निदेशक श्री अमन सिंह ने शिक्षकों को अपनी शुभकामनाएं दीं और आमंत्रित विशेषज्ञों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। इस कार्यशाला के सफल संचालन में सुश्री आकर्षिता सिंह, श्रीमती गुर सिमरत कौर, अमित सिंह, बसंत सिंह, सुश्री रिया नायक और श्रीमती विशाखा चटर्जी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

स्पीड न्यूज

## सोनाहातू बाजार से पिकअप वैन की चोरी

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के सोनाहातू बाजार के हाडवेयर दुकान के सामने खड़ा महेंद्रा पिकअप गाड़ी श्रभ्01ख्क9127 की चोरी बुधवार रात को हो गयी है। गाड़ी के मालिक पवन जयसवाल पिता संतोष जयसवाल ने गाड़ी चोरी होने की प्राथमिकी थाना में किया है।मालिक पवन जयसवाल व्यवसायिक संघ सोनाहातू के कोषाध्यक्ष है। गाड़ी के चोरी होने प्ूसंघ के अध्यक्ष धनेश कुशवाहाए सचिव आनंद कुमार स्वर्णकार ने घटना की जांच और अज्ञात चोर को पकड़ने की मांग थाना प्रभारी से किया है। सोनाहातू पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से घटना को अंजाम देनेवाले तक पंहुचने का प्रयास कर रही है।

## इटकी में मिलाजुला रहा बंद का असर

**इटकी।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ईडी द्वारा गिरफ्तार किये जाने के विरोध में गुरुवार को आदिवासी संगठनों द्वारा आहूत बन्द का इटकी क्षेत्र में मिला जुला असर रहा। इटकी से चलने वाली यात्री बसोंए मालवहक ट्रक व ऑटो रिक्सा का आवागमन ठप रहा। एनएच 23 रांची गुमला मुख्य मार्ग पर लंबी दूरी चलने वाले बसोंए मालवहक वाहनों का आवागमन भी ठप रहा। इक्का दुक्का निजी वाहन चले। सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। वहीं सुबह से ही कोहरे व झमाझम बारिश से लोग हलकान रहे। मौसम में हुए बदलाव से ठंड में बढ़ोतरी हुई है। बंदी और ठंड के वजह ज्यादातर लोग अपने घरों में ही रहे।

## बेड़ो में बीएसएनएल का नेटवर्क फेल उपभोक्ता परेशान

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले एक सप्ताह से बीएसएनएल का नेटवर्क फेल रहने से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जहां गुरुवार को नेटवर्क सुबह लगभग दस बजे से ही नेटवर्क लगातार फेल रहा। जिससे बीएसएनएल के उपभोक्ताओं से लेकर कार्यालयों का काम भी बाधित रहा। वही नेटवर्क नही रहने के कारण यहां व्यापारी, नौकरी पेशा समेत अधिकांश लोग परेशान रहे। इसे दुरुस्त करने की मांग की गई।

# बिरसा जैविक उद्यान के सिंह बीरू की मौत


बिरसा जैविक उद्यान के सिंह बीरू की फाइल फोटो।

## उद्यान में बचे जया और प्रियांका नाम की दो सिंहनी और एक सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** जैविक उद्यान ओरमांझी जाने वाले सैलानी अब बीरू की गरजना नहीं सुन सकेंगे। गुरुवार की सुबह तीन बजे के करीब हृदय गति रूकने से सिंह बीरू की मौत हो गई है। वह लगभग 20 वर्ष का था। उद्यान प्रशासन के अनुसार बीरू ओवर ऐज के कारण पिछले एक वर्ष से बीमार था। उद्यान के पशु चिकित्सक डॉ ओपी साहू की देखरेख में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जा रही थी। वहीं तीन दिन से उसने भोजन करना भी छोड़ दिया था। बीरू की मौत की जानकारी मिलते ही कर्मियों के साथ चिकित्सक व पदाधिकारी पहुंचे। वहीं वेटनरी कॉलेज कांके के एसओडी डॉ एमके गुप्ता एसएचओ डॉ संजित कुमार व उद्यान के पशु चिकित्सक ओपी साहू द्वारा शव का पोस्टमार्ट कर विसरा सुक्षित रख लिया गया है। जिसे जांच के आइवीआरआई बरेली व पशु चिकित्सा महाविद्यालय रांची भेजा जाएगा। वहीं उद्यान कर्मियों द्वारा उद्यान के शवदाह गृह में बीरू के शव को जला दिया गया। बताया गया कि 2019 में शक्कर बाघ-जू जुनागढ़ गुजरात से एक पेयर शेर लाया गया था। जैविक उद्यान में ही दोनों का नाम बीरू व जया रखा गया था। उस समय दोनों की उम्र 10 और 14 वर्ष थी। बीरू की मौत के बाद अब भगवान बिरसा जैविक उद्यान आने वाले सैलानियों को शेर बीरू की गरजना नहीं सुनाई देगी।

### उद्यान कर्मियों में निराशा

निदेशक जब्बर सिंह, सहायक वन संरक्षक अशोक कुमार, वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार, जीव विज्ञानी पार्थ सारथी, विवेकानंद कुमार, वनरक्षी ललन कुमार, मुकेश कुमार, अमित कुमार व पशुपालक व उद्यान कर्मी द्वारा निराशा जताया गया है।

## एक नजर में

### इटकी : अज्ञात वाहन के धक्के से युवक घायल

**इटकी।** इटकी के आदर्श नगर में अज्ञात वाहन के धक्के से रामवचन पासवान (30 वर्ष) नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची इटकी पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से घायल को उपचार के लिये अस्पताल पहुंचाया। उसके सिर में गंभीर चोटें आई है। घटना गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे की है। घायल युवक इटकी के कुंदी पतरा टोली स्थित साईं भट्ठा में मजदूरी का कार्य करता है। वह बिहार औरंगाबाद जिला के दाउदनगर थाना क्षेत्र के खैरा गांव का रहने वाला बताया गया है।

### इटकी दो दिनों से जलापूर्ति ठप, परेशानी

**इटकी।** इटकी जलमीनार में लगाये गए तीन बोरिंग दलदल हो जाने से इटकी शहरी क्षेत्र में पिछले दो दिनों से जलापूर्ति ठप पड़ गया है। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इटकी जलमीनार प्रभारी मो सईद अंसारी ने जानकारी दी कि जलमीनार के तीन बोरिंग में एक माह से दलदल हो गया है। जिससे पेयजल की सप्लाई नही हो रही है। वर्तमान में एक बोरिंग से ही पेयजल की निकासी हो रहा है।


**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ़**

**(सूचना)**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा सूचना संख्या 11/2023-24 दिनांक 29.12.2023, जिसका PR No. 314760 Drinking Water and Sanitation(23-24).D है एवं शुद्धि पत्र जिसका PR No. 317257 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D जो Restructuring & Augmentation Of South Eastern Part Of Gola Block (Barlanga Village) Rural Piped Water Supply Scheme 2023-24 से संबंधित है, को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रामगढ

PR 317591 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D


# बस ने कार को मारी टक्कर, 2 की मौत

**हादसा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**तमाड़।** थाना क्षेत्र रांची-टाटा राजमार्ग पोड़ाडीह डायवर्सन के समीप गुरुवार की दोपहर तीन बजे बस और कार में सीधी भिड़ंत हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार टाटा से रांची जा रही चंचल नामक बस ने रांची से टाटा की और जा रही कार जेएच 05 सीके 3108 को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी की कार के परखच्चे उड़ गये।

टक्कर से कार चालक विनय प्रसाद और अजीत कुमार 36 वर्ष की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वही कार में सवार अजीत कुमार की पत्नी कंचन सागर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल को 1033 एंबुलेंस से अनुमंडलीय अस्पताल बुंडू में प्राथमिक ईलाज कर बेहतर ईलाज हेतु रिम्स भेजा गया। तमाड़ पुलिस ने बस और कार को जब्त किया। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा गया।




## मांडर के नारो पतरा में मिला युवक का शव

**मांडर।** प्रखंड के नारो पतरा के समीप गुरुवार की सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया है। शव की पहचान नारो के रहने वाले एजाज खान के 20 वर्षीय पुत्र सोहेल खान के रूप में की गई है। उसके सिर और चेहरे पर हल्के चोट के निशान भी हैं। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। युवक इस बार की मैट्रिक परीक्षा में शामिल होने वाला था। उसका एडमिट कार्ड भी आ चुका था। युवक के पिता ऑटो रिक्शा चलाते हैं। उन्होंने बताया कि रात खाना खाने के बाद सभी लोग सो गए। उनका एक घर पतरा के समीप भी है। जहां कभी सोहेल तो कभी उनके पिता सोते थे। सुबह सोहेल के पिता ऑटो लेकर काम पर चले गए। दोपहर में उन्हें सूचना मिली की उनके बेटे के शव पतरा के निकट बरामद किया गया है। देखने से ही लग रहा था कि उसकी हत्या की गई है। चेहरे पर काफी जख्म था। परिजनों के द्वारा अज्ञात लोगों पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

## जमसं नेता हरिशंकर सिंह को दी श्रद्धांजलि

**खलारी।** रोहिणी परियोजना स्थित हाजरी घर के पास जनता मजदूर संघ के दिवंगत नेता श्री हरिशंकर सिंह का श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी जिसकी अध्यक्षता वीरेन पासवान ने किया। सर्वप्रथम हरिशंकर सिंह के छाया चित्र पर सभी उपस्थित सीसीएल यूनियन कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रधंजलि दी। इस दौरान यूनियन कार्यकर्ताओं स्व सिंह के जीवनी पर प्रकाश डाला एवं उनके जीवन काल में मजदूर हित के लिए किये गए कार्यो की चर्चा किया गया। साथ 8स सभा में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा शांति हेतु भगवान से प्रार्थना की गई। मौके पर संजय कुमारए नंदू मेहता ध्वजाराम धोबी मंटू गंझू सावित्री देवी सुधीर सिंह गुलाबचंद राजभर अमित चौहान अनिल कुमार लोहार मुन्नी देवी दिलों देवी संतोष सिंह महेंद्र प्रजापति मौजूद थे।

## आजसू महिला प्रखंड अध्यक्ष का चुनाव

**अनगड़ा।** आजसू पार्टी का हेल्प डेस्क सेंटर का चुनाव के साथ साथ आजसू पार्टी के महिला प्रखंड अध्यक्ष का भी चुनाव किया गया। किरण देवी को प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया है। जबकि हेल्प डेस्क सेन्टर के लिए 15 पुरुष और 15 महिला का चयन हुआ। मौके पर प्रभारी के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रिय सचिव जितेन्द्र सिंह मौजूद थे।


**उपायुक्त -सह- जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(जिला खेल शाखा) विकास भवन, ग्राउण्ड फ्लोर, खूँटी**
Email ID :- dsokhunti2017@gmail.com

**Walk in Interview**
**संविदा पर नियुक्ति सम्बधित सूचना**

जिला खेल कार्यालय, खूँटी के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर की संविदा आधारित नियुक्ति एवं सेवा शर्त्त प्रक्रिया निम्नवत् है :–

| क्र0 | पद | संख्या | अर्हता | साक्षात्कार की तिथि / स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1 | डाटा इन्ट्री ऑपरेटर | 1 (एक) | अनिवार्य योग्यता:– सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से स्नातक एवं Diploma in Computer Application हो। कार्य अनुभव:– ➤ कम से कम तीन वर्षो का कार्य से संबंधित अनुभव होना आवश्यक है। ➤ टाईपिंग स्पीड हिन्दी में प्रति मिनट 30 शब्द (wpm) एवं अंग्रेजी में प्रति मिनट 40 शब्द (wpm) का होना चाहिए। आयु सीमा:– ➤ .................. तक न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष अधिकतम आयु सीमा – 35 वर्ष | ................... /समाहरणालय, खूँटी। |

राष्ट्रीयता :– आवेदक भारतीय नागरिक होना चाहिए।
- ➤ यह पद पूर्णता अस्थायी होगा। किसी भी समय अभ्यर्थी को पद मुक्त करने का अधिकार उपायुक्त, खूँटी को सुरक्षित होगा।
- ➤ आवेदक को स्थानीय होना आवश्यक है। (खूँटी जिले का)
- ➤ आवेदक प्रपत्र http://khunti.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। साथ ही जिला खेल कार्यालय, खूँटी के सूचना पट्ट पर आवेदन पत्र को देखा जा सकता है।
- ➤ आवेदन प्राप्ति की तिथि 02.02.2024 से 08.02.2024 तक जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी के कार्यालय में (कार्यालय अवधि में) आवेदन विहित प्रपत्र में (स्वलिखित भी) भरकर अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र के साथ जमा कर सकते है।

टिप्पणी :– साक्षात्कार में भाग लेने हेतु कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। उपायुक्त, खूँटी के द्वारा किसी भी उम्मीदवार की पात्रता को स्वीकार एवं निरस्त करने का अधिकार रखते है।

PR.NO.317589 District(23-24):D — ह0/– जिला खेल पदाधिकारी, खूँटी।


# ऐतिहासिक होगी राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**अभूतपूर्व होगा नगड़ी प्रखंड क्षेत्र का योगदान : शाहदेव**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रातू/नगड़ी।** प्रदेश कांग्रेस के महासचिव और हटिया विस क्षेत्र के पूर्व पार्टी प्रत्याशी अजयनाथ शाहदेव ने कहा कि राहुल गांधी की 5 फरवरी को भारत जोड़ो न्याय यात्रा और एचइसी स्थित शहीद मैदान में होने वाली सभा ऐतिहासिक होगी। इसमें नगड़ी का अभूतपूर्व योगदान रहेगा। वह गुरुवार को लादा गांव में सहाबीर लोहरा की अध्यक्षता में आयोजित प्रखंड कांग्रेस कमेटी और ग्रामीणों की बैठक में बोल रहे थे। श्री शाहदेव ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश में अराजक स्थिति पैदा करने, भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार की बह रही गंगोत्री पर दृष्टिहीन होने, धर्म की आड़ में सत्ता चलाने, महंगाई व बेरोजगारी पर अंकुश लगाने में विफल रहने, सामाजिक समरसता बिगाड़ने और संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर झारखंड की चुनी हुई लोकप्रिय हेमंत सोरेन सरकार को साजिश के तहत गिराकर राज्य में राजनीतिक अनिश्चितता का माहौल बनाने का आरोप लगाया। बैठक में एकजुटता दिखा कर श्री गांधी के कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### इन्होंने लिया हिस्सा

उप मुखिया रश्मि तिर्की, पूर्व मुखिया मरियम तिग्गा, विनीता तिर्की, ग्राम प्रधान फेरडिनन तिर्की, जोन खलखो, जूलियस तिर्की, सुषमा तिर्की, पुष्पा तिर्की, बिरजिनिया तिर्की, कमल खलखो, इंदू सुशिता तिर्की, सैहुन लकड़ा, सालेन तिर्की, सिशिलिया तिर्की, दुलारी खलखो, अख्तर अंसारी, बिलचैन तिर्की, मानवेल एक्का, डेजी रीना तिर्की, माइकल तिर्की व दामु उरांव आदि सैकड़ों। इसमें महिलाओं की संख्या अधिक थी।

# हेमंत भेजे गये जेल, मोर्चा जनों का दर्द छलका, न्याय पर जताया भरोसा

**भाजपा पर लोकतंत्र का गला घोंटने का आरोप**

**शेख मुजिबुल**

**रातू।** झामुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जमीन घोटाले के मामले में ईडी ने गुरुवार की दोपहर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्हें बुधवार की शाम गिरफ्तार किया गया था। श्री सोरेन की गिरफ्तारी और जेल भेजने की कार्रवाई पर मोर्चा जनों का दर्द छलका। युवा इकाई के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, मोर्चा नेता महावीर विश्वकर्मा, रामनंदन महतो, जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष शमीम मंसुरी, मोर्चा नेता कमरुल हक, प्रखंड प्रवक्ता असलम अंसारी, बबलू उरांव व प्रदीप किस्पोट्टा ने भाजपा पर केंद्रीय एजेंसी का दुरुपयोग कर लोकतंत्र का गला घोंटने तथा राज्य की चुनी हुई लोकप्रिय सरकार के मुखिया को षड्यंत्र के तहत झूठे मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया है। नेताओं ने विश्वास जताया कि न्याय की जीत होगी और हेमंत सोरेन बाइज्जत बरी होंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि चुनावों में इसका असर देखने को मिलेगा। वह खबर मंत्र से खास बातचीत कर रहे थे।

### मोदी की हो रही चौतरफा निंदा

हेमंत सोरेन प्रकरण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चौतरफा निंदा हो रही है। क्षेत्र के आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक व छात्र संगठनों ने इसे राज्य की जनता पर अत्याचार और झारखंडी स्मिता व संवैधानिक मूल्यों की हत्या करार दिया है। भाजपाइयों ने भी नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि पार्टी नेताओं में अहंकार आ गया है। वह सत्ता लोलुप हो गये हैं।

# मेला हमारी सांस्कृतिक पहचान : विधायक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** प्रखंड के सालहन गांव में तीन दिवसीय मां शक्ति पीठ मेला बालिका और पुरुष फुटबॉल टूनार्मेन्ट के फाईनल मैच टूसू प्रर्दशनी एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ सम्पन्न हुआ । इस मौके पर मुख्य अतिथि हटिया विधायक नवीन जयसवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से लोग अपनी संस्कृति पहचान को याद रखते हैं ।उन्होंने कहा कि विपरित मौसम के बावजूद लड़िकयों के द्वारा खेल के मैदान में उतर कर अपनी खेल का जिस तरह से प्रदर्शन किया वह काबीले तारीफ है। मेला के संरक्षक आयोजनकर्ता एवं पूर्व विधायक रामकुमार पहान के द्वारा किए गए कार्यो और नेतृत्व क्षमता की उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वर्णरेखा नदी पर सालहन के पास उनके प्रयासों से जो उच्च स्तरीय पूल बना है वह लोगों के लिए मील का पत्थर साबित हो रहा है। खेले गए बालिका फूटबॉल के फाईनल में टाई ब्रेकर मे डीएसएसए क्लब पांचा ने आदिवासी फूटबॉल क्लब बारीडीह को हराकर चैम्पीयन बना। जबकि पुरुष फूटबॉल में जय सरना क्लब जीदू ने जे आर नामकोम को हराकर चैम्पीयन बना। मेला में नाचते गाते हुए महिलाओं ने टुसू का प्रदर्शन भी किया। विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को मेला समिति की ओर से ट्राफी और नकद राशि प्रदान कर पुरुस्कृत किया गया । टूसू प्रदर्शनी में शामिल महिलाओं को भी पुरस्कृत किया गया।



### मेला में ये लोग हुए शामिल

मेला में अतिथि के रूप मे विधायक नवीन जयसवाल सहित रणधीर चौधरी पूर्व उप प्रमुख अनवर खान मुखिया रौशन मुन्डा सत्यदेव मुन्डा अजय महतो जगेश्वर महतो अगमलाल महतो मनोज चौधरी घनेनाथ महतो सुनील महतो सहित मेला समिति के एतवा भगत डॉ रिझू नायक सिकन्दर अन्सारी अध्यक्ष रोहित करमाली जनक शिबु मुन्डा किशोर मुन्डा प्रकाश नायक संजय करमाली रामपद चौधरी पदुम चौधरी अगमलाल महतो सुलेन्द्र उरांव राजू प्रमाणिक सचिव ज्योतिष चौधरी उप सचिव तुलसी महतो पवन प्रमाणिक प्रकास महतो मोहन महतो सुलेन्द्र मुन्डा इत्यादि ने उपस्थित होकर मेला को सफल बनाने में योगदान दिए ।


**सिविल सर्जन का कार्यालय, रामगढ़।**

**–:कार्यालय आदेश:–**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 9/RCH-694/2022–328 (AMD) दिनांक 06.12.2022 एवं IDSP/BPHU-04/2022/HFWD-74(MD) दिनांक 07.02.2023 के आलोक में रामगढ जिले के नगर परिषद क्षेत्रों में 15 वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Centre के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 08.02.2024 को पूर्वाह 11:30 AM बजे Walk in interview निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तों के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

**नियम एवं शर्ते**

| क्र0सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 1 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 2 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से MBBS की डिग्री |
| 3 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की लिए मान्य होगा |
| 4 | मानदेय | रू0 63000 /– (तिरसठ हजार रुपए मात्र) |
| 6 | चयनित चिकित्सकों द्वारा भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 7 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 8 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 9 | कार्य दिवस सरकार के निर्देशानुसार एवं कार्य अवधि सरकार के निर्देशानुसार | |
| 10 | कुल रिक्तिया :– 03 | |

नोट :– (03 (तीन पद) तथा प्रतीक्षा सूची में 03 जो परीक्षा परिणाम के तिथि से 1 वर्ष तक के लिए मान्य होगा।)

दिनांक 08.02.2023 को असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ के कार्यालय के सभागार को पूर्वाहन 11:30 AM बजे Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ कार्यालय में उपस्थित होना होगा।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 317657 Health Med Edu and Family Welfare(23-24)D


# छात्राओं ने दिखाया दम, कलाम हाउस ओवरऑल चैंपियन

**शाश्वत टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में वार्षिक खेलकूद समारोह**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** शाश्वत इंस्टीच्यूट ऑफ टीचर्स एजुकेशन हुटूप इरबा ओरमांझी में 29 से 31 जनवरी तक आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद समारोह गुरुवार को संपन्न हो गया। 2022-24 व 2023-2025 सत्र के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न इवेंट में भाग लिए। लांग जंप, हाई जंप, सॉर्ट पुट, कबड्डी, वेलीबाल, खो-खो चेस, कैरम व बैडमिंटन सहित अन्य इवेंट में कॉलेज के अलग-अलग हाउस अटल, कलाम, गुरुनानक व मंडेला हाउस के छात्रों ने अपने हाउस को विजेता बनाने को प्रभावी खेल प्रदर्शन किए। सभी इवेंट में शानदार खेल प्रदर्षन करने वाले कलाम हाउस 42 गोल्ड के साथ ओवर ऑल चैंपियन बना। वहीं 12 गोल्ड के साथ गुरुनानक दूसरे, 10 गोल्ड के साथ मंडेला तीसरे स्थान पर व तीन गोल्ड के साथ अटल चौथे स्थान पर रहा। इवेंट का आयोजन करा रहे कालेज खेल शिक्षक नागेंद्र कुमार ने बताया प्रतियोगिता के विजेता टीम व खिलाड़ियों को दो फरवरी को आयोजित कार्यक्रम कला प्रदर्शनी व पुरस्कार समारोह में पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं उप-प्राचार्च रूपेश कुमार ने कहा कि छात्र-छात्राएं खेल प्रतियोगिता में शामिल होने पर काफी उत्साहित थे। खेल निश्चित ही उत्साह के साथ मनोरंजक होते हैं। मानसिक तनाव दूर करने के लिए खेल एक सशक्त माध्यम है। वहीं कार्यक्रम में सहायक प्रोफेसर डॉ देशराज सिंह, डॉ विनीता कुमारी, डॉ रश्मिरती, डॉ अंजली कुमारी, ममता कुमारी, रूपेश कुमार, अपर्णा कुमारी मिश्रा, सुरेश यादव, रोहित कुमार सिंह व अन्य शिक्षकेतर कर्मी आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।


विजेता हाउस की छात्राएं।


**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं० :–*RE-01/RDSD/RAMGARH/05/2022-23(2nd Call) 2023-24*

1.कार्य की विस्तृत विवरणी :– DMFT मद अन्तर्गत।

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रू०) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | RE-01/RDSD/RAMGARH/05/ DMFT /17/2023-24 | पतरातु | पतरातु प्रखण्ड के जयनगर पंचायत अन्तर्गत रामनारायण प्रसाद के चाहरदिवारी से बाई०पी० पाण्डेय के घर होते हुए जुगल चौरसिया के घर तक तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य (0.073 कि०मी०) | 1148024 | 23000 | 2500 | 2 माह (दो माह) |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– दिनांक 07.02.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 07.02.2024 से 15.02.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 19.02.2024 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, रामगढ़।
7. ई निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं०– 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट *Jharkhandtenders.gov.in* एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
रामगढ़।

PR 317609 (Rural Work Department) 23-24 (D)

# सर्वस्पर्शी 'बजट

फिस्कल प्रूडेंस के रास्ते पर चलते हुए, सरकार की ओर से बार-बार कहा गया कि वह वित्त वर्ष 2026 तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.5 फीसदी तक कम करना चाहती है। अंतरिम बजट के दौरान, फाइनेंस मिनिस्टर सीतारमण ने राजकोषीय घाटे को लेकर बड़ी जानकारी दी। सकल घरेलू उत्पाद के 5.9 फीसदी के पिछले लक्ष्य से घटाकर सकल घरेलू उत्पाद का 5.8 प्रतिशत कर दिया है। वहीं वित्त वर्ष 2025 के लिए ये लक्ष्य जीडीपी का 5.1 फीसदी निर्धारित किया गया है। फाइनेंशियल ईयर 2025 के लिए शुद्ध उधारी 11.75 लाख करोड़ रुपये देखने को मिली है जबकि केंद्र की सकल उधारी 14.13 लाख करोड़ रुपये देखी गई है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025 के लिए रक्षा क्षेत्र में आवंटन को 4 फीसदी बढ़ाकर 6.2 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। ये वित्त वर्ष 2024 के बजटीय अनुमान 5.94 लाख करोड़ रुपये से अधिक है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि टैक्स ढांचे में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा, चाहे वह प्रत्यक्ष कर हो या अप्रत्यक्ष। हालांकि, सॉवरेन वेल्थ फंड और पेंशन फंड में किए गए निवेश को एक और साल के लिए टैक्स फ्री कर दिया गया है। वित्त वर्ष 2025 में कुल राजस्व प्राप्ति अब 30 लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान लगाया जा रहा है, जो वित्त वर्ष 2024 में 26.99 लाख करोड़ रुपये के संशोधित अनुमान से अधिक है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2025 के लिए पूंजीगत व्यय परिव्यय का बजट 11 फीसदी बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी का 3.4 फीसदी कर दिया गया है। पिछले चार साल में पूंजीगत व्यय तीन गुना होने से आर्थिक विकास और रोजगार सृजन पर कई गुना प्रभाव पड़ा है। यह बजट देश के हर वर्ग को प्रभावित करता है।

# दो करोड़ आवास

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने फाइनेंशियल ईयर 2024-25 का अंतरिम बजट पेश किया। इससे किराए के मकानों या झुग्गी-झोपड़ी, चॉल और अनधिकृत कालोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के लोगों को अपना मकान खरीदने या बनाने में मदद मिलेगी। मिडिल क्लास को ध्यान में रखते हुए रूफटॉप सोलर एनर्जी को लेकर भी बड़ी घोषणा की। सर्वोदय इससे मध्यम वर्ग को हर साल बिजली में खर्च होने वाली बड़ी राशि बचाने में मदद मिलेगी। सरकार ने साथ ही पीएम-आवास के लिए भी आवंटन बढ़ा दिया है। सरकार और दो करोड़ आवास बनायेगी। सरकार किराए के घरों, झुग्गियों, चॉलों और अनधिकृत कॉलोनियों में रहने वाले मध्यम वर्ग के योग्य वर्गों को अपना घर खरीदने या बनाने में मदद करने के लिए एक योजना शुरू करेगी। कोविड के कारण चुनौतियों के बावजूद, पीएम आवास योजना (ग्रामीण) का कार्यान्वयन जारी रहा और हम तीन करोड़ घरों के लक्ष्य को प्राप्त करने के करीब हैं। इससे उत्पन्न होने वाली आवश्यकता को पूरा करने के लिए अगले पांच वर्षों में दो करोड़ और घर बनाए जाएंगे।' अंतरिम बजट में आवास को बढ़ावा देना बाजार के नजरिए से एक और महत्वपूर्ण प्रस्ताव है, क्योंकि इससे सीमेंट, स्टील और सभी निर्माण संबंधित क्षेत्रों को फायदा होगा। जैसा कि अनुमान था, अंतरिम बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं की गई, लेकिन इसने देश भर में बुनियादी ढांचे के उन्नयन और कनेक्टिविटी के निर्माण पर अपना ध्यान जारी रखा। इससे न केवल शीर्ष शहरों में बल्कि देश भर के टियर 2 और 3 शहरों में रियल एस्टेट वृद्धि को लाभ होगा।आसान पुनर्विकास के लिए झुग्गियों जैसे अतिक्रमण क्षेत्रों को मुक्त करने की संभावना है। आवास का आर्थिक,सामाजिक और सांस्कृतिक महत्व है।

# शिव की सलाह

## विचार-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**गरुढ़** ब्रह्मा जी के पास पहुंचा। उन्होंने कहा पितामह नारदजी के कथानानुसार मैं लंका गया था। उन्होंने कहा कि भगवान युद्ध के मैदान में हैं और नागफांस में बंधे हुए हैं। लेकिन मेरे मन में आशंका पैदा हो गयी कि भगवान सर्वशक्तिशाली है तो नागफांस में बंधकर कैसे गिरे हैं? मैं नारद जी से यह जानना चाहा तो उन्होंने आपके पास भेज दिया।

आप मुझे इस शंका से निकालिये। ब्रह्मा जी ने कहा देखिये गरुढ़ जी मैं सृष्टि की रचना अवश्य करता हूं लेकिन मुझमें यह सामर्थ्य नहीं कि मैं आपको शंका से निकाल दूं। इसलिये आप शंकर जी के पास जाइये। उनमें ये सामर्थ्य है कि वे माया से दूसरे लोगों को भी निकाल दें। ये मुझको नहीं है। उसके बाद गरुढ़ जी शंकरजी के पास प्रस्थान कर गये। वे हांफते हुए शंकर जी के पास पहुंचे तो शंकर जी ने पूछा आपका आगमन किस कारण से हुआ है। गरुढ़ जी ने पूरी कहानी बता दी। लंका में जाना,नागफांस काटना फिर नारदजी द्वारा ब्रह्माजी के पास भेजना फिर उनके द्वारा शंकर जी के बारे में बताना। शंकरजी ने कहा कि बात तो सही है।

माया से मैं जरुर निकाल सकता हूं और इसके लिये कुछ समय सत्संग करना पड़ेगा और मेरे पास समय बिताना पड़ेगा। मेरे और आपके बीच भाषा का अंतर है मैं जो कुछ कहूंगा आप समझ नहीं पायेंगे। इसलिये मैं आपको व्यक्ति बता रहा हूं वे है कागभुशुण्डिजी के पास चले जाइये। वे आपकी भाषा समझ सकते हैं। वे सुमेरू पर्वतर पर रहते हैं।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कार्टून वर्ल्ड

देश का बजट ...




कार्टून मूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### देखभाल भी हो

**वनों** की कटाई एक जटिल समस्या है। निःसंदेह यह प्रयास सराहनीय है, लेकिन पौधे लगाने से ज्यादा उनकी देखभाल की जरूरत होती है। देखभाल के अभाव में पौधे सूख जाते हैं। ऐसे में हमें पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल पर भी ध्यान देने की जरूरत है ताकि हम हरे-भरे स्वच्छ पर्यावरण की बहाली में सफल हो सकें।

**- श्याम मिश्रा, रांची**

### राजनीतिक लक्ष्य

**मंत्रालय** में प्रत्येक मंत्री की कार्यप्रणाली और निगरानी रखना प्रधानमंत्री का दायित्व है। जब उन्हें लगा कि कोई मंत्रालय सही ढंग से अपना काम नहीं कर रहा है तो उससे संबंधित मंत्री की छुट्टी या विभाग बदलना उनके अधिकार क्षेत्र में आता है। कोरोना संकट में शिक्षा, स्वास्थ्य आदि मंत्रालयों ने अपने काम बेहतर ढंग से नहीं किये।

**-सत्यप्रकाश, हजारीबाग**

# विकसित और उम्मीद से भरे भारत का बजट

2 करोड़ ग्रामीण घरों का वादा, मनरेगा के लिए बढ़ा आवंटन, अन्य योजनाओं पर क्या है मोदी सरकार का रुख?

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज संसद में पेश अंतरिम बजट 2024-25 में अगले पांच सालों में ग्रामीण क्षेत्रों में दो करोड़ घर बनाने का वादा किया है। वित्त मंत्री का यह ऐलान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और वर्तमान सरकार के फोकस की ओर इशारा करता है।

अभी तक के हिसाब से, ग्रामीण इलाकों में नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले 10 सालों में लगभग 3 करोड़ घरों का निर्माण किया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण को कितना मिला?

प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण को 80,671 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन मिला। हालांकि उम्मीद थी कि यह वित्त वर्ष-24 के संशोधित अनुमान से 49 फीसदी ज्यादा रहेगा, लेकिन यह वित्त वर्ष 24 के बजट अनुमान के बराबर ही रहा।

## मनरेगा योजना आवंटन का क्या मतलब?

इतना ही नहीं मनरेगा योजना को 86,000 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन भी मिला, जो वित्त वर्ष 2023-24 के संशोधित अनुमान के बराबर था, लेकिन, वित्त वर्ष 24 के बजट अनुमान से काफी ज्यादा था।

मनरेगा एक ऐसी योजना है, जिसकी मांग काफी ज्यादा है। इसका मतलब यह है कि यह एक मांग-संचालित योजना है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव हो जाने के बाद जून में फिर से पूर्ण बजट पेश होगा लेकिन इसके बावजूद वित्तीय वर्ष-25 के लिए उच्च बजट अनुमान ग्रामीण नौकरियों के बाजार में जारी कमजोरी को दशार्ता है।

इस योजना के तहत काम की मांग लगातार ऊंची बनी हुई है, भले ही कुछ क्षेत्रों में कोविड-19 के कारण आई मंदी अब दूर हो गई है और ओवरऑल अर्थव्यवस्था स्थिर है।

## कोविड-19 के झटके से नहीं उबर पाई अर्थव्यवस्था, सुधार जारी

अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर सस्टेनेबल एम्प्लॉयमेंट के अर्थशास्त्र के प्रोफेसर और हेड अमित बसोले ने कहा, मुझे लगता है कि मुख्य कारण यह है कि अर्थव्यवस्था पूरी तरह से कोविड-19 के झटके से उबर नहीं पाई है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि महामारी के दौरान औपचारिक अर्थव्यवस्था ने अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन किया, लेकिन अनौपचारिक अर्थव्यवस्था के मामले में ऐसा नहीं था।

उन्होंने कहा, हालांकि महामारी के दौरान कृषि उत्पादन उतना बुरी तरह प्रभावित नहीं हुआ जितना कि मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर। लेकिन जिन श्रमिकों ने अन्य क्षेत्रों में नौकरियां खो दीं, वे कृषि या स्व-रोजगार में वापस आने के विकल्प के रूप में सामने आए।

अमित बसोले ने आगे कहा, गिरावट का यह असर मनरेगा में भी देखा जा सकता है। इसलिए, महामारी के दौरान कुल कार्यबल में कृषि और स्वरोजगार की हिस्सेदारी बढ़ी और महिलाओं के लिए यह अभी भी कोविड से पहले के मुकाबले ज्यादा है।





- संजीव

> सब्सिडी के मोर्चे पर, वित्त वर्ष–25 के लिए उर्वरक सब्सिडी 202250 करोड़ रुपये आंकी गई है, जो वित्त वर्ष–24 के संशोधित अनुमान से मामूली रूप से 3 फीसदी कम है। यह दशार्ता है कि इस बात को लेकर आशावादी है कि वित्तीय वर्ष–25 में यूरिया,डीएपी और अन्य उर्वरक की कीमतें वित्त वर्ष 24 के मुकाबले कम रहेंगी।

## जल जीवन मिशन को मिला आवंटन

अन्य योजनाओं में, जल जीवन मिशन को वित्त वर्ष-25 में लगभग 70613 रुपये का आवंटन मिला है जो वित्त वर्ष-24 के समान है। बता दें कि जल जीवन मिशन ग्रामीण घरों में पाइप से पानी पहुंचाने का वादा करता है।

## बजट में कृषि क्षेत्र को क्या मिला?

कृषि क्षेत्र में, पीएम-किसान (ढट-ङकरअठ) योजना के तहत मिलने वाली रकम में बढ़ोतरी की उम्मीद थी, लेकिन वह नहीं हुई। जबकि, वित्त मंत्री ने किसानों के लिए कई अन्य लाभों का वादा किया, जिसमें तिलहन के लिए ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ण अभियान शामिल है, जो मोदी सरकार के पिछले पूर्ण बजट में पेश किए गए इसी तरह के प्रस्ताव पर आधारित है।

अंतरिम बजट में डेयरी विकास, मछली पालन और खेती में मूल्यवर्धन की योजनाओं को भी बढ़ावा मिला।

## फर्टिलाइजर,डीएपी की घटेगी कीमते!

सब्सिडी के मोर्चे पर, वित्त वर्ष-25 के लिए उर्वरक सब्सिडी 202250 करोड़ रुपये आंकी गई है, जो वित्त वर्ष-24 के संशोधित अनुमान (फी५रीए२३ेंइी) से मामूली रूप से 3 फीसदी कम है। यह दशार्ता है कि इस बात को लेकर आशावादी है कि वित्तीय वर्ष-25 में यूरिया,डीएपी और अन्य उर्वरक की कीमतें वित्त वर्ष 24 के मुकाबले कम रहेंगी।

एक सीमियर इंडस्ट्री एग्जिक्यूटिव ने कहा, वित्त वर्ष-24 में, संशोधित अनुमान में उर्वरक सब्सिडी 189,000 करोड़ रुपये आंकी गई है, जो 175,100 करोड़ रुपये के बजट अनुमान से थोड़ा ज्यादा है क्योंकि सरकार ने पूरक के माध्यम से 13,000 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। लेकिन मेरा अनुमान है कि वित्तीय वर्ष-24 में, वास्तविक खर्च लगभग 200,000 करोड़ रुपये होगा।

## फूड सब्सिडी और फ्यूल सब्सिडी पर कितना मिला?

फूड सब्सिडी 2,05,250 करोड़ रुपये आंकी गई है जो मुफ्त खाद्यान्न योजना पर खर्च के रूप में वित्त वर्ष-24 से थोड़ी कम है। जबकि, ईंधन सब्सिडी 11,925 करोड़ रुपये आंकी गई है जो वित्त वर्ष-24 के संशोधित अनुमान के करीब-करीब बराबर है लेकिन महिलाओं के लिए उज्ज्वला योजना के विस्तार के कारण वित्त वर्ष 23 के बजट अनुमान से इससे काफी ज्यादा है।

## खास बात

### ग्रोथ का बजट



**सीए रंजीत सिंह**

यह गरीबी कम करने वाला बजट है। यह अंतरिम बजट है।

आयकर से संबंधित जो 25 हजार तक के विवाद जो 2009-10 तक के हैं और 10 हजार के विवाद हो 2014-15 तक के हैं वे खत्म कर दिये जायेंगे। इससे लोगों को बहुत सकून मिलेगा।

बजट देश के विकास के लिये दूरदर्शी समझ के साथ प्रस्तुत किया गया है।

सरकार ने महिला उद्यमियों को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण उपलब्ध कराए हैं। एसटीईएम पाठ्यक्रमों में अब 43 फीसदी नामांकन लड़कियों और महिलाओं का है। ये दुनिया में सबसे ज्यादा है। वित्त मंत्री ने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत 70 फीसदी से अधिक घर ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को दिए गए हैं। सरकार लड़कियों (9-14 वर्ष) के लिए सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। बेहतर पोषण वितरण के लिए सक्षम आंगनवाड़ी और पोषण 2.0 में तेजी लाई जाएगी।

सरकार अगले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत अतिरिक्त 2 करोड़ घर बनाने का लक्ष्य रख रही है। निर्मला सीतारमण ने कहा कि नागरिकों को घर खरीदने या बनाने में मदद के लिए मध्यम वर्ग के लिए एक नई आवास योजना शुरू की जाएगी।

सरकार राज्यों को प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्र विकसित करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। इसके अलावा, विकास को प्रोत्साहित करने के लिए राज्यों को दीर्घकालिक ब्याज मुक्त लोन प्रदान किया जाएगा। सरकार ने कहा कि लक्षद्वीप सहित आईलैंड्स में बंदरगाह कनेक्टिविटी, पर्यटन बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के लिए प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे।

आधारभूत संरचना पर भी बजट में वृद्धि कर विकसित भारत 4047 की दिशा में ठोस कदम उठाया गया है। यह बजट सभी के लिये सभी का बजट है।

**हमें** गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, उनकी जरूरतें और आकांक्षाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

**- निर्मला सीता रमण केन्द्रीय वित्त मंत्री**

## आपके ट्वीट

इस बजट में युवा भारत की युवा आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। बजट में दो महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। अनुसंधान और नवाचार पर 1 लाख करोड़ का फंड बनाने की घोषणा की गई है।

**-नरेन्द्र मोदी**





यह एक विराम है
जीवन महासंग्राम है
हर पल लड़ा हूं, हर
पल लड़ूंगा
पर समझौते की भीख
मैं लूंगा नहीं
क्या हार में, क्या जीत में
किंचित नहीं भयभीत मैं

**- हेमंत सोरेन**

# दूरदृष्टि और ठोस योजनाओं की मार्ग प्रशस्त करता बजट



**अजयदीप बाधवा**

**बजट 2024 में कर में राहत है क्या?** उतर विशेष नहीं। दरअसल यह बजट अंतरिम था तो भारत सरकार ने कर में कोई परिवर्तन नहीं किया है। स्टार्ट अप और पेंशन फंड के लिए मामूली कर राहत है पर आम आदमी के लिए कर में कोई परिवर्तन नहीं है।

**प्रश्नः क्या आया कर के दर में कोई परिवर्तन है? उतर नहीं**

**प्रश्न इस बजट की बड़ी घोषणाएं क्या हैं?**

उतर विशेष नहीं। पर वितमंत्री ने इन्फ्रास्ट्रक्चर पर जोर दिया है। २ करोड़ नए घर प्रधान मंत्री आवास योजना ग्रामीण में बनाए जायेंगे। सरकार कैपिटल एक्सपेंडिचर में 11.11 लाख करोड़ रुपए खर्च करेगी, जो की हमारी जीडीपी का 3.4% होगा। 40000 रेल की सामान्य बोगियों को वंदे भारत जैसी बोगियों में बदला जाएगा।

**प्रश्नः सरकार का डिसइन्वेस्टमेंट पर क्या टारगेट है?**

वर्ष 2023& 24 के लक्ष्य को तीस हजारकरोड़ कर दिया गया है।2024&25 का यह लक्ष्य 40 हजार करोड़ है।

**प्रश्नः किसानों के लिए बजट में क्या है।**

किसान फसल योजना में 4 करोड़ किसानों को लाया जाएगा।

पीएम किसान योजना के अंतर्गत

## बजट

11.8 करोड़ किसानों को लाया जाएगा।

**निष्कर्ष** : वास्तव में अगर आप मोदी जी का 10 वर्ष के शासन के सारे बजट को देखें तो उन सबमें सरकार ने पूर्व सरकारों की तरह आम जनता को तुरंत खुश करने वाली घोषणाएं करने से स्वयं को बचाया है। अपना ज्यादा फोकस उन निर्णयों को लेने में लगाया है जिसमें देश को दूरगामी लाभ हो।

इस बार तो सरकार को ऐसा करने का बहाना मिल गया क्योंकि चुनाव के सरकार ने अंतरिम बजट पेश करने का निर्णय लिया और स्वयं को लोभ लुभावने वादों को करने से बचा लिया।

इस कारण इस बार का बजट भी दूरगामी कदमों, जैसे इन्फ्रास्ट्रक्चर आदि की ज्यादा बात करता है।

मेरे विचार से अगर यही सरकार चुनाव के बाद पुनः आती है तो पूर्ण बजट में बिलकुल लोभ लुभावने वायदे नहीं होंगे और सरकार का सरकार पूरा ध्यान भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने पर होगा जिसका इस बजट में हल्की से चर्चा भी है

प्रधान मंत्री ने दुबई में जो घोषणा की थी उसका भी इस बजट में ध्यान रखा गया है और सरकार ने छत पर आधारित सोलर पैनल, ई बस और ग्रीन एनर्जी की बात की है जिस से भारत 2070 तक कार्बन न्यूट्रल के लक्ष्य को प्राप्त कर सके।

वैसे, सरकार ने इस बजट से बड़ा मैसेज भी दिया है। उसने दिखाया है कि वह लोगों को लुभाने के लिए बजट को चुनावी हथकंडा नहीं बनाएगी। इसके जरिये यह भी दशार्या गया है कि जनकल?याणकारी स्?कीमों का ऐलान करने के लिए उसके पास सिर्फ बजट में ही एक मंच नहीं है।

1. आयकर स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया।
2. कॉर्पोरेट टैक?स की दर को 22% से घटाकर 21% करने की घोषणा ।
3. कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपये का आवंटन किया गया।
4. फसल बीमा योजना का विस्तार किया गया।
5. किसान क्रेडिट कार्ड के लिए लोन सीमा को बढ़ाकर 1.6 लाख रुपये किया गया।

# पैसा कहां से आया - कहां जाएगा? जानिए 1 रुपये का पूरा हिसाब-किताब

**अनल कुमार**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार सुबह 11 बजे संसद में 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट पेश किया। वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने लगातार छठा बजट पेश करके मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। मोरारजी देसाई ने दो अंतरिम बजट पेश (एक 1962 में और दूसरा 1967 में) किए थे। देसाई को लगातार छह बजट पेश करने का गौरव प्राप्त है। उन्होंने कुल 10 केंद्रीय बजट पेश किए थे।

आम बोलचाल की भाषा में समझे तो बजट एक बहीखाता है, जो यह बताता है कि सरकार के पास रुपया कहां से आता है और कहां जाता है। बजट को आसानी से समझने के लिए हम सरकारी खजाने में आने वाले 1 रुपये का हिसाब-किताब देख सकते हैं।

## 100 पैसे कहां से आएंगे

सरकार के खजाने में आने वाले प्रत्येक एक रुपये में 63 पैसा डायरेक्ट, इनडायरेक्ट टैक्स से आएगा। इसके अलावा 28 पैसा कर्ज और अन्य देयताओं, सात पैसे विनिवेश जैसे गैर-कर स्रोतों से और एक पैसा गैर कर्ज पूंजी प्राप्तियों से आएगा।

आम बजट 2024-25 के अनुसार, कुल मिलाकर 36 पैसे डायरेक्ट टैक्स से आएंगे। इसमें कॉरपोरेट और पर्सनल इनकम टैक्स शामिल है। इनकम टैक्स से 19 पैसे आएंगे, वहीं कॉरपोरेट

## बजट

टैक्स से 17 पैसे आएंगे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा गुरुवार को संसद में पेश किए गए अंतरिम बजट के अनुसार, इनडायरेक्ट टैक्स में माल एवं सेवा कर (ऋरळ) से सर्वाधिक 18 पैसे आएंगे। इसके अलावा, सरकार को हर रुपये में पांच पैसे उत्पाद शुल्क से और चार पैसे सीमा शुल्क से हासिल करेगी। अंतरिम बजट 2024-25 के अनुसार, उधार और अन्य देनदारियों से संग्रह 28 पैसे प्रति रुपया होगा।

## रुपया कहां जाएगा

खर्च के मामले में, ब्याज भुगतान और करों और शुल्कों में राज्यों की हिस्सेदारी प्रत्येक रुपये के लिए 20 पैसे है। रक्षा क्षेत्र के लिए आठ पैसे प्रति रुपये आवंटित किए गए हैं। केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं पर खर्च प्रत्येक रुपये में से 16 पैसे होगा, जबकि केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए आवंटन आठ पैसे है। वित्त आयोग और अन्य हस्तांतरणह्ण पर व्यय 8 पैसे है। वहीं सब्सिडी और पेंशन मद में व्यय क्रमशः 6 पैसे और 4 पैसे होगा सरकार हर रुपये में से नौ पैसे अन्य व्यय मद में खर्च करेगी।

लोकसभा चुनाव से पहले सरकार का आखिरी बजट - अंतरिम बजट पेश किया। बजट ने किसी भी बड़े उपहार का विरोध किया, लेकिन पूंजीगत व्यय परिव्यय को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ कर दिया। सरकार ने कहा कि वह अपने राजकोषीय घाटे को इस वर्ष के 5.8 प्रतिशत से घटाकर 2024-25 में 5.1 प्रतिशत कर देगी।

यह सबसे छोटे भाषणों में से एक था। किसी भी लोकलुभावन उपाय की घोषणा नहीं की गई जैसा कि पारंपरिक रूप से चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है। एक स्वागत योग्य और मुझे उम्मीद है, स्थायी दृष्टिकोण।

राजकोषीय घाटे का लक्ष्य था कल्पना से बेहतर। साथ ही कहा कि किसी बड़े कर परिवर्तन की घोषणा नहीं की गई, उन्होंने कहा कि व्यवसाय स्थिरता और पूवार्नुमान को उच्च महत्व देते हैं, जो इस बजट में स्पष्ट था। लोकलुभावन न होकर एक बेहतर प्रयास है यह अंतरिम बजट।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### पीवीयूएनएल ने सरकारी विद्यालय के बच्चों के बीच बांटा बैग व बोतल



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बलकुदरा पंचायत के सरकारी विद्यालय के बच्चों के बीच अपने सामुदायिक विकास के तहत पीवीयूएनएल ने बुधवार को स्कूली बैग व पानी बोतल का वितरण किया। पीवीयूएनएल के सीनियर मैनेजर संतोष कुमार, सीएसआर के कार्यपालक निशांत कुमार व चेतक कुमार के उपस्थिति में पंचायत के मुखिया विजय मुंडा व पंचायत समिति सदस्य राजु मुंडा द्वारा 74 बच्चों के बीच बैग व वाटर बोटल का वितरण किया गया। मुखिया विजय मुंडा ने कहा की बच्चों के पठन-पाठन में किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने के लिए भी प्रेरित किया। बैग व पानी बोतल मिलने से बच्चों में काफी हर्ष का माहौल देखने को मिला।

### बजट में सबका ध्यान : राजीव

**रामगढ़।** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने बजट की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि 2047 तक बनेगा विकसित भारत। पामदत्त ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी को पूरा करने वाला बजट है। बजट में गरीब को खास कर ग्रामीण इलाकों में दो करोड़ घर बनाने की बात है। युवा वर्ग के लिए नवाचार और अनुसंधान क्षेत्र में स्वरोजगार के जरिए रोजगार की गारंटी है। पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए ब्याज मुक्त ऋण देने,किसान के लिए नैनो यूरिया के बाद अब नैनो डीएपी और आधी आबादी के बेहतर जीवन के लिए अधिक से अधिक महिलाओं को सेल्फ हेल्प ग्रुप से जोड़ना, आशा बहनों और सहिया दीदी के लिए आयुष्मान योजना से जोड़ने की गारंटी है।

### छात्रों ने गांवों का किया सर्वे

**रामगढ़।** राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग द्वारा शैक्षणिक ग्रामीण सर्वे चेटर गांव के विभिन्न मोहल्लों में किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों प्रशिक्षुओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्रों का 18 ग्रुप बनाकर गांव के विभिन्न मोहल्लों में जा कर सर्वे किया। सर्वे का उद्देश्य अधिकार एवं कर्तव्यों के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना था। कुलाधिपति बी.एन.साह ने इस तरह के आयोजन को समाज को जागरूक करते रहने पर बल दिया।मौके पर विश्वविद्यालय के वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ.संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अशोक कुमार, सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ. रश्मि, प्रबंध समिति के कार्यकारिणी सदस्य अजय कुमार, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू तिवारी, व्याख्याता डॉ. रंजना पांडेय, डॉ.आशा प्रकाश व अनुराधा लकड़ा उपस्थित थे।

### बजट को भाजपा ने बताया शानदार



**कुजू।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपना छठा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूसरे कार्यकाल का आखिरी बजट में देश के विकास को दिशा देने वाला बजट रहा। बजट को लेकर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति, नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी, भाजयुमो मांडू मंडल अध्यक्ष रवि साहू, डिंपल प्रजापति सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को हीं बजट सत्र आरंभ होने से पहले इसके साफ संकेत दिए जो आर्थिक विशेषज्ञों के मुताबिक अंतरिम बजट ऐसे विकास का दिशा-निर्देशक होगा जो देश को अगले तीन वर्षों से भी कम समय में पांच ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने में सक्षम होगा।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

**रामगढ़।** चुटूपालू घाटी में गुरुवार को सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। घटना के बाद चुटूपालू घाटी में जाम हो गयी। एक सीमेंट लदा एलपी ट्रक जेएच10सी 3960 ने एक बाइक सवार को अपने चपेट में ले लिया। जिससे 30 वर्षीय व्यक्ति की घटनास्थल पर मौत हो गयी। दुर्घटना के बाद एलपी ट्रक का चालक गाड़ी को खड़ा कर भाग निकला। दुर्घटना के बाद रामगढ़ रांची मार्ग जाम हो गया। जिसकी जानकारी के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जाम हटवाया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

### अमरेंद्र गुप्ता ने की बजट की प्रशंसा



**मांडू।** पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार गुप्ता ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा द्वारा पेश अंतरिम बजट की सराहना की गयी है। उन्होंने कहा है की बजट में गांव, गरीब, किसान, महिला नवयुवकों को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था की गयी है। बजट में प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के सबका साथ सबका विकास की झलक समाहित है।

### आंध्र की अधेड़ महिला पहुंची भुरकुंडा



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** आंध्र प्रदेश से भटककर एक अधेड़ वृद्ध महिला भुरकुंडा पहुंची है। जो अस्वस्थ्य भी है। जिसे भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने भुरकुंडा अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां इलाज चल रहा है। भटकी महिला अपना नाम राजलक्ष्मी बता रही है। महिला का रंग सांवला, हल्का कत्था रंग का शॉल, आसमानी रंग स्वेटर और साड़ी पहनी हुई है।

### मोदी के गारंटी का बजट है : अमरेश सिंह



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता पाटी के भुरकुंडा मंडल उपाध्यक्ष ने कहा कि यह अंतरिम बजट भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गारंटी को गारंटी देनें वाला बजट है। राष्ट्र को प्रथम मानते हुए इस बजट में सभी तरह के लोक लुभावने वायदों से परहेज किया गया है। आत्मनिर्भर भारत की तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था किसी भी प्रकार से प्रभावित न हो पाए इस बात का ध्यान रखते हुए टैक्स के स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने पर जोर दिया गया है। निमित्त पर्यटन के क्षेत्र में विकास हेतु विभिन्न प्रकार के कारीडोर बनेंगे जिससे राज्यों के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार का सृजन होगा।

# बिजली के तार से मिस्त्री की मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

## बरही में परिजनों ने किया घंटो सड़क जाम

▸▸ मनोज कुमार की ग्यारह हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से गयी जान



**बरही।** बिजली विभाग में अनुबंध पर बहाल मिस्त्री मनोज कुमार की ग्यारह हजार वोल्ट बिजली तार की चपेट में आने से मौत हो गयी। तत्काल स्थानीय लोगो ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक प्राइवेट गितराज नामक कम्पनी में लाइन मैन के रूप में पदस्थापित था। परिजनों ने अनुमंडलीय अस्पताल के समीप मृतक का शव रखकर सड़क जाम कर दिया।जबकि सामाजिक व राजनीतिक कार्यकताओं ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर शव को हटाकर सड़क जाम मुक्त कराया। पुनः ग्रामीणों व परिजनों ने दूसरे दिन एक बार फिर अनुमंडलीय अस्पताल के समीप सड़क जाम कर दिया और विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे।

तीन घंटे बाद सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओं कि पहल पर अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि आपदा राहत कोष से उन्हें सहयोग, पीड़ित परिवार के एक व्यक्ति को अनुबंध पर नौकरी और तत्काल शव के दाह संस्कार को लेकर कुछ सहायता राशि दी जाएगी। जिसके बाद परिजनों ने सड़क जाम को हटाया और बरही पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेजा।

सड़क जाम हटाने में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी रोहित कुमार सिंह, सर्किल इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा लगे रहे। जाम हटाने से लेकर परिजनों को समझाने में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि छोटन ठाकुर, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, कोनरा मुखिया प्रतिनिधि मो ताजुद्दीन, करसो मुखिया प्रतिनिधि मुकेश राम, कोनरा पंसस प्रतिनिधि मो सागिर, कांग्रेस युवा प्रकोष्ठ विस अध्यक्ष मनोहर यादव सहित अन्य विद्युत कर्मी मौजूद रहे। मो सेराज ने बताया कि मृतक की दो छोटी छोटी बच्ची है। उन्होंने कहा कि उनलोग की तरफ से जितना सहयोग हो पायेगा वह अवश्य करेंगे।

# सभी स्कूलों में पेयजल सुनिश्चित करें : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना को लेकर रामगढ़ के उपायुक्त ने की बैठक, दिये कई निर्देश**



रामगढ़। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत गुरुवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक हुई। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत संचालित मध्यान भोजन व इस संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने रियल टाइम मॉनिटरिंग के मद्देनजर बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों द्वारा मध्यान भोजन से संबंधित निरीक्षण के क्रम में जानकारी के साथ प्रारूप अनुरूप विस्तृत रिपोर्ट को गूगल ड्राइव में अपलोड करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए पेयजल की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने हेतु ऐसे विद्यालय जिनमें किचन गार्डेन के लिए जगह उपलब्ध है उन्हें चिन्हित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य जांच कराने एवं उन्हें आयरन की गोली खिलाने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं 60 साल से ज्यादा उम्र की रसोइयों का वृद्धा पेंशन शुरू करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया। साथ ही उन्होंने सभी सरकारी विद्यालयों में एक निश्चित समय पर ही बच्चों को एमडीएम देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को एक महीने के अंदर संयोजिका समिति का पुनर्गठन करने का भी निर्देश दिया। बैठक में जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## धनवार मुखिया राजेंद्र प्रसाद ने बच्चों को किया सम्मानित



**बरही।** धनवार में संचालित कॉस्मिक पब्लिक स्कूल में दसवीं के छात्र-छात्राओं को संयुक्त रूप से विदाई समारोह हुआ। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ नृत्य भी किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा एक आदर्श विद्यार्थी के सभी अच्छे गुणों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने अपने तरफ से दसवीं के सभी छात्र छात्राओं को विदाई सह सम्मान समारोह में डायरी और पेन देकर सम्मानित किया। मंच संचालन स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद ने किया। प्रधानाध्यापक राकेश कुमार राणा ने कहा कि मैं इस आशा के साथ आप सभी को अलविदा कहता हूं कि आप जो भी करेंगे उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। मौके पर स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, ब्रह्मदेव यादव, प्रकाश साव, अजय कुमार कुशवाहा, प्रधानाध्यापक राकेश कुमार राणा, पूर्व प्रधानाध्यापक राजेंद्र प्रसाद, रामदेव यादव सहित सभी छात्र-छात्राएं अभिभावक एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पूर्व विधायक ने टोइया में प्रवचन का किया शुभारंभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चौपारण।** सेलहारा पंचायत के टोईया में नौ दिवसीय महायज्ञ के प्रवचन संध्या का पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने शुभारम्भ किया। इससे पूर्व आयोजन समिति ने पूर्व विधायक सहित अन्य अतिथियों को प्रभु श्रीराम का पट्टा देकर स्वागत किया।

पूर्व विधायक ने कहा कि कलश यात्रा में मधुमक्खी ने कुछ श्रद्धालुओं को घायल कर दिया था, कहा ये घटना भी प्रभु की कोई न कोई कृपा होगा। कहा आप जीवन मे अच्छे कर्म करे भगवान की कृपा बनती और जीवन प्रगति के पथ लर बढ़ता है। उपस्थित श्रद्धालुओं से कहा कि आप प्रवचन में सुने कथन को जीवन मे आत्मसात करें। कार्यक्रम का संचालन पुजारी सह शिक्षक बिनय कुमार रजक ने किया। यज्ञ को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष विनय कुमार रजक, उपाध्यक्ष अजीत शर्मा, सचिव शिवकुमार यादव, उपसचिव रेवल ठाकुर, कोषाध्यक्ष रामप्रवेश यादव, उपकोषाध्यक्ष पंकज कुमार यादव, संचालनकर्ता अर्जुन रजक, उप संचालककर्ता ननकू रजक, जितेंद्र रजक वार्ड सदस्य सक्रिय सदस्य सुरेंद्र यादव रामचंद्र यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

## गोंदलपुरा खनन शुरू होने से सरकार को मिलेगा 600 करोड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिजली की किल्लत होगी दूर और स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार**

**बड़कागांव।** झारखंड में इतना कोयला है कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ को कमाई में पीछे छोड़ सकता है। यह तभी संभव है, जब यहां कोयले का उत्पादन बढ़ाया जाए और आवंटित कोल ब्लॉकों में जल्द से जल्द खनन शुरू की जाए।झारखंड में अगर कोयला के उत्पादन की बात करें तो वर्ष 2022 में यहां 130.104 टन मिलियन कोयले का उत्पादन हुआ था, जबकि 2022-23 के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड का कोयला उत्पादन 12.94% की वृद्धि के साथ 703.21 मीट्रिक टन रहा।

सिर्फ अडाणी इंटरप्राइजेज के गोंदलपुरा खनन परियोजना के शुरू होने से राज्य सरकार को करीब 600 करोड़ रुपये का राजस्व हर साल मिलेगा।

**डीएमएफटी से हुई झारखंड को अच्छी आमदनी :** डीएमएफटी की बात करें तो देश में जितने पैसे इस फंड के तहत विभिन्न राज्यों को मिले हैं, उसमें सर्वाधिक आमदनी वाले शीर्ष तीन राज्यों में से झारखंड भी शामिल है।कोकिंग कोल के उत्पादन में झारखंड शीर्ष पर है। झारखंड ने पिछले वर्ष 119.226 मीट्रिक टन कोयला उत्पादन किया है और चौथे नंबर पर है

**पांच से 10 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार :** कोयला बहुत क्षेत्र हजारीबाग के बड़कागांव में आवंटित कोल ब्लॉकों में जल्द खनन शुरू होने से राज्य सरकार को राजस्व का अतिरिक्त लाभ होगा, जबकि यहां रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। खान विभाग के अधिकारियों के अनुसार, एक कोल ब्लॉक से औसतन पांच से दस हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का अवसर मिलता है। यहां खनन शुरू होने से इलाके की तस्वीर बदलेगी और विकास के नए आयाम दिखेंगे।

## रजरप्पा के रौनक राज ने जीता वीर गाथा पुरस्कार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

▸▸ माई रोल मॉडल विक्रम बत्रा पर पेंटिंग बनाने वाले रौनक का चयन सुपर-100 में हुआ था



रजरप्पा। सच्चे लगन एव निष्ठा से किया गया मेहनत कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है। हौसला अगर मजबूत हो तो कम उम्र में ही ऊंची उड़ान भरी जा सकती है। उसी प्रकार कम उम्र में ही ऊंची मुकाम हासिल करने वाले है रजरप्पा निवासी ललिता देवी व महेश कुमार के पुत्र रौनक राज। अपने कठोर परिश्रम से रौनक राज ने राज्य स्तर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर रजरप्पा क्षेत्र को गौरवान्वित किया।

डीएवी रजरप्पा में आठवीं कक्षा के छात्र रौनक राज महज 13 वर्ष के उम्र में ही कला के क्षेत्र में लगातार जलवा बिखेर रहे है। हाल के दिनों शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता वीरगाथा प्रोजेक्ट 3.0 का आयोजन किया गया था। जिसमें देश के 1 करोड़ 37 लाख स्कूली छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया था। माई रोल मॉडल विक्रम बत्रा विषय पर पेंटिंग बनाने वाले रौनक राज का चयन सुपर-100 में हुआ। इस उपलब्धि पर उन्हें दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस परेड समारोह में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया, उन्हें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के हाथों वीरगाथा विजेता के रूप में मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं दस हजार रुपए का चेक देकर पुरस्कृत किया गया। रौनक राज ने दोनों मंत्रियों को स्वहस्तनिर्मित तस्वीर भेंट स्वरूप दिया, जिसकी दोनों मंत्रियों ने अत्यंत ही सराहना की। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पुरस्कृत करते हुए उनके पेंटिंग की अत्यंत ही प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किये थे। रौनक राज क्षेत्र में आयोजित होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अव्वल स्थान प्राप्त करते आए है। दिल्ली में गणतंत्र दिवस पर आयोजित परेड में बतौर अतिथि शामिल होकर लौटने पर सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के मुख्य कार्यालय में सामुदायिक विकास पदाधिकारी आशीष झा, उपप्रबंधक (वित्त) चंद्रभूषण, कार्मिक पदाधिकारी (योजना व परियोजना) सुनील कुमार सिन्हा समेत अन्य ने सम्मानित किया। रौनक राज को सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है।

## जनता मजदूर संघ के अध्यक्ष हरिशंकर सिंह के निधन पर शोकसभा

कुजू। जनता मजदूर संघ सीसीएल कुजू क्षेत्र द्वारा संघ के सीसीएल जोन अध्यक्ष स्व हरिशंकर सिंह के निधन पर गुरूवार को नयामोड़ स्थित कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता संघ के कुजू क्षेत्रीय सचिव जगदीश महतो ने किया। संघ के सदस्यों ने अध्यक्ष द्वारा किये गये कार्यों का व्याख्यान किया गया। साथ ही उनके चित्र पर बारी-बारी से पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर जगदीश महतो ने कहा कि हरिशंकर सिंह मजदूर के समस्याओं के लिए हमेशा आगे रहे। श्रद्धांजलि सभा में एसके ओझा, नंदकिशोर प्रसाद, राजकुमार महतो, ललन यादव, कंचन सिंह, धनेश्वर महतो, रौशनलाल महतो, रंजीत सिंह, राजकुमार दास, बिगन राम, अख्तर हुसैन, रमाकांत मंडल, रोहन महतो, धर्मेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

## एक नजर में

### दिव्यांग बच्चों का खेलकूद प्रतियोगिता



**दारू।** मानव विकास के तत्वावधान मे दारू प्रखंड के हरली पंचायत के जतरा मेला मैदान में एक दिवसीय दिव्यांग एवं अन्य बच्चों के साथ खेलकूद प्रतियोगिता हुआ। हरली पंचायत के मुखिया फरजाना खातून ने दिव्यांग के परिवारों के बीच प्रेरणादायक बातों को रखा। इन्होंने बताया कि जिस घर में दिव्यांग होते है वैसे लोग बहुत भाग्यशाली होते है क्योंकि उन्हें अपने बच्चों को मदद करने का अवसर मिलता है। मानव विकास संस्था के सचिव बीरबल प्रसाद ने दिव्यांग बच्चों के परिवारों को बताया कि वैसे बच्चे जो स्कूल नहीं जा पाते है उनके लिए सरकार के तरफ से एक स्कॉट भत्ता दिया जाता है जिसमे 500 रुपए प्रति माह दिया जाता है। इसके बाद दिव्यांग बच्चों के साथ खेल कूद प्रतियोगिता प्रारंभ किया गया जिसमे लगभग सभी दिव्यांगजन बढ़ चढ़ कर खेल कूद प्रतियागिता में भाग लिया। कार्यक्रम में सभी उपस्थित बच्चो को एक एक मेडल भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थाकर्मी राहुल कुमार,रोज बेनित एक्का,रोबिन कुमार,अमृत राम,राकेश अगरिया, सुनीता बेसरा,कुलदीप राणा, जोलेन हेरेंज,सुमित्रा देवी,रानी कुमारी एवम रिमीडियल क्लास के शिक्षक और शिक्षिकाएं मौजूद थे।

### खबर संकलन करने गये पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार

**चरही।** चरही सीसीएल कॉलोनी के समीप गुरुवार को सीओ आवास के समीप एक दैनिक समाचार पत्र के ब्यूरो चीफ अशोक नाग सुबह 10 बजे खबर संकलन करने गये थे। आवास के समीप भीड़ देखकर रुक गये। भीड़ का मोबाइल से फोटो लेने लगे। इतने में कुछ काम को लेकर आए कटकमदाग प्रखंड प्रमुख के पति उदय साव के द्वारा पत्रकार के साथ दुर्व्यवहार किया गया और मोबाइल को तोड़ दिया गया। इस मामले को लेकर चरही थाना में लिखित आवेदन दिया है। जिसमें लिखा कि उदय साव सीओ के आवास से अपने सहयोगियों के साथ बाहर निकले और पत्रकार को खिंचकर कुछ दूरी तक ले जाकर मोबाइल को छिनकर तोड़ दिया। साथ ही दुर्व्यवहार करते हुए जान से मार देने का धमकी दिया।आवेदन में यह भी आरोप लगाया है कि यह घटना सीओ और इनके साथ रहने वाले मुकरू निवासी संतोष सिंह पिता सूर्यनारायण सिंह के इशारे पर किया गया है। आरोप यह भी लगाया है कि सीओ ने भी अभद्र भाषा के प्रयोग करते हुए पत्रकार के विरुद्ध मामला दर्ज कराने की धमकी दी।

### तीउज पुनाई के प्रभारी प्रधानाध्यापक हटे

**दारु।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय तीउज पुनाई के प्रभारी प्रधानाध्यापक हीरालाल राम का कार्य संतोषजनक नही पाये जाने पर उनपर करवाई करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक पद से हटा दिया गया है। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेश्वर सिंह ने इस बारे मे विधिवत रूप से लिखित आदेश मे वर्तमान प्रभारी को हटाते हुए सहायक शिक्षक नितिन कुमार सिन्हा को प्रभार देने का निर्देश दिया गया है। इस बारे मे लिखित आदेश मे बीईओ ने बताया की प्रभारी प्रधानाध्यापक के खिलाफ मध्यान्ह भोजन सहित विद्यालय के अन्य कार्यों मे लापरवाही और अनितमीतता बरतने का आरोप ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा लगाए गये थे। जांच के लिए अगस्त 2023 मे पांच सदस्यों की एक टीम बनाई थी जिसमे प्रभारी के विरुद्ध की गयी शिकायत को सही पाते हुए उनके कार्य मे घोर अनियमितता, त्रुटिपूर्ण और असंतोसजनक पाया जिसके बाद उनसे अ स्पस्टीकरण पूछा गया जबाब संतोसजनक नही पाये जाने पर उनके खिलाफ करवाई की गयी है।

### जनता को अस्थिर कर रहा केंद्र : झामुमो

बरकट्ठा। ईडी के माध्यम से राज्य की जनता को अस्थिर कर रही है। एक षड़यंत्र के तहत राज्य के मुखिया हेमंत सोरेन को ईडी के माध्यम से फसाया जा रहा है। उक्त बातें झामुमो के नेता संजय साव ने कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार एक साजिश कर राज्य को बदनाम किया है। भाजपा सत्तालोलुपता में आ चुकी है। केंद्र की सरकार तानाशाह की ओर कदम रख चुकी है। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष मो कुदुश अंसारी ने कहा कि भाजपा द्वारा रची गई साजिश के तहत ईडी ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की है। इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम होगा। कहा कि भाजपा और केंद्र सरकार लोकतंत्र को समाप्त करने का प्रयास कर रही है।

### बरही में गरीबों के बीच वस्त्र का वितरण



**बरही।** बरही के प्रमुख व्यवसायी गुप्ता इम्पोरियम के प्रोपराइटर कृष्णा कुमार गुप्ता, धर्मेन्द्र कुमार गुप्ता, धुर्व कुमार गुप्ता, कुणाल कुमार गुप्ता समेत समस्त गुप्ता परिवार के सौजन्य से अम्बेडनगर के छोटे छोटे बच्चों कपड़ा वितरण किया गया। इस दौरान गुप्ता इम्पोरियम के प्रोपराइटर कृष्णा गुप्ता ने कहा कि मानव सेवा को देखते हुए निर्धन लोगों के बीच वस्त्र उपलब्ध करवा रहा हूँ। राष्ट्र के विकास में लोग अपनी अपनी सेवा कहीं भी और किसी भी प्रकार से दे सकते है। मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सेवा विभाग ने अहम भूमिका निभाते हुए प्रमुख रूप से त्रिवेणी साहू, गुरुदेव गुप्ता, सुभाष वर्णवाल, बिनोद जी, सुबोध कुमार, गोबिंद चंद्रवंशी ने सहयोग किया। इस कार्यक्रम में त्रिवेणी साहू और गुरूदेव गुप्ता ने गुप्ता इम्पोरियम परिवार को इस नेक कार्य के लिए साधुवाद दिया।

### तिरुपति भारत गैस एजेंसी में काउंटर बुकिंग बंद



**बरही।** बरही के गया रोड स्थित तिरुपति भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर उमेश ठाकुर ने कहा है कि 1 फरवरी से काउंटर बुकिंग सेवा बंद कर दी गयी है। ठाकुर ने बताया कि वॉक-इन ग्राहकों को आईवीआरएस, ई-भारतगैस पोर्टल, व्हाट्सएप, अमेजॅन या किसी पे एंड बुक ऐप के माध्यम से स्वयं बुकिंग करेंगे, तभी उपभोक्ता को गैस उपलब्ध करवा पाएंगे। बिना बुकिंग का अब गैस नही मिल पायेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी आग्रह किया है कि वह आईवीआरएस, ई-भारतगैस पोर्टल, व्हाट्सएप, अमेजॅन या किसी पे एंड बुक ऐप का उपयोग करें और आसानी से गैस प्राप्त कर सकते है।

### बरकट्ठा : हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ सड़क पर उतरे माले कार्यकर्ता



बरकट्ठा। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ गुरुवार को भाकपा माले और झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने संयुक्त रूप से बरकट्ठा प्रखंड मुख्यालय गेट से बाजार तक प्रतिवाद मार्च निकाला। माले कार्यकर्ताओं ने अपने हाथो मे तख्ती लेकर लोकतंत्र की हत्या बंद करो, अघोषित आपातकाल नहीं चलेगा, जनादेश का अपमान बंद करो के नारे के साथ प्रतिवाद मार्च निकालकर हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी की निंदा की। वहीं संबोधित करते हुए राज्य स्थाई कमेटी के सदस्य भुवनेश्वर केवट ने कहा कि केंद्रीय एजेंसियों के गलत दबाव के सामने हेमंत सोरेन झुकने के बजाय जेल जाना पसंद कर करोड़ों झारखंडियों के सम्मान को बढ़ाया है ।गैर भाजपा सरकारों को केंद्रीय एजेंसियों के द्वारा दबाव बढ़ाकर राज्य की सत्ता को हड़पने की साजिश कर रही है ।यह पूरी तरह से लोकतंत्र की हत्या है भाकपा माले केंद्र सरकार की तानाशाही के खिलाफ लड़ती रहेगी प्रखंड सचिव शेर मोहम्मद ने कहा कि भाजपा भ्रष्टाचार की मशीन है । कार्यक्रम में बिशुन यादव, योगेश्वर साहू, किशन मोदी, चिंतामणि पासवान, महेश पासवान, शामेल टुडू, सीताराम पासवान, राजू प्रसाद, हीरालाल आदि उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर आश्वस्त मोदी सरकार, लोकलुभावन वादों से बनायी दूरी

जीवीएस शास्त्री

**भाषण** का एक बड़ा हिस्सा इस बारे में था कि नरेंद्र मोदी सरकार ने क्या हासिल किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार 2014 से पहले 'हम कहां थे' और आज भारत कहां है, इस पर एक श्वेत पत्र लाएगी। भाषण में 'अमृत कल' की रणनीति पर एक पूरा खंड था, जिससे पता चलता है कि बीजेपी का मानना है कि वह वर्षों तक सत्ता में बनी रहेगी।

इस बार के बजट में सरकार ने किसी भी तरह के लोकलुभावन घोषणाओं से बचने की कोशिश करते हुए बिल्कुल सधी हुई बातें ही रखीं। सरकार ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर स्लैब में भी कोई बदलाव नहीं किया। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण का गुरुवार को लोकसभा में पेश किया गया अंतरिम बजट एक दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ आकांक्षी भारत तक पहुंचने की कोशिश रही। इससे पता चलता है कि सरकार अगले लोकसभा चुनाव में सत्ता में वापसी को लेकर निश्चिंत है। वित्तमंत्री ने कहा कि पूरे देश के विकास के भाव के साथ देश ने महामारी की चुनौती पर सबके प्रयास से काबू पा लिया।

## सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में लंबे कदम उठाए हैं

इसके साथ ही सरकार ने ह्वआत्मनिर्भर भारतह्ल की दिशा में लंबे कदम उठाए, ह्वपंच प्राणह्ल के लिए प्रतिबद्धता जताई और ह्वअमृत कालह्ल की मजबूत नींव ठोस कदम उठाए। इसका नतीजा यह है कि हमारे युवा देश की उच्च आकांक्षाएं हैं, अपने वर्तमान पर गर्व है और अच्छे भविष्य के लिए आशा और विश्वास है। वित्तमंत्री ने कहा, ह्लहम उम्मीद करते हैं कि हमारी सरकार को उसके शानदार काम के आधार पर जनता एक बार फिर शानदार जनादेश देगी।

## वित्तमंत्री के भाषण में अमृत काल की रणनीति पर पूरा एक खंड था



भाषण का एक बड़ा हिस्सा इस बारे में था कि नरेंद्र मोदी सरकार ने क्या हासिल किया है। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार 2014 से पहले ह्वहम कहां थे और आज भारत कहां है, इस पर एक श्वेत पत्र लाएगी। भाषण में ह्वअमृत काल की रणनीति पर एक पूरा खंड था, जिससे पता चलता है कि बीजेपी का मानना है कि वह वर्षों तक सत्ता में बनी रहेगी।

## सरकार का बजट में महिला कल्याण योजनाओं पर प्रमुखता से जोर

सीतारमण ने महिलाओं के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों के बारे में बताते हुए तत्काल तीन तलाक को अवैध बनाने का भी जिक्र किया। इसमें लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में एक तिहाई सीटों का आरक्षण और पीएम आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को एकल या संयुक्त स्वामी के रूप में 70% से अधिक घर देना शामिल है।

## सोलर रूफ टॉप वाले 1 करोड़ घरों को मुफ्त बिजली, इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं

बीजेपी की वैचारिक पिच को कल्याणकारी योजनाओं के साथ जोड़ते हुए वित्त मंत्री ने कहाः ह्लपहले सामाजिक न्याय ज्यादातर एक राजनीतिक नारा था। हमारी सरकार के लिए सामाजिक न्याय एक प्रभावी और आवश्यक शासन मॉडल है। सभी पात्र लोगों को शामिल करने का संतृप्ति दृष्टिकोण सामाजिक न्याय की सच्ची और व्यापक उपलब्धि है। यह कार्रवाई में धर्मनिरपेक्षता है, भ्रष्टाचार को कम करती है और भाई-भतीजावाद को रोकती है। इसमें पारदर्शिता और आश्वासन है कि लाभ सभी पात्र लोगों तक पहुंचाया जाता है, संसाधनों का उचित वितरण किया जाता है। सभी को उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा की परवाह किए बिना, अवसरों तक पहुंच मिलती है। हम प्रणालीगत असमानताओं को दूर कर रहे हैं जिसने हमारे समाज को त्रस्त कर दिया है।

सीतारमण ने कहा, सरकार के एजेंडे में अगले मुद्दों में से एक, तेजी से जनसंख्या वृद्धि और जनसांख्यिकीय परिवर्तनों से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों पर व्यापक विचार के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति थी। उन्होंने कहा, समिति को विकसित भारत के लक्ष्य के संबंध में इन चुनौतियों से व्यापक रूप से निपटने के लिए सिफारिशें करने का काम सौंपा जाएगा।बजट भाषण में सीमित लोकलुभावन पिच अगले पांच वर्षों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2 करोड़ नए घरों के निर्माण की घोषणा करना और आशा और आंगनवाड़ी कार्यकताओं के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना आयुष्मान भारत के विस्तार की घोषणा करना था।

## छोटा भाषण, कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं...

छोटा भाषण, कोई लोकलुभावन घोषणा नहीं... जानें आनंद महिंद्रा ने बजट के बारे में और क्या कहा

महिंद्रा समूह के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा ने कहा कि हर साल बजट को लेकर बहुत नाटक रचा जाता है। जिससे नीतिगत घोषणाओं की उम्मीदें ह्वअवास्तविक रूप से उग्र स्तरह्ल तक बढ़ जाती हैं। बजट आवश्यक रूप से परिवर्तनकारी नीतिगत घोषणाओं का अवसर नहीं है। ये पूरे साल भर हो सकते हैं और होने भी चाहिए।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की ओर से आज सुबह पेश किए अंतरिम बजट की सराहना करते हुए उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने एक लंबी पोस्ट में कहा कि बजट आवश्यक रूप से नीतिगत घोषणाएं करने का अवसर नहीं है। महिंद्रा समूह के अध्यक्ष ने कहा कि हर साल बजट को लेकर बहुत नाटक रचा जाता है। जिससे नीतिगत घोषणाओं की उम्मीदें ह्वअवास्तविक रूप से उग्र स्तरह्ल तक बढ़ जाती हैं। बजट आवश्यक रूप से परिवर्तनकारी नीतिगत घोषणाओं का अवसर नहीं है। ये पूरे साल भर हो सकते हैं और होने भी चाहिए।

आनंद महिंद्रा ने आगे कहा कि जैसा कि यह सभी निजी परिवारों के लिए है। बजट विवेकपूर्ण ढंग से और राजकोषीय शुद्धता के साथ हमारे वित्त की योजना बनाने का एक अवसर है। जितना अधिक हम अपने साधनों के भीतर रहने और एक मजबूत लेकिन टिकाऊ भविष्य के लिए निवेश करने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, उतना ही अधिक आत्मविश्वास हासिल करेंगे।

### बजट से खुश होने के बताए ये चार कारण

आनंद महिंद्रा ने अंतरिम बजट से खुश होने के चार कारण भी साझा किए, जिनमें वित्त मंत्री का संक्षिप्त भाषण, कोई लोकलुभावन घोषणाएं नहीं होना, बेहतर राजकोषीय घाटे का लक्ष्य और कराधान में कोई बदलाव नहीं होना शामिल है। आगे उन्होंने कहा कि यह सबसे छोटे भाषणों में से एक था। किसी भी लोकलुभावन उपाय की घोषणा नहीं की गई जैसा कि पारंपरिक रूप से चुनाव पूर्व बजट में उम्मीद की जाती है। एक स्वागत योग्य और मुझे उम्मीद है, स्थायी दृष्टिकोण। राजकोषीय घाटे का लक्ष्य था कल्पना से बेहतर। साथ ही कहा कि किसी बड़े कर परिवर्तन की घोषणा नहीं की गई, उन्होंने कहा कि व्यवसाय स्थिरता और पूर्वानुमान को उच्च महत्व देते हैं, जो इस बजट में स्पष्ट था।

उद्योगपति ने कहा कि वास्तव में अच्छी खबर जीडीपी अनुपात में उच्च कर है। इसकी लंबे समय से उम्मीद की जा रही थी और जो जरूरत पड़ने पर राजकोषीय लचीलेपन और आक्रामक व्यय के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है। वित्त मंत्री को इसे और अधिक जोर से प्रचारित करना चाहिए।

### ये रहा बजट का विवरण

वित्त मंत्री ने आज सुबह लोकसभा चुनाव से पहले सरकार का आखिरी बजट - अंतरिम बजट पेश किया। बजट ने किसी भी बड़े उपहार का विरोध किया, लेकिन पूंजीगत व्यय परिव्यय को 11.1 प्रतिशत बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ कर दिया। सरकार ने कहा कि वह अपने राजकोषीय घाटे को इस वर्ष के 5.8 प्रतिशत से घटाकर 2024-25 में 5.1 प्रतिशत कर देगी।

# अंतरिम बजट से किसी को हुई घोर निराशा तो कोई उत्साह से भर गया, जानिए अंतरिम बजट नेताओं के रिएक्शन

**अंतरिम** बजट से किसी को हुई घोर निराशा तो कोई उत्साह से भर गया, जानिए अंतरिम बजट नेताओं के रिएक्शन

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अंतरिम बजट पेश करने के बाद कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों की प्रतिक्रियाएं सामने आने लगी है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मोदी सरकार का आखिरी बजट पेश किया। बजट भाषण 58 मिनट लंबा था और इसमें कई ऐलान किए गए। यह अंतरिम बजट था क्योंकि अप्रैल-मई में लोकसभा चुनाव होने हैं। पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद जुलाई में पेश होने की उम्मीद है। यह वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के कार्यकाल छठा बजट था। वित्त मंत्री ने कहा कि यह बजट महिलाओं, किसानों, गरीब वर्ग को केन्द्रित कर तैयार किया गया था। अब मोदी सरकार की ओर से पेश किए बजट पर अलग-अलग राजनीतिक प्रतिक्रियाएं आने लगी हैं। जानिए किसने क्या कहा?

## अंतरिम बजट पर किसने क्या कहा?



कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने बजट पर सवाल खड़े किए और कहा, ह्लक्या यह बेरोजगारों को रोजगार देने वाला बजट है। यह बजट इस साल के लोकसभा चुनाव में लोगों को लुभाने के अलावा कुछ नहीं है।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने भी बजट से नाखुशी जाहिर की और कहा कि यह अब तक का सबसे छोटा बजट भाषण था जिसमें कुछ भी सार्थक नहीं था। कांग्रेस सांसद ने कहा, ह्लहमेशा की तरह बहुत सारी अलंकारिक भाषा के साथ बिना ठोस रणनीति के बजट पेश किया गया है, कई बातें उनके भाषण में अस्पष्ट थी। जिसमें आंकड़ों की कमी थी और हवा ज्यादा थी। यह बहुत ही निराशजनक भाषण रहा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अंतरिम बजट पेश करने के बाद सांसद कार्ति चिदंबरम ने कहा कि मोदी सरकार के इस बजट में खुद की तारीफ, खुद को बधाई देने, और शब्द गढ़ने के अलावा और कुछ नहीं था। नेशनल कॉन्फ्रेंस के सांसद फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि वास्तविक बजट जुलाई में आएगा और उम्मीद है कि लोगों को उससे फायदा होगा, पर्यटन बढ़ेगा, उद्योग भी बढ़ेंगे और देश प्रगति करेगा।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बजट को उत्साहवादी बताया और कहा,ह्वजो अंतरिम बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किया गया है वह बहुत उत्साहजनक है और हम सभी को भविष्य के लिए बहुत आशान्वित करता है। मुझे उम्मीद है कि इससे भारतीय अर्थव्यवस्था 2027 तक 5 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ जाएगी और 2030 तक 7 ट्रिलियन डॉलर तक हो जाएगी।ह्व केंद्रीय बजट 2024 पर कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि इस बजट में मध्यम वर्ग और गरीबों के लिए कुछ भी शामिल नहीं है।

मध्य प्रदेश के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने कहा ह्वयह अच्छा बजट है और इसका स्वागत किया जाना चाहिए। इस बजट में गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों सभी का ख्याल रखा गया है. इसका फायदा मध्य प्रदेश को भी मिलेगा।

आप सांसद स्वाति मालीवाल ने कहा, ह्वयह निराशाजनक बजट है। देश में महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है लेकिन बजट में इसके बारे में कुछ भी नहीं है। यह आम जनता के लिए निराशाजनक बजट है।ह्व

केंद्रीय मंत्री गिरिराज ने बजट को विकसित भारत की ओर एक कदम बताया और कहा,ह्वयह बजट विकसित भारत के लिए स्थापित किए गए सभी चार स्तंभों-किसान, युवा, गरीब और महिलाओं को शामिल करता है। पीएम आवास योजना के तहत 2 करोड़ और घरों को स्वीकृत करते हुए एक निर्णय लिया गया है।

# अंतरिम बजट 2024 पेश करते ही निर्मला सीतारमण ने की मोरारजी देसाई के रिकॉर्ड की बराबरी

**वित्त** मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज (1 फरवरी, 2024) अपना लगातार छठा बजट पेश किया। वह मोरारजी देसाई के बाद लगातार छह वर्षों तक केंद्रीय बजट पेश करने वाली देश की दूसरी वित्त मंत्री बन गई हैं।

सीतारमण जुलाई 2019 से वित्त मंत्रालय की कमान संभाल रही हैं। वह देश की पहली पूर्णकालिक महिला वित्त मंत्री हैं। वह पहले ही पांच पूर्ण बजट पेश कर चुकी हैं और आज (1 फरवरी, 2024) अपना पहला अंतरिम बजट पेश किया। अंतरिम बजट पेश होने के बाद, उन्होंने मनमोहन सिंह, अरुण जेटली, पी चिदंबरम और यशवंत सिन्हा जैसे अपने पूर्ववर्तियों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने लगातार पांच पूर्ण बजट पेश किए थे।

पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई के नाम सबसे ज्यादा बार बजट पेश करने का रिकार्ड है। उन्होंने 1959 और 1964 के बीच पांच वार्षिक बजट और एक अंतरिम बजट पेश किया था। उनके पास कुल 10 बजट पेश करने की दुर्लभ उपलब्धि भी है, जो भारत के किसी भी वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए बटज से अधिक है।

भारत का पहला अंतरिम बजट (आजादी के बाद)

भारत का पहला अंतरिम बजट 1947 में आरके शनमुखम चेट्टी ने पेश किया था। खाद्यान्न की कमी, बढ़े हुए आयात और आसमान छूती मुद्रास्फीति सहित देश की आर्थिक कठिनाई को दूर करने के लिए भारत की आजादी के तुरंत बाद साढ़े सात साल के लिए बजट पेश किया गया था।

**भारत का पहला अंतरिम बजट ब्रिटिश काल में पेश किया गया था**

भारत का पहला अंतरिम बजट 1860 में स्कॉटिश अर्थशास्त्री जेम्स विल्सन द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जो ईस्ट इंडिया कंपनी के साथ काम करते थे। हालांकि, अब जो बजट पेश किया जाता है, वह पीसी महालनोबिस जैसे प्रख्यात अर्थशास्त्रियों के योगदान से महत्वपूर्ण बदलाव का नतीजा है।

**पहले अंतरिम बजट बड़ी घोषणाएं नहीं होती थीं**

लगभग दो दशक पहले, अंतरिम बजट नियमित घोषणाओं तक ही सीमित थे। तब अंतरिम बजट में वर्तमान सरकार प्रमुख योजनाओं या दर में कटौती की घोषणा से दूर रहती थी। हालांकि 2004-5 से यह रिवाज बदल बदल गया। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक, पूर्व वित्त मंत्री जसवंत सिंह ने 2004-05 में पेश अंतरिम बजट में केंद्र सरकार के कर्मचारियों के मूल वेतन के साथ 50% महंगाई भत्ते का विलय, कस्टम ड्यूटी में कटौती और अंत्योदय अन्न योजना का विस्तार पेश किया था। तब से ही अंतरिम बजट में कर कटौती, योजनाओं के विस्तार और सब्सिडी से संबंधित घोषणाएं शामिल हो गईं। जब पाकिस्तान के कारण भारत को पेश करना पड़ा था ब्लैक बजट, खराब हो गई थी देश की हालत

**अब तक का सबसे लंबा अंतरिम बजट भाषण**

भारत की आजादी के बाद से अब तक 15 अंतरिम बजट पेश किये जा चुके हैं। पिछला अंतरिम बजट भाषण पूर्व वित्त मंत्री पीयूष गोयल ने फरवरी 2019 में पेश किया था। अपने अंतरिम बजट भाषण में गोयल ने 8,119 शब्दों बोले थे। 1947 में आरके शनमुखम चेट्टी द्वारा प्रस्तुत भाषण के बाद यह दूसरा सबसे लंबा अंतरिम बजट भाषण था। 1 फरवरी, 2024 को निर्मला सीतारमण ने अपने अंतरिम बजट भाषण में 6120 शब्द (हिंदी के) बोले।

**सबसे लंबा बजट भाषण**

भारत के इतिहास में अवधि के हिसाब से सबसे लंबा बजट भाषण पेश करने का खिताब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के नाम है। 2020 में उनका बजट भाषण दो घंटे 42 मिनट लंबा था। उस साल 1 फरवरी 2020 को उनका भाषण सुबह 11 बजे शुरू हुआ और दोपहर 1:40 बजे तक चला था। अस्वस्थ महसूस करने के कारण निर्मला सीतारमण लंबे बजट भाषण की स्क्रिप्ट भी पूरी नहीं कर पाई थीं। बाद में भाषण ओम बिरला ने पूरा किया। हालांकि, शब्दों की संख्या के मामले में उनका भाषण अभी भी 1991 में पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह द्वारा दिए गए भाषण से कम था।

# 2047 तक विकसित भारत का संकेत देता बजट

सुधांशु कुमार

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण साल 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश कर दिया हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए और तेजी से काम किया जाएगा। 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतरिम बजट पेश कर दिया है। निर्मला सीतारमण ने बजट पेश करते हुए कहा कि सरकार का दृष्टिकोण सबका साथ, सबका वश्विास है और इसके अनुरूप सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारे युवा देश में उच्च आकांक्षाएं हैं, अपने वर्तमान पर गर्व है और उज्वल भविष्य के लिए आशा और विश्वास है। कोरोना के बाद इकोनॉमी तेजी से बढ़ी है। लोगों को रोजगार के नए मौके मिले और हमारी सरकार ने युवा देश की आकांक्षा को पूरा किया। इसके साथ ही गांव में लोगों के विकास पर हमारी सरकार का जोर है।




## 2047 तक विकसित बनेगा भारत

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प के साथ हमारी सरकार आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए है। उन्होंने कहा कि हमें गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है, उनकी जरूरतें और आकांक्षाएं हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के मुख्य ऐलान

- न्यू टैक्स रिजीम में 7 लाख तक की आय पर टैक्स नहीं
- 40 हजार बोगियों को वंदे भारत से जोड़ा जाएगा
- नैनो यूरिया का दायरा बढ़ाएंगे
- पांच एक्वा पार्क स्थापित किए जाएंगे
- 10 साल में 149 एयरपोर्ट होंगे
- 10 साल में महिलाओं को 30 करोड़ का मुद्रा ऋण
- 4 करोड़ किसानों को पीएम फसल योजना का लाभ
- बड़े शहरों में नमो मेट्रो का होगा विस्तार
- छोटे शहरों में मेट्रो का विस्तार होगा
- मौजूदा जिला अस्पतालों को मेडिकल कॉलेज में बदलने के बारे में सुझाव देने के लिए समिति का गठन होगा
- 80 करोड़ लोगों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया
- 1 करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं, अब 3 करोड़ का लक्ष्य
- आवास योजना के तहत 5 साल में 2 करोड़ घर बनाएंगे
- डेयरी किसानों को बढ़ावा दिया जाएगा - नैचुरल गैस का आयात बढाएंगे
- आंगनवाड़ी कर्मचारियों को आयुष्मान भारत की सुविधा
- गरीब परिवारों को फ्री में मिलेगी 300 यूनिट बिजली।

# खेल मंत्रालय के बजट में 45 करोड़ रुपये का इजाफा, पेरिस ओलंपिक पर भारत का फोकस

खेल मंत्रालय को गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किये गये अंतरिम बजट में 3,442.32 करोड़ रुपये आवंटित किये गये जिसमें पिछले साल की तुलना में 45.36 करोड़ रुपये का इजाफा किया गया। पिछले बजट में खेल मंत्रालय को 3,396.96 करोड़ रुपये आवंटित हुए थे।

इस 2024-25 वित्तीय वर्ष के दौरान देश का मुख्य ध्यान पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले ओलंपिक खेल पर लगा होगा। खेलो इंडिया को पिछले बजट में 20 करोड़ रुपये का इजाफा कर 900 करोड़ रुपये आवंटित किये गए।

राष्ट्रीय शिविर आयोजित करने वाले, खिलाड़ियों को बुनियादी ढांचा और उपकरण मुहैया कराने वाले और कोचों की नियुक्ति के अलावा अन्य काम करने वाले भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बजट में पिछले साल की तुलना में 26.83 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गयी जिससे अब यह 795.77 करोड़ रुपये का होगा।

राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) के 2023-24 के 325 करोड़ रुपए बजट में इस दफा 15 करोड़ रुपये का इजाफा किया गया।

राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) को इस अंतरिम बजट में 22.30 करोड़ रुपये आवंटित किये गये जो 2023-24 वित्तीय वर्ष में 21.73 करोड़ रुपये का था।

राष्ट्रीय डोप जांच प्रयोगशाला (एनडीटीएल) को पिछले बजट की तुलना में ढाई करोड़ रुपए ज्यादा 22 करोड़ रुपये आवंटित हुए। राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र के बजट को 10 करोड़ रुपये से घटाकर आठ करोड़ रुपये कर दिया गया जबकि राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के लिए पिछली बार के 83.21 करोड़ रुपये के बजट को बढ़ाकर 91.90 करोड़ रुपये कर दिया गया।

खिलाड़ियों को मिलने वाले भत्ते के बजट में काफी घटोतरी की गयी जो 84 करोड़ रुपए से 39 करोड़ रुपये कर दिया गया। राष्ट्रीय खेल विकास कोष के बजट में भी कटौती की गयी जिसे 46 करोड़ रुपये से घटाकर 18 करोड़ रुपये कर दिया गया।

## एक नजर में

### सपनों को पूरा करने वाला बजट: दास

**चतरा।** सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश बजट को महिला सशक्तिकरण और गरीब कल्याण के साथ किसान, युवा सहित समाज के सभी वर्गों के उत्थान का सर्व सपर्शी बजट बताया। उन्होंने पीएम मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट गरीब, किसान, युवा,नारी शक्ति, सभी के सपनों के पूरा होने की गारंटी है। बजट में 2047 के विकसित भारत के लक्ष्य के लिए एक विस्तृत रोडमेप प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने ने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है।

### चार अवैध ईंट भट्ठे ध्वस्त, प्राथमिकी दर्ज

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी द्वारा मनातू के करमाही घंघरी व हरकटुवा में अवैध रूप से संचालित चार चलंत चिमनी ईट भट्ठों पर कार्रवाई की गयी। सभी अवैध ईट भट्ठों को ध्वस्त करते हुए 9 लाख कच्चा ईटा, 4 लाख 50 हजार पक्का ईटा, समेत 255 टन कोयला जब्त किया गया।

### गांव चलो अभियान को ले भाजपा की बैठक

**हरिहरगंज पलामू।** पुरानी बस स्टैंड के समीप भाजपा कार्यालय में गांव चलो अभियान को लेकर गुरुवार को कार्यकर्ताओं की बैठक मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से कार्यक्रम प्रभारी दिनेश गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक सतेन्द्र पासवान,सह संयोजक करण राजवीर, सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा मौजूद थे। मौके पर मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम ने कहा कि मिशन 2024 के मद्देनजर आगामी 4 फरवरी से 11 फरवरी तक क्षेत्र में भाजपा की गरीब कल्याण नीतियों का प्रचार करना,बूथ समिति का सत्यापन, लाभार्थी से संपर्क तथा किसानों, युवाओं से संवाद करने के साथ ही केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं और नीतियों को जन–जन तक पहुंचाना है।

### हाथी प्रभावित महिला को किया सहयोग

**टंडवा (चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत हेसातु में पिछले एक दिन पुर्व हाथियों ने काफी उत्पात मचाया। हाथियों ने हेसातू निवासी गरीब महिला मंजू देवी के घर को भी काफी क्षति पहुंचाया। हाथी द्वारा घर तोडने की सूचना पाकर टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर 50 किलो चावल, आटा,कपड़ा, कंबल व अन्य सामग्री देकर सहयोग किया। यह सहयोग पाकर पीड़ित परिवार ने आभार व्यक्त किया। इन दिनों क्षेत्र में हाथियों द्वारा काफी उत्पात मचाया जा रहा है, रात्रि में लोग भयाक्रांत वातावरण में रह रहे हैं। सांसद प्रतिनिधि के द्वारा वन क्षेत्र पदाधिकरी से बात कर इसके लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा गया। मौके पर विशेष रूप है भाजपा के वरिष्ट नेता प्रमोद कुमार सिंह, भाजपा किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष श्याम सिंह, शिक्षक बिंदेश्वर महतो, राम प्रताप सिंह, दीपक कुमार सिंह, हीरा सिंह, कौलेश्वर सिंह व अन्य उपस्थित थे।

### डीसी की अध्यक्षता में टीबी फोरम की बैठक

**चतरा।** उपायुक्त सह अध्यक्ष टीबी फोरम अबु इमरान की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में टीबी कमिटि की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में चतरा जिला अंतर्गत कोल एवं खनन क्षेत्र में कार्य करने वाले कर्मियों एवं मजदूरों का बलगम जांच, टीबी जांच खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कराने का निर्देश दिया गया। टीबी मरीजों का पोषण एवं दवा की सम्पूर्ण व्यवस्था करने एवं टीबी मरीज अपना पुरे इलाज अवधि की कोर्ष को पूर्ण करें इसके लिए संबंधित पदाधिकारी मरीजों को मॉनिटरिंग करते रहें। साथ ही टीबी मरीजों को निक्षय पोषण योजना का शत प्रतिशत लाभ दिया जाय। इस पर संबंधित पदाधिकारी ने जानकारी दिया कि मरीजों को पांच सौ रू0 प्रति माह पूरे इलाज अवधि तक मरीज के खाते में दिया जाता है। सभी इलाजरत मरीजों को पोषण टोकरी का लाभ देने का निर्देश दिया गया। ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने हेतु स्कूलों एवं सार्वजनिक स्थलों पर लोगों को टीबी के प्रति व्यापक प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया जाय। उक्त बैठक में सिविल सर्जन डा. जगदीश प्रसाद, जिला यक्षमा पदाधिकारी डा. कुमार उत्तम, उपाधीक्षक सदर अस्पताल चतरा डा. मनीष कुमार, जिला नोडल पदाधिकारी सह महामारी विशेषज्ञ चतरा डा. आशुतोष समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

### राजनीतिक घटनाक्रम को लेकर गोड्डा पुलिस चप्पे-चप्पे पर तैनात

**गोड्डा।** झारखंड राज्य में हो रहे राजनीतिक बदलाव और उसके मद्देनजर कानून व्यवस्था को सही सलामत रखने के उद्देश्य से जिला पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले के हर थाना को ये निर्देश दिया है कि राज्य में शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु थाना प्रभारी एपुलिस निरीक्षक एएसडीपीओ को निर्देश दिया है कि लोगों का जमावड़ा और शांति व्यवस्था कायम करने हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएं ।कारगिल चौक पर तैनात अवर निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ए अवर निरीक्षक राधा कृष्ण सिंह अपने पुलिस बल के साथ तैनात दिखे । कोई चिड़िया पर नही मार सकती ऐसा दोनो का संयुक्त बयान था। ज्ञात हो कि राज्य में जब तक राजनीतिक स्थिरता का माहौल नहीं बन जाता पुलिस चौकस रहेगी।

### धनबाद में बीसीसीएल से सेवानिवृत कर्मियों को दी गई विदाई

**धनबाद।** जनवरी –2024 माह में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड से सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों तथा कोयला भवन मुख्यालय से सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए दिनांक 31.01.2024 को कोयलानगर सामुदायिक भवन में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक (कार्मिक) मुरली रमैय्या ने की और विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (तकनीकी)/ संचालन संजय कुमार सिंह उपस्थित रहे। अपने अध्यक्षीय संबोधन में निदेशक (कार्मिक) मुरली रमैय्या ने सभी कार्मिकों को सफलता पूर्वक कंपनी की सेवा करने के लिए बधाई देते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बीसीसीएल काफी सुदृढ़ स्थिति में इसकी मजबूत बुनियाद बनाने में हमारे सेवानिवृत्त होने वाले सभी वरिष्ठ साथियों का बहुमूल्य योगदान है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों के लिए जल्द ही सभी सुविधाएं मुहैया करायी जायेंगी।

# हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ वाम दलों का विरोध मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ माले और सीपीएम ने प्रतिवाद मार्च निकाल झंडा चौक पर विरोध सभा किया। जिसका नेतृत्व माले के जिला सचिव राजेन्द्र मेहता, इब्राहिम अंसारी, सीपीएम के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान, रमेश प्रजापति और उदय द्विवेदी ने किया। मार्च में तानाशाही मोदी सरकार मुर्दाबाद, संघीय ढांचे पर हमला बंद करो, निर्वाचित सरकार को अपदस्थ करना बंद करो, संविधान और लोकतंत्र पर हमला बंद करो, हेमंत सोरेन को रिहा करो आदि नारे लगाए जा रहे थे। वहीं माले जिला सचिव राजेन्द्र मेहता की अध्यक्षता में हुई सभा में वाम दलों के नेताओं ने कहा कि ईडी का दुरुपयोग कर निवर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी भाजपा द्वारा देश की संघीय व्यवस्था और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। अब राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थिती में राज्यपाल की शक्तियां का दुरुपयोग से नए हमले की आशंका बढ़ गई है। भाजपा निर्लज्जता से ईडी और धन शक्ति का दुरुपयोग करते हुए झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार को गिराने में सफल नही हो सकी, क्योंकि गठबंधन के विधायक एकजुट रहे। झारखंड की जनता भाजपा की इस तानाशाही का माकुल जवाब देगी। हेमंत सोरेन का मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिए जाने के बाद झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन के नए नेता चंपई सोरेन द्वारा सरकार गठन के लिए राज्यपाल के समक्ष बहुमत का समर्थन पत्र पेश किए। दावे पर राज्यपाल द्वारा त्वरित निर्णय नहीं लिए जाने से उत्पन्न राजनीतिक संकट चिंता की बात है। वाम दलों का मानना है कि सरकार के गठन पर राज्यपाल वस्तुतः भाजपा की राजनीति से प्रेरित होकर काम कर रहे हैं। इस कारण निर्णय लेने में जानबूझ कर विलंब किया जा रहा हैं। इस अनिर्णय की स्थिति से राज्य में अराजकता का माहौल बन रहा है, साथ ही इससे हर्स ट्रेडिंग को बढ़ावा और अंततः राज्य की जनता का जनादेश के उल्लंघन का अलोकतांत्रिक खतरा पैदा हो रहा है वाम दलों के नेताओं ने कहा कि बिहार में ऐसा ही राजनीतिक परिस्थिती उत्पन्न होने पर राज्यपाल ने बहुमत के नेता द्वारा सरकार के गठन के लिए पेश किए गए दावे पर त्वरित सकारात्मक फैसला लिया था। इसलिए वाम दल राज्यपाल से उपरोक्तदावे पर यथाशीघ्र निर्णय लेने और राज्य में तुरंत सरकार गठन कर जनता के जनादेश का सम्मान करने की मांग करता है। कार्यक्रम में आप नेता दामोदर यादव, सीपीएम के महेन्द्र तुरी, कांग्रेस नेता गालीब हुसैन, माले के मुन्ना यादव, विनोद पांडेय, तुलसी राणा, संदीप कुमार, असगर अंसारी, अशोक यादव, प्रकाश पासवान, विजय कुमार रजक, रोहित दास, राजेन्द्र साव, हकीम खान, नकुलदेव शर्मा, सीटू के शम्भु पासवान, कांग्रेस के अशरफ अली, मो मुशन सहित अन्य लोग शामिल थे।

## पलामू में धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की तैयारी शुरू



**मेदिनीनगर।** हनुमंत कथा समिति की संयोजक अरुणा शंकर बागेश्वर धाम के सेवादार श्री नितेश सिंह समिति के सचिव श्री दीनानाथ समिति के सदस्य अतुल सिंन्हा, मंटू शरद शरण एवं कमलेश सिंह ने आज रांची एवं बाहर से आए पंडाल बनाने हेतु ठेकेदार के साथ औरनार गांव जाकर स्थल निरीक्षण किया। प्रथम महापौर सह संयोजक अरुणा शंकर ने स्थल पर मीडिया को बताया हमारी पूरी टीम एक एक बारीकियों पर ध्यान रखकर कार्य कर रही है। हम सब आज बाहर से आए एक्सपर्ट के साथ बिजली, पानी, सड़क, शौचालय पर्किंग, प्रतिदिन 1 लाख लोगों हेतु प्रसाद (भोजन) एवं न्यूनतम 2 लाख लोगों को बैठने की व्यवस्था की समीक्षा कर अपनी तैयारी पूरी कर रहे हैं। प्रथम महापौर ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद प्रशासन द्वारा जैसे ही कार्यक्रम की अनुमति हम सबको दी जायेगी हमारी टीम रात दिन एक करके इस कार्यक्रम को मूर्त रूप देगा।

**क्या कहती हैं प्रथम मेयर :** प्रथम महापौर ने बताया कि मुझे खुशी है गांव के मुखिया, सरपंच ग्रामीण एवं भूमि मुहैया करने वाले लोग सभी उत्साही हैं। सबका भरपूर सहयोग मिल रहा है। मैं पूरे झारखंड के सनातनियों की ओर से ओढ़नार ग्राम वासियों का तहे दिल से हार्दिक अभिनंदन करती हूं। जिनके सहयोग से झारखंड में पहली बार बागेश्वर सरकार को पलामू की धरती में लाने का ऐतिहासिक कार्यक्रम संभव होने जा रहा है। प्रथम महापौर श्रीमती शंकर ने पूरे शहर वासियों से अनुरोध किया है यह कार्यक्रम आपके शहर में एक इतिहास रचने जा रहा है, जो आप सबों के बिना संभव नहीं है। मुझे आप सबके सहयोग की अपेक्षा है।

### जिले में विधि व्यवस्था चाक चौबंद रखने को लेकर डीसी एसपी ने की संयुक्त बैठक

# पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को दिए कई आवश्यक निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के इस्तीफे के बाद राज्य में बदलते हालात को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज व एसपी अनुदीप सिंह की अयक्षता में प्रशासनिक आकािरयों और पुलिस पदाकािरयों की अहम बैठक हुई। वहीं बीडीओ कांफ्रेंसिंग के मायम से डीसी व एसपी ने संयुक्त निर्देश जारी कर जिले के विभिन्न स्थलों में दण्डाकािरयों व पुलिस पदाकािरयों को बल के साथ प्रतिनियुक्त करते हुए प्रतिनियुक्त पदाकािरयों को विाि व्यवस्था चाक चौबंद रखने को लेकर कई आवश्यक निर्देश दिया। डीसी व एसपी ने प्रतिनियुक्त दण्डाकािरयों और पुलिस पदाकािरयों को अपने अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से भ्रमण कर विाि व्यवस्था का जायजा लेने, सोशल मीडिया पर कड़ी निगाह रखने आदि का निर्देश दिया। वहीं डीसी ने आकािरयों को निर्देशित करते हुए कहा कि विाि व्यवस्था समेत किसी भी अन्य प्रकार की समस्या होने पर तत्काल इसकी सूचना वरीय पदाकािरयों को दें। वहीं जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार के अफवाहों से बचें, अफवाह फैलाने वालों की जानकारी अविलंब जिला प्रशासन को दें। मौके पर एसी अनिल तिर्की, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएसओ अविनाश पुरेन्दू, प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी आदि मौजूद थे।

### जनता का कल्याण, आर्थिक तरक्की, सामाजिक विकास पीछे, बजट महज खानापूर्ति : रामान

**कोडरमा।** वित्तीय साल 2024-25 के लिए अंतरिम बजट वित्त मंत्री ने पेश किया है। यह चुनावी साल है, इसलिए यह अर्थव्यवस्था के हिसाब से महज तीन महीने का बजट है। केंद्र की मोदी सरकार लगभग 10 सालों से सत्ता में है, लेकिन इन 10 सालों में देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त 5 किलो अनाज देना पड़ रहा है। सरकार ने सार्वजनिक कंपनियों को बेच डाली है, फिर इस सरकार में अर्थव्यवस्था का सुार कैसे होगा। उक्त बातें जिप अयक्ष सह राजद जिलायक्ष रामान यादव ने कही। उन्होंने कहा कि बजट से आम जनमानस को काफी उम्मीदें होती है, लेकिन 10 सालों से निराश आम जनमानस को एक बार फिर निराशा ही हांथ लगी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अंतरिम बजट पेश कर जनता को लॉलीपॉप थमा दी है। यह बजट सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को लाभ पहुंचाने के लिए पेश की है, ताकि चुनावी फंड में इजाफ़ा हो सके।

## बजट अंतरिम लेकिन विकसित भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता से भरा : अन्नपूर्णा



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने संसद में प्रस्तुत वित्तीय वर्ष 2024-25 की सराहना की है। उन्होंने कहा कि भले ही यह अंतरिम बजट है लेकिन इस अल्पावधि के बजट में भी विकसित भारत के निर्माण की प्रतिबद्धता स्पष्ट प्रतिबिम्बित होती है। वहीं अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि संसद में आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत अंतरिम आम बजट प्रगतिशील, विकासोन्मुख और लोक कल्याणकारी है। इसमें समाज के सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। यह बजट गांव, गरीब, युवाओं और महिलाओं के कल्याण का बजट है। वित्त मंत्री सीतारमण को कोडरमा जिला में बधाई देने वाले सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, नितेश चंद्रवंशी, रामचंद्र सिंह, रवि मोदी, रमेश सिंह, राजकुमार यादव, वीरेंद्र सिंह, प्रकाश राम, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र नारायण सिंह, जूही दास गुप्ता, चंद्रशेखर जोशी, मनोज कुमार झुन्नु, शशि भूषण प्रसाद, सुधीर सिंह, महेंद्र यादव, कांति देवी, सुभाष मोदी, जयप्रकाश राम, शिवलाल सिंह, सुरेंद्र मोदी, देवेंद्र कुमार, संजीव यादव, वीरेंद्र मेहता, सूरज प्रताप मेहता, कामिनी देवी, संजय वर्मा, गोपाल कुमार गुतुल, झुमरीतिलैया नगर अध्यक्ष राजेश सिन्हा, दिनेश सिंह, नरेंद्र पाल, मुकेश राम, विजय यादव, महेश वर्मा, द्वारिका राणा, रामदेव मोदी, जयशंकर प्रसाद, सुरेंद्र यादव, विजय राम आदि ने बधाई दी।


### राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भरता, विकास को गति देने एवं रोजगार को बढ़ावा देने वाला केंद्रीय बजट : डॉ. नीरा



**कोडरमा।** विकास और रोजगार को बढ़ावा देने वाला अंतरिम बजट पेश हुआ जो कि अत्यंत सराहनीय कदम है। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीता रमण के प्रति कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने आभार जताया। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार बराबर महिलाओं के उत्थान के लिए प्रयास करती रही है। एक करोड़ महिलाएं लखपति दीदी बनी हैं और आगे तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। स्किल इंडिया मिशन के तहत 1.4 करोड़ युवाओं ट्रेंड एवं 54 लाख लोगों को दुबारा सिखाया जाएगा। तीन हजार नए आईटीआई बनाई गई, उच्च शिक्षा के लिए 7 आईआईटी, 16 आई आईआईटी, 7 आईआईएम, 15 एम्स, 390 यूनिवर्सिटी स्थापित किया गया, यह सराहनीय कार्य है।

# बगरीडीह में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा जारी

## मुखिया ने उपायुक्त व संबंधित अधिकारियों से की शिकायत



### मेरी रैयती जमीन पर कब्जा किया जा रहा

वहीं डोमचांच लक्षणडीह निवासी रसूल मियां पिता स्व मंगर मियां ने भी उपायुक्त को आवेदन सौंपा है, और बताया है कि मेरी रैयती जमीन खाता न. 50 प्लॉट न. 2400, 2401, 2402, 2403, 2404, 2405, 2406, 2407 मौजा बगरीडीह खतियानी रैयती जमीन है, जो हमारे परदादा रजबली मियां के नाम से सर्वे खाता में दर्ज व दावा दखल कब्ज़ा है। जिसका सरकारी माल गुजारी रसीद भी निर्गत होते चला आ रहा है। हमारी जमीन पर अवैा रूप से भरत सिंह पिता बाबुलाल सिंह बगरीडीह डोमचांच निवासी बाजबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहा है। जबकि हमारी जमीन में वन विभाग में दिया गया पेड़ पौाा लगाया हुआ है, जहां लगभग 200 पेड़ बिना अनुज्ञप्ति प्राप्त किए काटकर बेचा व बरबाद कर दिया गया, रोकने पर जान से मारने की ामकी दी गई।

डोमचांच अंचल क्षेत्र मौजा बगरीडीह खाता न.72 प्लॉट न. 2399 रकवा 10 एकड़ 51 डी.एवं प्लॉट न.2436 रकवा 133 एकड़ 40 डी.सरकारी जमीन पर

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत मौजा बगरीडीह में लंबे चौड़े सरकारी भूखंड पर भू-माफियाओं की बुरी नजर जम गई है एवं क़ब्ज़े की कोशिश की जारी है। जिसे लेकर स्थानीय मुखिया ने इसकी शिकायत जिले के उपायुक्त व अन्य संबंधित अधिकारियों से की है। जिसके बाद कार्रवाई शुरू कर दी गई है। मुखिया के द्वारा उपायुक्त मेघा भारद्वाज को दिए आवेदन में बताया गया की डोमचांच अंचल क्षेत्र मौजा बगरीडीह खाता न. 72 प्लॉट न. 2399 रकवा 10 एकड़ 51 डी.एवं प्लॉट न. 2436 रकवा 133 एकड़ 40 डी. सरकारी जमीन पर वन विभाग के द्वारा जंगल लगाया गया था। जिसपर अवैध तरीके से भरत सिंह पिता स्व. बाबुलाल सिंह वगैरह के द्वारा जाली कागजात बनाकर बाहरी भू-माफियों को बुलवाकर कब्जा करवाया जा रहा है। वहीं उन्होंने बताया की जंगल के सैकड़ों कामयाब कच्चा पेड़ों को काट दिया गया है। जिससे पुरे पंचायत में व्यापक आक्रोश व्याप्त है। भू-माफियाओं से पुछने पर वे बताते हैं कि मुझे सरकार के द्वारा लीज पर मिला है। जब कि इतने बड़े रकवे पर बगरीडीह पंचायत के मवेशी उसी जगह पर चराते हैं और आस पास के तालाबों में पानी पीते हैं। इतने बड़े पैमाने पर पेड़ का कट जाना पर्यावरण के लिए काफी नुकसानदायक है और सरकार का राजस्व एवं माल की काफी क्षति हो रही है। आपको बता दें बगरीडीह मुखिया शकील अहमद को ग्रामीणों ने जानकारी दी थी सरकारी व रैयती जमीन पर कब्जा किया जा रहा है।

## शुभम ने जीव विज्ञान के राष्ट्रीय मानक परीक्षा में राष्टीय स्तर पर लाया 19वां रैंक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल के छात्रों के सफलता का सिलसिला लगातार जारी है। इसी कड़ी में सेक्रेड हार्ट स्कूल के बारहवीं कक्षा के छात्र शुभम कुमार ने जीव विज्ञान के राष्ट्रीय मानक परीक्षा में राष्टीय स्तर पर 19वां रैंक लाकर स्कूल व माता-पिता का नाम रौशन किया है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ़ फिजिक्स टीचर्स द्वारा आयोजित नेशनल स्टैंडर्ड एग्जामिनेशन इन बायोलॉजी (एनएसइबी) 2023 परीक्षा में 29795 छात्रों में से शुभम को 19 रैंक मिला है। बताते चलें कि सुभम कुमार ने अंतर्राष्ट्रीय जीव विज्ञान ओलंपियाड में भी रैंक टॉप 10 में अपना स्थान बनाया, साइंस ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित ओलिंपियाड में इंटरनेशनल रैंक वन लाया था। वहीं विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार और प्राचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने शुभम को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि सेक्रेड हार्ट स्कूल के बच्चों ने हर मंच पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इसके पहले भी गोल टैलेंट सर्च परीक्षा में सेक्रेड हार्ट स्कूल के 14 छात्रों को गोल्ड मेडल मिला था।

# टाटा स्टील में टीसीआइएल के विलय के बाद यूनियन का भी नाम बदला

खबर मन्त्र ब्यूरो



कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय।

**जमशेदपुर।** देश की पहली टिनप्लेट कंपनी टीसीआइएल का टाटा स्टील में विलय होने के बाद इसकी मान्यता प्राप्त द गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन का नाम बदल गया है। अब यूनियन को टाटा स्टील टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के नाम से जाना जायेगा। अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने आज यूनियन का नाम परिवर्तित करने का प्रस्ताव नये नाम के साथ रखा जिसे कार्य समिति ने हर्षध्वनि से मंजूरी दे दी।

गुरुवार गोलमुरी टिनप्लेट वर्कर्स यूनियन के प्रांगण में यूनियन के कार्यकारिणी के सदस्यों की बैठक यूनियन के अध्यक्ष राकेश्वर पांडे की अध्यक्षता में हुई। पहले अपने से बिछड़े हुए साथियों की याद में दो मिनट का मौन धारण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मीटिंग की कार्रवाई शुरू होने से पहले अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने टाटा स्टील के प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन एवं प्रबंधन की पूरी टीम को टिनप्लेट कंपनी अफ इंडिया लिमिटेड को टाटा स्टील लिमिटेड टिनप्लेट डिवीजन के रूप में समायोजित करने पर धन्यवाद दिया उन्होंने कहा,जिस तरह टिनप्लेट कंपनी के कर्मचारियों पर प्रबंधन ने अपना विश्वास करके इस कंपनी को अपने में समायोजित किया है इससे सभी कर्मचारियों का भविष्य उज्जवल एवं सुरक्षित हो गया है। उन्होंने टाटा स्टील प्रबंधन के इस विश्वास को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कंपनी के उत्पादन एवं उत्पादकता को और अधिक बढ़ाने पर जोर दिया।

**प्रबंधन से कई मांगे की गयी :** टीएमएच सुविधा कंपनी से अवकाश प्राप्त कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्य को भी दिलवाने के लिए जोर दिया गया । कर्मचारियों के बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए स्कूल बस को फिर से शुरू करने की मांग की गयी। जिस भी डिपार्टमेंट में मैन पावर की कमी है उसमें जल्द से जल्द मैन पावर को पूरा करने की बात की गई यूनियन एवं प्रबंधन के बीच में होने वाली सभी ज्वाइंट कमेटी की मीटिंग को अपने समय अनुसार करवाने पर जोर दिया। कैंटीन एवं अस्पताल में आधुनिकीकरण एवं नई-नई सुविधाएं बढ़ाने पर जोर दिया गया। 1 अप्रैल 2024 से जो कर्मचारीयों का ग्रेड प्रभावी होगा उस ग्रेड को जल्द से जल्द एवं कर्मचारियों के भविष्य को देखते हुए अच्छा ग्रेड बनाने पर जोर दिया गया। नौकरी के बदले नौकरी एवं मैट्रिक पास कर्मचारियों के बच्चों की बहाली करवाने की बात कही गई। बैठक में टाटा यूनियन और प्रंधन के कई अधिकारी मौजूद थे।

# दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड पर पलटवार को तैयार भारतीय टीम



एजेंसी

**विशाखापत्तनम।** भारत और इंग्लैंड के बीच दो फरवरी से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा। यह मैच विशाखापत्तनम में खेला जाएगा। भारतीय टीम को हैदराबाद में पहले टेस्ट में 28 रन से हार का सामना करना पड़ा था। टीम 1-0 से पीछे चल रही है। ऐसे में रोहित शर्मा एंड कंपनी वापसी की कोशिश करेगी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम हैदराबाद टेस्ट में इंग्लैंड के हाथों मिली शर्मनाक हार के बाद शुक्रवार से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट में पलटवार करने को तैयार है। भारतीय बल्लेबाजों ने इंग्लैंड के स्पिनरों से निपटने के लिए तैयारी कर ली है और इसको लेकर बीते दिनों में भारतीय बल्लेबाजों को परंपरागत शॉट्स के साथ स्वीप शॉट और रिवर्स स्वीप शॉट खेलने का जमकर अभ्यास किया। मेजबान टीम को पहले से ही विराट कोहली की कमी खल रही है और अब रवींद्र जड़ेजा और केएल राहुल के भी बाहर हो जाने से उनकी बल्लेबाजी लाइनअप में एक बड़ा अंतर आ गया है। हालांकि, इससे रजत पाटीदार, सरफराज खान और वाशिंगटन सुंदर को यहां अपनी छाप छोड़ने का मौका मिलता है। ऐसे में खिलाड़ियों की चोटों से जुझ रहे भारतीय टीम को एक उदाहरण पेश करना होगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे श्रेयस अय्यर और शुभमन गिल पर भी दबाव है। दोनों बल्लेबाजों को धैर्यपूर्ण खेल का मुजाहिरा करना होगा। रोहित को अपनी पारी को मैच जिताने वाली पारी में तब्दील कर करना होगा। रोहित शर्मा चार हजार टेस्ट रन पूरे करने से 200 रन दूर हैं और प्रशंसकों को उम्मीद है कि वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अपनी स्टाइल में ऐतिहासिक मुकाम हासिल करेंगे। दूसरे टेस्ट के लिए भारत की पूरी टीम के पास कुल मिलाकर 10,702 टेस्ट रन हैं, जबकि अकेले जो रूट के नाम 11,447 टेस्ट रन हैं। इसलिए उम्मीद है कि सभी आलोचकों की इस भारतीय बल्लेबाजी इकाई पर नजर रहेंगी। भारत ने पहले भी विशाखापत्तनम में दो टेस्ट खेले हैं और वहां उसका रिकॉर्ड शानदार रहा है, लेकिन पहला टेस्ट जीतकर इंग्लैंड की उत्साही टीम भारत के घरेलू प्रभुत्व को खत्म करने का प्रयास करेगी। भारतीय प्रशंसकों को उम्मीद है कि भारतीय टीम फिर से अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराते हुए और सीरीज में बराबरी करेगी।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं:

**भारत:** भारत : रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, श्रेयस अय्यर, रजत पाटीदार, के एस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रित बुमरा और मोहम्मद सिराज ।

**इंग्लैंड:** जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो, बेन स्टोक्स (कप्तान), बेन फॉक्स (विकेटकीपर), टॉम हार्टले, शोएब बशीर, मार्क वुड और जेम्स एंडरसन।

## रोहित शर्मा के पास धोनी को पीछे छोड़ने का मौका, दो छक्के लगाते ही बना देंगे रिकॉर्ड

दूसरे टेस्ट में रोहित के पास एक बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने का मौका होगा। वह टेस्ट में भारत के लिए सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में तीसरे स्थान पर हैं। उनसे आगे सिर्फ महेंद्र सिंह धोनी और वीरेंद्र सहवाग हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में दो छक्के लगाते ही वह धोनी को पीछे छोड़ देंगे। और अगर इस मैच में वह 13 छक्के लगाते हैं तो सहवाग की बराबरी भी कर लेंगे। दरअसल, रोहित ने अब तक टेस्ट में 77 छक्के लगाए हैं। वहीं, धोनी 78 छक्के के साथ दूसरे और सहवाग 90 छक्के के साथ पहले स्थान पर हैं। ऐसे में दो छक्के लगाकर रोहित के पास धोनी को पीछे छोड़ने का मौका है। वहीं, 14 छक्के लगाते ही वह सहवाग को पीछे छोड़ देंगे। रोहित इंग्लैंड के खिलाफ इस पूरी सीरीज में ऐसा कर सकते हैं। रोहित के बाद सचिन तेंदुलकर का नंबर आता है, जिन्होंने टेस्ट में 69 छक्के लगाए थे। वहीं, कपिल देव 61 छक्के के साथ पांचवें और रवींद्र जडेजा 60 छक्के के साथ छठे स्थान पर हैं। वहीं, रोहित के नाम तीनों फॉर्मेट मिलाकर यानी टेस्ट, वनडे और टी20 मिलाकर कुल 590 छक्के हैं और वह 600 अंतरराष्ट्रीय छक्के का कीर्तिमान हासिल करने से बस 10 छक्के पीछे हैं। वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी हैं। उनके बाद 553 छक्के के साथ वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर क्रिस गेल हैं। वहीं, पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी 476 छक्के के साथ तीसरे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और इंग्लैंड के मौजूदा टेस्ट कोच ब्रैंडन मैकुलम 398 छक्के के साथ चौथे स्थान पर हैं।



## जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर वापसी, लीच बाहर



भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज का दूसरा मुकाबला विशाखापत्तनम के डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाना है। दो फरवरी से शुरू हो रहे इस मैच के लिए इंग्लैंड ने अपनी प्लेइंग-11 का एलान कर दिया है। इंग्लैंड ने दूसरे टेस्ट के लिए अपनी प्लेइंग-11 में दो बदलाव किए हैं। अनुभवी जेम्स एंडरसन की टीम में वापसी हुई है। वहीं, चोटिल जैक लीच और मार्क वुड को टीम से बाहर कर दिया गया है। शोएब बशीर को भी टीम में शामिल किया गया है।इंग्लैंड की टीम में दोनों बदलाव गेंदबाजी में हुए हैं। बल्लेबाजों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पहले मैच में भी मार्क वुड टीम में एकमात्र तेज गेदंबाज थे। वह कोई विकेट नहीं ले पाए थे और उनकी जगह इस मैच में अनुभवी जेम्स एंडरसन को मौका दिया गया है। एंडरसन इस मैच में अपने 700 टेस्ट विकेट भी पूरे कर सकते हैं।

### इंग्लैंड से निपटने के लिए केएस भरत ने बनाई नई योजना



**विशाखापत्तनम।** विकेटकीपर केएस भरत ने गुरुवार को कहा कि चोटों से प्रभावित भारतीय खेमे में कोई हड़बड़ाहट नहीं है और घरेलू टीम ने यहां दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के आक्रामक रवैये से निपटने के लिए नई योजना बनाई है जिसमें जरूरत पड़ने पर स्वीप शॉट लगाना भी शामिल है। भरत अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलेंगे। उन्होंने कहा कि टीम ने श्रृंखला के शुरूआती मैच में रही अपनी खामियों पर काम किया है जिसमें इंग्लैंड ने शानदार वापसी करते हुए 28 रन से जीत दर्ज की थी। ओली पोप की अगुआई में इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने स्वीप और रिवर्स स्वीप शॉट खेलकर भारतीय स्पिनरों का आराम से सामना किया। शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले टेस्ट में उनके इसी जज्बे से खेलना जारी रखने की उम्मीद है। भरत ने कहा, वे काफी अच्छा खेले। श्रेय उनको दिया जाना चाहिए। ओली पोप ने वास्तव में काफी अच्छे शॉट खेले। भारतीय टीम अपने स्टार आल राउंडर रविंद्र जडेजा और शीर्ष बल्लेबाज केएल राहुल के बगैर खेलेगी जो चोटिल हो गए हैं। भरत ने कहा, हमारी टीम बैठकों में हमने उन चीजों के बारे में बात की जिन्हें हम बेहतर तरीके से कर सकते थे और हां, हमारी निश्चित रूप से कुछ योजनायें हैं। हम निश्चित रूप से देख रहे हैं कि उन्होंने पहले मैच में कैसा खेल दिखाया, कुछ रिवर्स शॉट खेले। इस पर हमने निश्चित रूप से काम किया है। भारतीय बल्लेबाज ज्यादा स्वीप शॉट्स नहीं खेलते हैं लेकिन दूसरे टेस्ट से पहले दो ट्रेनिंग सत्र में इन शॉट का अभ्यास करते हुए दिखायी दिये।

## अंडर 19 विश्व कप : आखिरी सुपर सिक्स मैच में नेपाल से होगा भारत का सामना

एजेंसी

**ब्लोमफोंटेन।** शानदार फॉर्म में चल रही भारतीय टीम शुक्रवार को यहां आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप वन के आखिरी सुपर सिक्स मैच में उतरेगी तो नेपाल को हराकर सेमीफाइनल में पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरने का लक्ष्य होगा। सुपर सिक्स से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। पाकिस्तान (प्लस 1.06) और भारत (प्लस 3.32) दोनों के छह अंक हैं लेकिन नेट रनरेट बेहतर होने से भारत शीर्ष पर है। उदय सहारन की कप्तानी वाली भारतीय टीम अभी तक हारी नहीं है और नेपाल जैसी कमजोर टीम से किसी उलटफेर की उम्मीद भी नहीं है। भारत ने ग्रुप वन में सारे मैच जीते हैं जबकि नेपाल ने एक भी मैच नहीं जीता। मुंबई के बल्लेबाज सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान ने 81 से ऊपर की औसत से दो शतक समेत 325 रन बनाए हैं। मुशीर ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 30 जनवरी को 126 गेंद में 131 रन बनाए जिसकी मदद से भारत ने 214 रन से जीत दर्ज की। बाएं हाथ के स्पिनर स्वामी कुमार पांडे ने अभी तक 12 विकेट ले लिए हैं। इन दोनों के अलावा कप्तान सहारन, बल्लेबाज अवनीश, हरफनमौला अर्शिन कुलकर्णी ने भी समय समय पर उम्दा प्रदर्शन किया है। सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह लगातार अच्छा नहीं खेल सके हैं लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ अर्धशतक से उनका आत्मविश्वास बढा होगा। बायें हाथ के तेज गेंदबाज नमन तिवारी ने पावरप्ले में अच्छा प्रदर्शन किया है। नेपाल ने प्रारंभिक चरण में अफगानिस्तान को हराया था जिसमें कप्तान देव खानाल ने 58 रन बनाये जबकि मध्यम तेज गेंदबाज आकाश चंद ने पांच विकेट लिए थे।

## रणजी मैच में असम से भिड़ेगी यूपी की टीम

**कानपुर।** मुंबई जैसी मजबूत टीम के खिलाफ सीधी जीत से लबरेज यूपी रणजी की क्रिकेट टीम आसान सी लग रही असम के खिलाफ अपनी बेन्च स्ट्रेन्थ को आजमा सकती है। शुक्रवार से शुरू हो रहे एलीट ग्रुप बी के अहम मुकाबले में कप्तान नितीश राणा नव चयनित खिलाडियों को (जिसमें तेज गेंदबाजों) की गुंजाइश अधिकतर दिखायी दे रही है उनको इस मैच में प्रयोग के तौर पर आजमा सकते हैं। इस सत्र के लिए खेले गए अभी तक के मुकाबलों में मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम का प्रदर्शन लगातार सुधार की ओर बढता ही जा रहा है। मुंबई को हराने के बाद यूपी के कप्तान नितीश राणा के सामने जीत का सिलसिला जारी रखने और घरेलू मैदान में सीजन की पहली जीत दिलाने की चुनौती होगी। रणजी ट्राफी के इस सीजन में यूपी की टीम ने अभी तक खेले चार मुकाबलों में तीन ड्रा खेले हैं ।

## हॉकी इंडिया ने एफआइएच प्रो लीग के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम घोषित की

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने गुरुवार को एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर और राउरकेला चरण के लिए 24 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की है। भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी को शुरू होगा और 16 फरवरी को समाप्त होगा जबकि राउरकेला चरण 19 फरवरी को शुरू होगा और 25 फरवरी को समाप्त होगा। भारत 10 फरवरी को स्पेन के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करते हुए, दोनों चरणों में आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो-दो बार खेलेगा। टीम की कमान अपने ड्रैग-फ्लिकिंग कौशल के लिए जाने जाने वाले हरमनप्रीत सिंह करेंगे, जबकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह उप-कप्तान होंगे। टीम चयन पर मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हमने सावधानीपूर्वक एक अच्छी तरह से संतुलित टीम का चयन किया है, जिसमें युवाओं के जोश के साथ अनुभवी विशेषज्ञता का मिश्रण है। हमारा लक्ष्य उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम एक एकजुट इकाई बनाना है। उन्होंने कहा, एफआइएच प्रो लीग हमारी रणनीतियों को निखारने और शीर्ष स्तरीय विरोधियों के खिलाफ हमारे कौशल को मापने के लिए एक आदर्श मंच के रूप में कार्य करता है। लीग का महत्व सर्वोपरि है, जिसमें चैंपियन एफआइएच हॉकी विश्व कप 2026 में एक प्रतिष्ठित स्थान अर्जित करते हैं। उन्होंने आगे कहा, इसके अतिरिक्त, यह पेरिस ओलंपिक के लिए हमारी तैयारियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए, सुधार के लिए क्षेत्रों को इंगित करने का एक मूल्यवान अवसर प्रदान करता है।

## हर किसी को सहज बनाना भारतीय टीम की संस्कृति है: ऋषभ पंत

**मुंबई।** भारतीय टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि पदार्पण करने वाले किसी भी नवोदित खिलाड़ी को सहज बनाना भारतीय टीम की संस्कृति है और जब यह शुरूआत में होता है तो अच्छा महसूस होता है। स्टार स्पोर्ट्स की 'बिलीव' श्रृंखला में ऋषभ ने एक फरवरी 2017 को भारतीय टीम में पदार्पण पर अपने विचार साझा किए। वह बताते हैं कि टीम ने उनके पदार्पण पर उनका कैसे स्वागत किया और क्या उन्हें ऐसा महसूस हुआ कि वह अपनी जगह से बाहर हैं।

## पृथ्वी शॉ की रणजी टीम में वापसी

**कोलकाता।** चोट के कारण लंबे समय से बाहर चल रहे पृथ्वी शॉ को बंगाल के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले रणजी ट्रॉफी के पांचवें दौर के लिए मुंबई की टीम में शामिल किया गया है। शॉ अगस्त में नॉथैंप्टनशर के साथ काउंटी कार्यकाल के दौरान घुटने में चोट लगाने के पर लंदन में हुई सर्जरी के बाद से तीन महीने स्वास्थ्य लाभ पर थे। पिछले सप्ताह के आखिर में उन्हें फिटनेस परीक्षण के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ने मंजूरी दे दी गई थी।

## मंजूनाथ, चालिहा तथा जॉली-गोपीचंद थाईलैंड मास्टर्स के क्वार्टरफाइनल में

**बैंकॉक।** भारत के मिथुन मंजूनाथ गुरुवार को हमवतन स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत को हराकर पुरुष एकल और अशिमता चालिहा तथा ट्रीसा जॉली–गायत्री गोपीचंद ने क्रमशः महिला एकल और युगल वर्ग में थाईलैंड मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूनार्मेंट में क्वार्टरफाइनल में पहंच गये है। शुक्रवार को यहां 54 मिनट तक चले मुकाबले में 24वीं रैंकिंग वाले किदांबी श्रीकांत को 63वीं रैंकिंग वाले मिथुन मंजूनाथ के हाथों 21–9, 13–21, 21–17 से हार का सामना करना पड़ा।

## शमार वेस्टइंडीज की टी-20 टीम में हो सकते है शामिल: सैमी

**एडिलेड।** गाबा टेस्ट के हीरो शमार जोसेफ को वेस्टइंडीज की टी–20 विश्वकप टीम में शामिल किया जा सकता है। वेस्टइडीज के सीमित ओवर क्रिकेट के कोच डैरेन सैमी ने जोसेफ को टी–20 विश्वकप टीम में शामिल किये जाने संकेत देते हुए कहा, वह निश्चित रूप से एक सभी प्रारूप के खिलाड़ी होंगे। मैं उन्हें अपने टीम में शामिल करने को लेकर इंतजार नहीं कर सकता। लेकिन सबकी एक प्रक्रिया है और मैं और चयनकर्ता उसी प्रक्रिया के अनुसार काम करते हैं। मैं टी–20 विश्वकप के लिए एक मुख्य टीम तैयार कर रहा हूं और शमार हमारी उन योजनाओं का हिस्सा हैं।

## अगले शीतकालीन युवा ओलंपिक मेजबान की घोषणा 2025 की शुरूआत में होगी: बाख

**गैंगनेउंग।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाख ने गुरुवार को कहा कि शीतकालीन युवा ओलंपिक खेलों (वाइओजी) के अगले मेजबान की घोषणा 2025 की शुरूआत में की जाएगी। दक्षिण कोरिया के गैंगवॉन में हो रहे 2024 के शीतकालीन युवा ओलंपिक के समापन समारोह से कुछ घंटे पहले बाख ने कहा, रात कोई ध्वज सौंपने का समारोह नहीं होगा क्योंकि हम अगले मेजबान का फैसला बाद में करेंगे।

## चोट के कारण मेस्सी का सामना नहीं कर सकेंगे रोनाल्डो




**रियाद।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो चोट के कारण लियोनेल मेस्सी के खिलाफ बहुचर्चित नुमाइशी फुटबॉल मैच नहीं खेल सकेंगे। रोनाल्डो के क्लब अल नासर और मेस्सी के इंटर मियामी के बीच बृहस्पतिवार को यहां मुकाबला होना है। अल नासर के कोच लुईस कास्त्रो ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा, क्रिस्टियानो अभी पूरी तरह से फिट नहीं है। उम्मीद है कि वह अगले कुछ दिन में फिट हो जाएगा। वह इंटर मियामी के खिलाफ नहीं खेल सकेगा।' मेस्सी और रोनाल्डो की प्रतिद्वंद्विता स्पेन में बासीलीना और रीयाल मैड्रिड के लिए खेलने के दिनों से चली आ रही है। दोनों मिलकर पिछले 15 में से 13 बलोन डिओर पुरस्कार जीत चुके हैं।

# अंतरिम बजट में खेल-खिलाड़ियों को मिले 3442 करोड़ रुपये, पिछले साल की तुलना में 45 करोड़ ज्यादा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को अंतरिम बजट 2024 पेश किया। इस बार आम चुनाव के कारण जरूरी वित्तीय कार्यों के प्रबंधन के लिए सरकार ने अंतरिम बजट पेश की। पूर्ण बजट लोकसभा चुनाव संपन्न होने और नई सरकार के गठन के बाद पेश किया जाएगा। ऐसे में खेल बजट को लेकर भी लोगों और खिलाड़ियों के मन में काफी आशाएं थीं। ऐसे में खेल और खिलाड़ियों को लेकर मोदी सरकार ने बड़ा एलान किया है। पिछले साल केंद्र सरकार ने युवा और खेल मामलों के मंत्रालय के लिए 3397.32 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था, जो साल 2022 के बजट से 723.97 करोड़ रुपये ज्यादा था। साल 2022 में भी स्पोर्ट्स बजट में 423.16 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। इस साल पेरिस में 26 जुलाई से 11 अगस्त तक ओलंपिक भी होना है। ऐसे में खेल मंत्रालय और केंद्र सरकार का ध्यान पूरी तरह से ओलंपिक को लेकर एथलीट्स की तैयारियों पर है।



### पिछले 10 वर्षों के खेल बजट की तुलना

| साल | खेलो इंडिया (करोड़ रु) | SAI (करोड़ रु) | नेशनल स्पोर्ट्स फेडरेशंस (करोड़ रु) |
|---|---|---|---|
| 2015-16 | 97.52 | 407.96 | 350 |
| 2016-17 | 118.09 | 438.2 | 359.4 |
| 2017-18 | 346.99 | 495.73 | 277.68 |
| 2018-19 | 342.24 | 395 | 243.63 |
| 2019-20 | 500 | 450 | 245 |
| 2020-21 | 890.42 | 500 | 245 |
| 2021-22 | 657.71 | 660.41 | 280 |
| 2022-23 | 974 | 749.43 | 280 |
| 2023-24 | 1000 | 785.52 | 325 |
| 2024-25 | 900 | 795.77 | 340 |

### खेलो इंडिया के बजट में हुई कटौती

ओलंपिक समेत तमाम मल्टीस्पोर्ट्स की तैयारियों के लिए विदेश में प्रतिस्पर्धा और अभ्यास का खर्च खेल मंत्रालय ही वहन करता है। खेलो इंडिया के लिए वर्ष 2020-21 के बजट में 890.42 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे। इसके बाद 2021-22 के खेल बजट में खेलो इंडिया के लिए 232.71 करोड़ रुपये की कटौती की गई थी। वर्ष 2021-22 में इस मद को घटाकर 657.71 करोड़ रुपये कर दिया गया था। वहीं, 2022-23 में खेलो इंडिया कार्यक्रम में 316 करोड़ 29 लाख रुपये का इजाफा किया गया था और इसे बढ़ाकर 974 करोड़ रुपये कर दिया गया था। 2023-24 के लिए इस बजट को 1000 करोड़ रुपये कर दिया गया था। साल 2024-25 के लिए खेलो इंडिया को 900 करोड़ रुपये मिले हैं।

### राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए बजट में क्या?

राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए 2020-21 के बजट में 245 करोड़ रुपये की राशि थी, जिसे 2021-22 में संशोधित किया गया और राशि में 32 करोड़ रुपये की वृद्धि की गई थी। 2021-22 वित्तीय वर्ष के लिए बजट को बढ़ाकर 280 करोड़ रुपये कर दिया गया था। 2022-23 के खेल बजट में भी इसे इतना ही रखा गया था। पिछले साल यानी 2023-24 में इसमें 45 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई थी और यह 325 करोड़ रुपये का हो गया था। साल 2024-25 में राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिए 340 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जो कि पिछले साल से 15 करोड़ रुपये ज्यादा है।

### खेल बजट का भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन में अहम योगदान

पिछले कुछ वर्षों में भारतीय एथलीट्स ने पूरी दुनिया में अपनी चमक बिखेरी है। चाहे वह 2020-21 टोक्यो ओलंपिक हो या 2022 राष्ट्रमंडल खेल, या फिर 2023 एशियाई खेल, सभी प्रतियोगिताओं में भारत के पदकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। जहां टोक्यो ओलंपिक भारत के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ ओलंपिक रहा था, वहीं 2023 एशियाई खेलों में भारत ने पहली बार 100 पदकों की संख्या पार की थी। चरणबद्ध तरीके से खेल गतिविधियों की बहाली के बाद भारत ने 2021 में टोक्यो ओलंपिक में कुल सात पदक जीते थे। कोरोना की वजह से तमाम कठिनाइयों और पाबंदियों के बावजूद भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया था। इसके बाद 2022 में बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारतीय एथलीट्स का प्रदर्शन शानदार रहा था। भारत ने कुल 61 पदक जीते थे। पिछले साल खेल बजट में बढ़ोतरी का असर यह हुआ कि हांगझोऊ एशियाई खेलों में भारत ने 'अब की बार 100 (पदक) पार' के नारे को सच कर दिखाया और रिकॉर्ड पदक जीते। केंद्र सरकार द्वारा खेल और खिलाड़ियों पर किए जा रहे खर्च का इसमें अहम योगदान रहा है। ऐसे में इस साल भी खेल बजट में बढ़ोतरी कर सरकार ने खेल के प्रति अपनी भावनाओं को जाहिर किया है। साल 2021 में टोक्यो ओलंपिक के बाद से खेल बजट पर हर एथलीट की नजर रही है। इस साल ओलंपिक जैसी कई बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताएं होनी हैं। इतना ही नहीं, सरकार की ओर से नई प्रतिभाओं को ढूंढने के लिए 'खेलो इंडिया यूथ गेम्स' और 'नेशनल गेम्स' का भी अहम योगदान रहा है।

### पिछले नौ वर्षों के खेल बजट की तुलना

पिछले कुछ वर्षों के खेल बजट की तुलना की जाए तो कोरोना के दौरान इसमें भारी कटौती देखने को मिली थी। साल 2020–21 में खेल बजट 2826.92 करोड़ रुपये का था। 2021–22 में इसमें 606.73 करोड़ रुपये की कटौती की गई थी। यानी 2021–22 में खेल बजट 2250.19 करोड़ रुपये का था। 2022–23 में कुल खेल बजट 3062.60 का था, जिसे रिवाइज कर 2673.35 करोड़ रुपये का कर दिया गया था। पिछले साल यानी 2023–24 में यह 3397.32 करोड़ रुपये का हो गया था। यानी 723.97 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई थी। अब इस बार यानी 2024–25 में खेल बजट को 3442.32 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो कि 2023 की तुलना में 45 करोड़ रुपये ज्यादा है।

**भारतीय खेल प्राधिकरण के लिए ये रहा बजट :** साल 2023–24 में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) को मिलने वाले बजट में 36.09 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। साल 2022–23 में यह बजट 749.43 करोड़ रुपये का हो गया था, जो कि 2023–24 के लिए 785.52 करोड़ रुपए किया गया था। 2021–22 में 660.41 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जबकि 2020–21 के बजट अनुमान में आवंटन 500 करोड़ रुपये था। साल 2024–25 के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण को 795.77 करोड़ रुपये मिले हैं, जो कि पिछले साल से 10.25 करोड़ रुपये ज्यादा है।

## स्पीड न्यूज

### शिक्षक के सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन

**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के मंजूरा पंचायत अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय विद्यालय झरमुंगा के सहायक शिक्षक भुदेव कुमार महतो व रसोइया कुलिया देवी के सेवानिवृत्त पर विद्यालय परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार महतो ने किया। सेवानिवृत्त शिक्षक व रसोइया को शाल व बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रधानाध्यापिका बेबी सीमा ने कहा कि सेवानिवृत्त शिक्षक ने विद्यालय में शिक्षा के प्रति ईमानदारी पूर्वक काम किए। सभी ने सेवानिवृत्त शिक्षक महतो को उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। मौके पर कुलेश्वर महतो सुभाष चन्द्र ठाकुर खुर्शीद आलम ब्रहोश्वर दास महतो गउहरीराम महतो मुख्तार अंसारी रूपा रानी केनी लाल महतो आदि उपस्थित थे।

### हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में ललपनिया में बंद असरदार



**बेरमो/ललपनिया।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के विरोध में आदिवासी मूलवासी संगठनों का गुरुवार को आहूत झारखंड बंद का असरदार ललपनिया में देखा गया। आदिवासी संगठनों ने टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन ललपनिया चौक में किया। आदिवासी मूलवासी अधिकार मंच के कार्यकताओं ने सुबहमें बोकारो जिले के विभिन्न स्थानों पर सड़क पर उतरकर दुकानें बंद करा दीं। अध्यक्ष दिनेश मुर्मू ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने एक साजिश तहत हेमंत सोरेन को फंसाया एवं ईडी का सहारा लेकर गिरफ्तार कराया है। मूलवासी एकजुट होकर बीजेपी को इसका जवाद देंगे। यदि इसी तरह आदिवासी नेताओं को फंसाया जाताहरा,तो आदिवासी झारखंड में एक और बड़ा उलगुलान करने को विवश होंगे। उन्होंने बताया कि वाहनों का आवागमन बाधित नहीं है। दुकान, बाजार, बैंक और स्कूल बंद रहे। आवश्यक सेवाएं चालू रहीं। गोमिया-ललपनिया मुख्य मार्ग पर पिंडरा चौक के पास आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक ढोल-नगाड़ और तीर-कमान लेकर सड़क पर उतरे। मौके पर अनिल हांसदा, सुखराम हांसदा, हीरालाल टुडू, नरेश चौड़े, लालचंद चौड़े, संजय सोरेन, प्रेम सोरेन, रजेश मुर्मू, श्यामदेव सोरेन, सेवाराम मांझी, महेश मरांडी, सुरेंद्र बास्के, बबलू हेंब्रम, बबली सोरेन, संतोष मरांडी, मंगल हांसदा, रामाकांत सोरेन आदि मौजूद रहे।

### सेन्ट्रल कॉलोनी फुसरो में महायज्ञ को लेकर तैयारी पूरी



**बेरमो/फुसरो।** सेन्ट्रल कॉलोनी मकोली में श्री रामदूत हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सात दिवसीय को लेकर रामनवमी सेवा समिति एवं समस्त सेन्ट्रल कॉलोनी मकोली वासी की तैयारी पूरी कर ली गयी है। जिसको लेकर आज जलयात्रा, पंचाग पूजन, मण्डप प्रवेश, ध्वजारोहण एवं सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा आरंभ, 3 फरवरी को देव स्थापना, अरणी मंथन द्वारा अग्नि स्थापना, 4 फरवरी को जलाधिवास, 5 फरवरी अन्नाधिवास, फलाधिवास आदि, 6 फरवरी को न्यास, 7 फरवरी को अखण्ड हरिकीर्तन, नगर भ्रमण संध्या 3 बजे से, शैय्याधिवास, 8 फरवरी को प्राण-प्रतिष्ठा, पूर्णाहुति, भंडारा एवं 9 फरवरी को भव्य जागरण का आयोजन किया जायगा। जिसमें वृंदावन से श्रीमद्भागवत कथावाचक श्यामा किशोरी जी एवं काशी, वाराणसी से वेदाचार्य-व्याकरणाचार्य पड़ित दिनेश शुक्ल होंगे। यहां का मुख्य आकर्षण मीना बाजार, टावर झूला, ब्रेक डांस, टोरा-टोरा, मौत का कुआँ आदि होगा। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष शम्भु कुमार झा, उपाध्यक्ष मदन श्रीवास्तव, छेदी नोनिया, सचिव सुनिल सिंह, उपसचिव गणेश यादव, कोषाध्यक्ष रविशंकर ठाकुर, जितेन्द्र राय, संयोजक अशोक चौहान, संरक्षक-बसंत सिंह, चन्द्रा प्रभारी परमात्मा सिंह, मेला प्रभारी अमित सिंह, सुनिल यादव, देव चौहान सहित हरेंद्र चौहान, शंकर दिगार, मन्नू कुमार, गौतम ठाकुर, मुन्ना कुमार, केदार चौहान आदि लोग लगे हुए है।

### चन्द्रपुरा के पूर्व प्रमुख अपने समर्थकों के साथ डीवीसी अभियंता से मिल सौंपा ज्ञापन



**बेरमो।** बृहस्पतिवार को चन्द्रपुरा के पूर्व प्रमुख अनीता गुप्ता अपने समर्थकों के साथ डी वी सी चंद्रपुरा के मुख्य अभियंता मनोज ठाकुर से उनके कार्यालय में मिलकर अपने क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों को रखें, खास कर चर्च रोड का खस्ता हाल को देखते उसे बनाने का एवं झिन्झुरघुटु पुल का चौडीकरण करने का अस्वासन दिये साथ ही तेलो में हाई मास्क लाइट व संडे मार्केट का सौंदर्यकरण करने का भी प्रस्ताव रखे जिसे उन्होंने स्वीकार किये हैं कइसके अलावा अन्य कई मुद्दों पर चर्चा किया गया। बैठक में श्रीमती गुप्ता के अलावा तेलो मध्य के पंचायत समिति सदस्य सदानंद महतो, तेलो पूर्वी के पंचायत समिति सदस्य मंटू महतो, रांगामाटी पश्चिमी के पंचायत समिति सदस्य चंदन भंडारी, तारानारी से रंजीत महतो एवं नर्स से सुरेश महतो उपस्थित रहें।

### नर सेवा ही नारायण सेवा, सबसे बड़ा धर्म : विजय

**बेरमो।** नर सेवा नारायण सेवा है। इससे बड़ा कोई धर्म नहीं होता है और न इससे कोई अन्य पवित्र कार्य है। उक्त बातें सीसीएल बीएंडके क्षेत्र अंतर्गत बोकारो कोलियरी से सेवानिवृत सिनियर ओवरमैन और इनमोसा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने बेरमो प्रखंड के बेरमो स्टेशन स्थित प्रेम नगर परिसर में जरूरतमंदो के बीच कपड़े व भोजन वितरण कार्यक्रम के दौरान कहा कि जरूरतमंद लोग हमारे लिए भगवान है और उनसे से जो दुआएं मिली जो मेरे लिए अमूल्य निधि से कम नहीं है।

# श्रम एवं नियोजन कार्यालय बोकारो थर्मल में किया गया दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला का आयोजन

- 50 बेरोजगारों को मिला नियुक्ति पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता




**बेरमो।** झारखण्ड सरकार श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के द्वारा गोविंदपुर सी पंचायत भवन में गुरुवार को दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले का उद्घाटन नियोजन पदाधिकारी बंम बैजू , विस्थापित नेता नरेश प्रजापति, वरीय लिपिक रेनू कुमारी ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर के किया। इस रोजगार मेले में विभिन्न स्थानों से आये कुल दस कंपनियों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। जिसमें लगभग 250 युवक एवं युवतियों ने रोजगार हेतु आवेदन भरे। जिसमें लगभग 50 युवक एवं युवतियों को रोजगार हेतु नियुक्ति पत्र कंपनी की ओर से दिया गया। दत्तोपंत ठेंगडी रोजगार मेले में निजी क्षेत्र के 10 नियोजकों एवं नियोजक प्रतिनिधियों द्वारा कुल 2800 रिक्तियों के साथ उक्त मेले में भाग लिया। मेले में लगभग 250 आवेदक और आवेदिकाएँ सम्मिलित हुए। जिसमें कुल 50 को चयनित एवं कुल 120 शॉटलिस्टेड किया गया है। इसकी जानकारी रोजगार मेला के आयोजक नियोजन पदाधिकारी बंम बैजू एवं व्यवस्थापक दिव्य गौरव ने देते हुए बताया की उक्त रोजगार मेला का आयोजन नियोजक एवं रोजगार के इच्छुक आवेदक एवं आवेदिकाओं को एक प्लेटफॉम पर लाने का काम नियोजनालय करती है।

उक्त रोजगार मेला में आवेदक एवं आवेदिकागण अपनी इच्छानुसार नियोजक द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाऐं एवं सेवा शर्तो की जानकारी प्राप्त करते हुए। रोजगार मेला से लाभान्वित होते हैं।

वही मेले में उपस्थित विस्थापित नेता नरेश प्रजापति ने कहा कि इस तरह का रोजगार मेला का आयोजन करने से कई जरूरतमंद बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिलता है। जो नियोजन पदाधिकारी का बहुत हीं सराहनीय कार्य है। और कहें की इस तरह के रोजगार मेला में डीवीसी के बोकारो थर्मल प्लांट के अधीन कार्यरत आउटसोर्सिंग निजी कम्पनियों एवं सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र के अधीन कार्यरत आउटसोर्सिंग निजी कम्पनियों के अधिकारियों को भी शामिल किया जाना चाहिए। ताकि स्थानीय विस्थापित युवाओं को अधिक से अधित अपने क्षेत्र में रोजगार मिल सके। पलायन की नौबत नहीं आयेगी। साथ ही राज्य सरकार के 75 प्रतिशत स्थानीय विस्थापित बेरोजगारों को रोजगार देने का नियम का भी पालन होगा। इस अवसर पर मेले का व्यवस्थापक दिव्य गौरव, कंप्यूटर ऑपरेटर रामेश्वर मुर्मू, गणेश कुमार एवं प्रफुल ठाकुर सहित कार्यालय के अन्य कई कर्मचारी उपस्थित थे।

## दिनेश सिंह के जिलाध्यक्ष बनने पर दिया बधाई



**बेरमो।** फुसरो स्थित शास्त्रीनगर निवासी सह व्यवसाई दिनेश सिंह फेडरेशन ऑफ ऑल व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई देने वाले का निरन्तर ताता लगा। मौके पर दिनेश सिंह ने कहा व्यापारी की हर समस्या के समाधान एवं इस संगठन के विस्तार मे अपनी पूरी निष्ठा से कार्य करेगे। वयवसाई राकेश मालाकार, पिंटू सिंह, करण कुमार, राजेश कुमार, रोहित राम, रकीब शाह आदि ने बधाई दी।

## निमार्णाधीन भीम बराज एप्रोच सड़क में भारी अनियमितता

खबर मन्त्र संवाददाता


सड़क निर्माण की जांच करने पहुंचे अभिमन्यु सिंह।

**कांडी।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी सह बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह ने निमार्णाधीन भीम बराज एप्रोच सड़क में भारी अनियमितता बरते जाने की बात कही है। ग्रामीणों की शिकायत पर पहुंचे अभिमन्यु सिंह ने सड़क निर्माण की जांच करते हुए कहा कि कांडी प्रखंड के भीम बराज से सुंडीपुर-मझिआंव मुख्य सड़क को जोड़ने वाली अप्रोच सड़क का निर्माण मानक के अनुसार नहीं किया जा रहा है। कहा कि निर्माण में संवेदक द्वारा घोर लापरवाही व भारी अनियमितता बरती जा रही है। सड़क का निर्माण गुणवतापूर्ण रूप से नहीं हो रहा है, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उन्हें संवेदक से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन जनता के हित में सड़क का निर्माण मानक के अनुसार किया जाना चाहिए, ताकि सड़क टिकाऊ हो और लोगों को दिक्कत न हो। सड़क का निर्माण ठीक तरीके से कराया जाए, जिससे आम-अवाम को इसका लाभ मिल सके। इस सड़क से तीन चार प्रखंड के लोगों का आवागमन होता है और प्रतिनिधि सैकड़ों लोग भीम बराज पुल पार कर मोहम्दगंज रेलवे स्टेशन सहित अन्य जगहों पर जाते है। उन्होंने कहा कि सरकार के दिशा निर्देश व स्टीमेट के अनुकूल सड़क का निर्माण होना चाहिए, जिससे लंबे समय तक सड़क टिकाऊ हो। मौके पर अंजनी सिंह, मुन्ना ठाकुर, धनंजय सिंह, विकास कुमार उर्फ गुड्डू सिंह, अनीत द्विवेदी, पप्पू मेहता, सिद्धि सिंह, बिगन रजवार, राहुल दुबे सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## ढ़ोरी जीएम ने दिव्यांग मनोज कुमार गुप्ता को बैट्री चालित ट्राई साइकिल दिया

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) में सीएसआर के अन्तर्गत ढ़ोरी जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने अमलो के दिव्यांग मनोज कुमार गुप्ता को 42 हजार की रुपए की बैट्री चालित ट्राई साइकिल दिया। कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन ही नहीं बल्कि समावेश विकास को अपना मुख्य उद्देश्य मानती है। हमारे प्रधानमंत्री ने 'सबका साथ सबका विकास' का संदेश दिया है। सीसीएल परिवार का हर एक सदस्य इस संदेश को मूर्त रूप देने में अपना योगदान दे रहे हैं। कहा कि सीसीएल देश की बड़ी सार्वजनिक उपकरणों में से एक है। इसलिए हमारी जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी है। ढोरी सीएसआर के अंतर्गत विकास के लिए कई कार्य किया जा रहे हैं। कहा कि समाज के हर वर्ग के अंदर द्विव्यांगो के प्रति करुणा हो एवं दिव्यांग लोगो के प्रति सभी के व्यवहार में बादलाव आएं। पूर्ण सहभागिता और समानता के तहत समाज में दिव्यांगों को बराबरी के अवसर, उनके अधिकारों के बारे में लोगों को जागरुक करने और सामान्य नागरिकों की तरह उनकी सेहत पर भी ध्यान देने के साथ सामाजिक-आर्थिक स्थिति को सुधारने आदि की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ढ़ोरी क्षेत्र अपने आस पास के क्षेत्र के गरीब -असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के सहायतार्थ हमेशा प्रतिबद्ध है। समय समय पर आवश्यकतानुसार कई कार्यो को करता रहा है। श्रमिक नेता जवाहरलाल यादव, जयराम सिंह, अविनाश सिंह, महफूज आलम, आनंद विश्वकर्मा ने कहा कि ढ़ोरी एरिया का दिव्यांगों के प्रति हमेशा सम्मान रहा है। दिव्यांगों को जरूरत के हिसाब से उपकरण भी उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने इसके लिए एरिया के महाप्रबंधक एम के अग्रवाल को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी शैलेश कुमार ने किया। इस कार्यक्रम में एसओपी प्रतुल कुमार, एसओईएंडएम जयशंकर, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सीताराम उड़के, मैनेजर मुनी नाथ सिंह, विक्रय पदाधिकारी विवेक कुमार, पीई ईएंडएम बिट्टू सर, पी ई एक्स ए के सिंहा, कार्मिक प्रबंधक अभिषेक कुमार सिंहा आदि उपस्थित थे।

## मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया जाएगा : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी के अनुसार रील्स शॉर्ट्स पोस्टर आदि के जरिए अब मतदाताओं को उनके मताधिकार के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए बाकायदा प्रतियोगिता की घोषणा की गई है और विजेताओं को 50 हजार रुपए तक का इनाम मिलेगा। मतदान पर्व के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय झारखंड द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए झारखंड वोटर अवेयरनेस कॉन्टेस्ट की शुरूआत की गई है। सभी माध्यमों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जिले के सभी वर्ग के लोगों को इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की है। डीसी के अनुसार प्रतियोगिता के लिए वीडियो सॉन्ग 2-3 मिनट का हो सकता है। प्रतिभागी को अपने नाम पता मोबाइल नम्बर के साथ प्रविष्टि भेजनी होगी।

## ठाकुर महतो को भाजपा जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर कार्यकताओं में खुशी


नये जिलाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**गढ़वा।** ठाकुर महतो को भाजपा का गढ़वा जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर जिले के सभी भाजपा कार्यकर्ता में खुशी की लहर है। गुरूवार को सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकताओं ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ठाकुर महतो के पैतृक गांव भंडरिया पहुंच कर उन्हें फुल माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। सांसद प्रतिनिधि जायसवाल ने महतो को जिलाध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। श्री महतो ने सभी कार्यकताओं के साथ कदम से कदम मिलाकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। मौके पर मुख्य रूप से पुष्परंजन, कमलेश कुशवाहा, श्रीकान्त कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि रूपनिरंजन सिन्हा, भूषण सिंह, बड़गड़ मंडल अध्यक्ष बजरंग प्रसाद, महामंत्री विनय कुमार, सुरेश केशरी, रामजीत सिंह, संजय कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, रुपेश बैठा, प्रेमनाथ ठाकुर, मदन केशरी, विनोद गोस्वामी आदि उपस्थित थे।

# खुली खदान से अवैध तरीका से कोयला ले जा रहे हाइवा डम्फर को पकड़कर किया पुलिस के हवाले

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो।** सीसीएल के गोविंदपुर फेज दो खुली खदान से अवैध कोयला लदा एक हाइवा डम्फर को सीसीएल सिक्योरिटी गार्डो ने जांच के दौरान पकड़ लिया। घटना बीती रात्रि लगभग डेढ़ बजे की है। पकड़े गए हाइवा डम्फर ओडी 14यू 6770 में लगभग 23 टन आरओएम स्टीम कोयला लदा हुआ था। मंगलवार की देर रात्रि सिक्योरिटी गार्डों की मौजूदगी में बिना जांच पड़ताल के आसानी से यह हाईवा डंफर खदान के अंदर प्रवेश कर गया तथा डंफर में कोयला लोड कर खदान से बाहर निकल रहा था। इसी बीच एक पेलोडर ऑपरेटर मुजाहिद अंसारी ने हो हल्ला शुरू कर दिया। जिसके बाद सीसीएल के सिक्योरिटी गार्ड हरकत में आई और सीसीएल के चेक पोस्ट में कोयला लेकर भाग रहे हाइवा डंफर को पकड़ लिया। वहीं मौका देखकर हाइवा डंफर चालक फरार हो गया। स्वांग गोविंदपुर परियोजना के सिक्योरिटी इंचार्ज नुरुल्ला होदा के द्वारा घटित घटना की सूचना बुधवार की सुबह स्थानीय बोकारो थर्मल थाना की पुलिस को दिया गया। वही पुलिस कोयला लदा हाइवा डंफर को जप्त कर मामले की जांच एवं डंफर मालिक का पता लगाने का प्रयास कर रही है। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद स्वांग गोविंदपुर परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार तिवारी, सेल अधिकारी डीके रजक, एरिया सेल अधिकारी विनय कुमार आदि सीसीएल अधिकारी भी घटना स्थल पहुंच कर मामले की जानकारी लिए। इस सम्बंध में परियोजना पदाधिकारी अनिल तिवारी ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा फुटेज देखकर मामले की जांच किया जा रहा है। दोषी बच नही जायेंगे उनके खिलाफ कानूनी एवं विभागीय दोनो कार्यवाई किए जा रहा है। बता दे सीसीएल के स्वांग गोविंदपुर खुली खदान में दीनबंधु मेसर्स अनिल सिंह कम्पनी, आरकेटी ट्रांसपोर्ट, बीडीएस ट्रांसपोर्ट एवं बीएलए कम्पनी के आधीन कोयला और ओबी ट्रास्पोटिग का कार्य हाइवा डम्फरो के द्वारा परियोजना से किया जाता है। ऐसे में किस ट्रांसपोर्ट कम्पनी व अधिकारियों के संरक्षण में अवैध तरीका से कोयला डम्फरो के द्वारा खदान से बाहर मंडियों में ले जाने का खेल चल रहा था यह तो पुलिस एवं विभागीय जांच के बाद ही पता चल पाएगा। फिलहाल सीसीएल व पुलिस दोनो के अधिकारी जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कह रहे है।

## एक नजर में

### तीरंदाजी प्रतियोगिता में वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी ने जीते 36 पदक

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल की मेजबानी में आयोजित अंतर अकादमी तीरंदाजी प्रतियोगिता–वेदांता चैलेंज ट्रॉफी में वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी सियालजोरी, सेल डे बोर्डिंग तीरंदाजी सेंटर बोकारो, चंदनकियारी डे बोर्डिंग सेंटर, धनबाद तीरंदाजी सेंटर और अंजला तीरंदाजी सेंटर के कुल 92 तीरंदाजों के बीच वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी ने 36 पदक (13 स्वर्ण 14 रजत और 9 कांस्य) के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि धनबाद तीरंदाजी अकादमी 12 पदक (7 स्वर्ण 4 रजत और 1 कांस्य) के साथ उपविजेता बनी।

पेज 1 का शेष

### अब राजभवन पर...

सभी विधायक फिर एकजुट होकर लौट गये और एक जगह एकत्र हैं। वहीं गठवंधन के नेता लगातार सवाल उठा रहे हैं कि जब बहुमत है तो राज्यपाल सरकार बनाने और शपथ दिलाने में देरी क्यों कर रहे हैं। कांग्रेस की मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जब हमारे पास बहुमत है तो क्यों नहीं राज्यपाल बुला रहे हैं। **फूट डालने की बढ़ी आशंका :** महागठबंधन के अंदर यह बेचैनी निशिकांत के लगातार सोशल मीडिया ट्वीट से भी पसरी, जिसमें लगातार इस बात का दावा किय जा रहा है कि महागठबंधन के अंदर चंपई सोरेन को लेकर एकजुटता नहीं है। बड़ी संख्या में विधायक बसंत सोरेन को सीएम बनाने की मांग कर रहे हैं, हालांकि करीबन सारे विधायक सर्किट हाऊस में मौजूद रहे और उनके द्वारा अपने हस्ताक्षर के साथ चंपई सोरेन को अपना नेता चुन लिया गया है। इस हालत में निशिकांत के उस दावे में कुछ ज्यादा दम नजर नहीं आता, जहां तब उनका यह दावा है कि सभी विधायकों से उनका मोबाइल कब्जे में ले लिया गया है, तो बड़ा सवाल तो यही है कि निशिकांत को यह खबर कैसे लगी कि विधायकों का मोबाइल कब्जे में ले लिया गया है। **विधानसभा का गणित :** झारखंड विधानसभा में कुल 81 सीटें हैं। एक सीट खाली है। बहुमत के लिए 41 सीट जरूरी है। गठबंधन की ओर से चंपई सोरेन ने 47 विधायकों के साथ वाला पत्र राज्यपाल को सौंपा है। झामुमो के 29, कांग्रेस के 17, राजद के एक और सीपीआइएमएल के एक विधायक हैं। इनकी कुल संख्या 48 है। वहीं एनडीए खेमे में 32 विधायक हैं। इनमें भाजपा के 26, आजसू के तीन, निर्दलीय दो और एनसीपी के एक विधायक हैं।

### न राहत न बोझ...

वहीं इनकम टैक्स रिटर्न के प्रसंस्करण की अवधि 2013-14 के 93 दिन से घटकर इस साल सिर्फ 10 कर दिया गया है। **नैनो डीएपी छिड़काव का विस्तार होगा :** वित्त मंत्री ने कहा कि हम ग्रामीण आवास योजना के तहत तीन करोड़ का लक्ष्य हासिल करने के करीब हैं। अगले पांच वर्षों में दो करोड़ से अधिक घरों का निर्माण किया जाये। नैनो यूरिया के सफल क्रियान्वयन के बाद नैनो डीएपी का भी विभिन्न फसलों में छिड़काव के लिए विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार आर्थिक दृष्टिकोण अपनाएगी जो सतत विकास को सुविधाजनक बनाएगा और उत्पादकता में सुधार लायेगा। **तीन प्रमुख रेल कारिडोर :** पीएम गतिशक्ति के तहत तीन प्रमुख आर्थिक रेल गलियारा कार्यक्रमों की पहचान की गयी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि तीन प्रमुख आर्थिक रेलवे कॉरिडोर लागू किये जायेंगे। इनमें पहला ऊर्जा, खनिज और सीमेंट कॉरिडोर है। दूसरा- पोर्ट कनेक्टिविटी कॉरिडोर, और तीसरा उच्च यातायात घनत्व कॉरिडोर होगा। साथ ही यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और आराम के लिए 40 हजार सामान्य रेलवे बोगियों को वंदे भारत रेल की बोगियों में बदला जायेगा। अपने अंतरिम बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लक्षद्वीप सहित अन्य द्वीपों पर बंदरगाह कनेक्टिविटी, पर्यटन बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के लिए परियोजनाएं शुरू की जायेंगी। **पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ :** एक घंटे से भी कम समय के अपने बजट भाषण में निर्मला सीतारमण ने पिछले 10 साल में सरकार की उन उपलब्धियों को रखा जिससे देश 'नाजुक अर्थव्यवस्था' की श्रेणी से बाहर निकल गर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना। बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपये रखा गया। वहीं चालू वित्त वर्ष के लिए राजकोषीय घाटा 5.9 प्रतिशत से घटाकर 5.8 प्रतिशत रहने का संशोधित अनुमान रखा गया है। राजकोषीय घाटा अगले वित्त वर्ष में 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2024-25 में उधारी के अलावा कुल प्राप्तियां तथा कुल व्यय क्रमशः 30.80 लाख करोड़ रुपये और 47.66 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान। कर प्राप्तियां 26.02 लाख करोड़ रुपये रहने की संभावना है। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान दिनांकित प्रतिभूतियों के जरिए सकल तथा शुद्ध बाजार उधारी क्रमशः 14.13 लाख करोड़ रुपये और 11.75 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के साथ एक लाख करोड़ रुपये का कोष स्थापित किया जायेगा। कोष से दीर्घकालिक वित्त पोषण या पुनर्वित्तपोषण कम या शून्य ब्याज दरों पर उपलब्ध कराये जायेंगे। **अंतरिम बजट और पूर्ण बजट में अंतर :** बजट सरकार का निर्धारित लेखा-जोखा होता है कि आपकी कितनी आय है और कितना व्यय आप किधर करेंगे। आय तो निर्धारित होती है लेकिन व्यय फ्यूचर प्लान यानी भविष्य की योजना से तय होता है। जब फ्यूचर प्लान करते हैं तो इसमें सरकार के अपने कुछ एजेंडे होते हैं और उसी हिसाब से वह काम करते हैं। जब अगर आप पूर्ण बजट पेश करते हैं तो गवर्नमेंट अपने एजेंडा पर अपने प्रायोरिटी एक्सपेंडिचर के हिसाब से तय करती है। अब क्योंकि सरकार आने वाले साल में रहेगी या नहीं, इसकी कोई गारंटी चुनावी साल में नहीं होती, तो उसका मोरल ग्राउंड नहीं बनता है कि आप उस हिसाब से बजप पेश करें, इसलिए सरकारें अंतरिम बजट ही पेश करती है। आप अगले साल रहेंगे या ना रहेंगे, वही जब तय नहीं तो आप कैसे वह प्लान कर सकते कि मैं यहां एक्सपेंडिचर करूंगा हम लोग इधर करेंगे। अंतरिम बजट सरकार का लेखा-जोखा होता है। सरकार के पास पिछले साल का क्या खर्च होगा और जब तक इलेक्शन होगा तब तक का हमारा व्यय किधर होगा, उसके आगे की बात नहीं होती है। सरकार अपने चार सालों में देखेगी कि उसने क्या-क्या काम किया है और उसी आधार पर आज वित्त मंत्री ने बजट पेश किया है। खासकर जो पिछला वर्ष जो रहा है, हमारी अर्थव्यवस्था में जो सुधार हुआ है। अगर आप अपने आस पड़ोस के विश्व की किसी भी अर्थव्यवस्था से तुलना करें तो सरकार ने उस हिसाब से अपनी पीठ थपथपायी है और यह बताया है कि जो उसकी प्रायरिटी लिस्ट है, उसको वह बता सकें।

# डिफेंस को मिला 6.2 लाख करोड़

**अंतरिम बजट**

## 0.27 लाख करोड़ रुपये का इजाफा

## राजनाथ सिंह बोले बजट उत्साहवर्धक

## आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए वित्त मंत्री का डीप-टेक टेक्नोलॉजी लाने का वादा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट संसद में पेश किया। इसमें रक्षा क्षेत्र को 6.2 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पिछले साल के मुकाबले 0.27 लाख करोड़ रुपये बजट में इजाफा किया गया है। वित्त मंत्री ने बजट में रक्षा क्षेत्र की आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए नई डीप-टेक्नोलॉजी लाने का वादा किया है। रक्षा क्षेत्र के लिए 2003-24 के बजट में 5.94 लाख करोड़ रुपये मंजूर किये गए थे, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 13 फीसदी ज्यादा था। पिछले साल की तुलना में इस अंतरिम बजट में रक्षा क्षेत्र का बजट 0.27 लाख करोड़ रुपये बढ़कर 6.20 लाख करोड़ हो गया है, यानी 3.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। अंतरिम बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया कि डीप टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के लिए सरकार कई योजनाएं लेकर आएगी, जिससे आत्मनिर्भरता में तेजी आएगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने छठे बजट में डिफेंस सेक्टर के लिए देश के कुल बजट का आठ फीसदी हिस्सा रखा है। वित्त मंत्री ने संसद में पेश अंतरिम केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय के लिए सेना को कुल 1.72 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, जिसमें बड़े पैमाने पर नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य साजो सामान खरीदना शामिल है। पिछले साल यानी 2023-24 में पूंजी परिव्यय के लिए बजटीय आवंटन 1.62 लाख करोड़ रुपये था।



बजट पेश करने जातीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण व अन्य।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय के लिए 0.27 लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी किये जाने पर कहा है कि ये अंतरिम बजट बहुत उत्साहवर्धक है। उन्होंने सकारात्मक और उत्साहवर्धक अंतरिम बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि यह बजट आत्मविश्वासी, मजबूत और आत्मनिर्भर विकसित भारत के दृष्टिकोण को रेखांकित करता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिली प्रेरणा और 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के दृष्टिकोण के अनुरूप यह बजट भारत के तीव्र आर्थिक परिवर्तन की झलक देता है। उन्होंने कहा कि इस बजट में समाज के हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ है। इस बजट में बुनियादी ढांचे, निर्माण, विनिर्माण, आवास और प्रौद्योगिकी विकास पर बड़ा जोर दिया गया है। राजनाथ सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान जब दुनिया लड़खड़ा रही थी, तब भारत आशा की किरण बनकर उभरा। यह बजट पूरी तरह से पीएम के पंचामृत लक्ष्यों के अनुरूप है और यह अगले पांच वर्षों में अभूतपूर्व विकास का मार्ग भी प्रशस्त करता है। इस बजट ने वित्त वर्ष 24 से पूंजीगत व्यय परिव्यय को 11.1% बढ़ाकर वित्त वर्ष 25 के लिए 11.11 लाख करोड़ रुपये कर दिया है। यह व्यापक पूंजीगत व्यय 2027 तक भारत को पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में बड़ा बढ़ावा देगा।

**एक नजर में**

### दो वर्षों के लिए बढाई गयी चीनी सब्सिडी



**नयी दिल्ली।** सरकार ने सार्वजनिक वितरण योजना (पीडीएस) के माध्यम से वितरित अंत्योदय अन्न योजना (एएवाई) परिवारों के लिए चीनी सब्सिडी की योजना को दो और वर्षों यानी 31 मार्च 2026 तक बढ़ाने को अनुमति दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में गुरूवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। यह योजना निर्धनतम लोगों तक चीनी की पहुंच सुगम बनाती है और उनके आहार में ऊर्जा को शामिल करती है ताकि उनकी सेहत बेहतर हो सके। इस योजना के तहत केंद्र सरकार प्रतिभागी राज्यों के एएवाई परिवारों को चीनी पर प्रति माह प्रति किलोग्राम 18.50 रुपये की सब्सिडी देती है। इससे 15 वें वित्त आयोग (2020-21 से 2025-26) की अवधि के दौरान 1850 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलने की उम्मीद है। इस योजना से देश के लगभग 1.89 करोड़ एएवाई परिवारों को लाभ मिलने की संभावना है। सरकार पहले से ही प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) के तहत मुफ्त राशन प्रदान कर रही है। पीएम-जीकेएवाई के अलावा भी नागरिकों की थाली में पर्याप्त भोजन सुनिश्चित करने के उपाय के तौर पर किफायती और उचित कीमतों पर भारत आटा, भारत दाल और टमाटर और प्याज की बिक्री की जाती है। अब तक लगभग 3 लाख टन भारत दाल (चना दाल) और लगभग 2.4 लाख टन भारत आटा पहले ही बेचा जा चुका है, जिससे आम उपभोक्ताओं को लाभ हुआ है। इस प्रकार, सब्सिडी वाली दाल, आटा और चीनी की उपलब्धता ने भारत के आम नागरिक के लिए भोजन की पूर्ति कर दी है, जिससे सबको भोजन, सबको पोषण की मोदी की गारंटी पूरी हो गई है। इस अनुमति के साथ, सरकार पीडीएस के माध्यम से एएवाई परिवारों को प्रति माह प्रति परिवार एक किलोग्राम की दर से चीनी वितरण के लिए प्रतिभागी राज्यों को सब्सिडी देना जारी रखेगी। चीनी की खरीद और वितरण की जिम्मेदारी राज्यों की है।

### पशुपालन विकास कोष के विस्तार को मंजूरी

नयी दिल्ली। सरकार ने गुरुवार को अवसंरचना विकास कोष (आईडीएफ) के तहत लागू किये जाने वाले पशुपालन अवसंरचना विकास कोष (एएचआईडीएफ) को 29,610.25 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2025-26 तक अगले तीन वर्षों के लिये जारी रखने की मंजूरी दी । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।

### बजट में युवाओं के लिए कुछ नहीं : खड़गे



**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने बजट को अमीरों के पक्ष में बताते हुए कहा है कि इसमें बेरोजगार युवाओं के लिए कुछ नहीं हैं और रंग-बिरंगे शब्दों में सिर्फ खोखले दावे किए गये हैं। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पूरे बजट भाषण में किसानों के बारे में बात की, लेकिन किसान की नाखुशी को दूर करने के लिए कोई कदम नहीं उठाए गये हैं। वित्त मंत्री ने कृषि श्रमिकों सहित किसानों की आत्महत्या की संख्या का खुलासा नहीं किया। किसानों का गुस्सा पूरी दुनिया ने देखा और तीन अन्यायपूर्ण कृषि कानूनों का विरोध किया। वित्त मंत्री ने किसानों की दुर्दशा के कारणों को भी स्वीकार नहीं किया।

## प्रौद्योगिकी में निजी निवेश को बढ़ाने के लिए एक लाख करोड़ का कोष

**तकनीकी प्रेमी युवाओं को शून्य ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता देगी सरकार**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने उभरती प्रौद्योगिकी में निजी निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कोष बनाने का प्रस्ताव रखा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आने वाला समय तकनीकी प्रेमी युवाओं के लिए एक स्वर्णिम युग होगा। सरकार 50 साल तक ब्याज मुक्त ऋण मुहैया कराने के लिए कोष की स्थापना करेगी। इसके माध्यम से लंबी अवधि के लिए कम या शून्य ब्याज दरों पर वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। वित्त मंत्री ने कहा कि हमें ऐसे कार्यक्रम बनाने की जरूरत है जिससे हमारे युवाओं और प्रौद्योगिकी की शक्तियों का संयोजन हो। इस पहल से निजी क्षेत्र को उभरती प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और नवाचार बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। सीतारमण ने कहा कि नवाचार ही विकास की नींव है। तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का नारा दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान को आगे बढ़ाया है। वित्त मंत्री ने कहा कि वैश्विक स्तर पर भारत के लिए अवसर बढ़ रहे हैं। देश के लोगों के नवाचार व उद्यमिता के माध्यम से दुनिया को समाधान दिखा रहा है।

### इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देगी सरकार

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश को कार्बन तटस्थ बनाने के दृष्टिकोण के तहत सरकार इलेक्ट्रिक बसों को व्यापक रूप से अपनाने को तैयार है। स्थायी परिवहन की इस दिशा में एक परिवर्तनकारी कदम के तहत केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वाकांक्षी योजना की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि यह रणनीतिक पहल विनिर्माण और चार्जिंग बुनियादी ढांचे दोनों पर केंद्रित है, जिसका लक्ष्य इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए परिदृश्य को मजबूत और व्यापक बनाना है। इसके तहत ई-बस ऑपरेटरों के बीच विश्वास को बढ़ावा देते हुए भुगतान सुरक्षा तंत्र के कार्यान्वयन के माध्यम से इसे सुविधाजनक बनाया जाएगा।

## आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा आयुष्मान योजना का लाभ

**सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए 9-14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी सरकार**




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र पर जोर देते हुए आयुष्मान भारत योजना के तहत हेल्थकेयर कवर सभी आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं तक बढ़ाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि अंतरिम बजट विकास पर केंद्रित है, जो सर्वांगीण, सर्वव्यापी और सर्व-समावेशी है। यह मुख्य रूप से चार प्रमुख जातियों को लक्षित करता है, जिसमें गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता को शामिल करते हुए भारत को 2047 तक विकसित बनाने का है। सीतारमण ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम के लिए सरकार 9-14 वर्ष की आयु वर्ग की लड़कियों के लिए टीकाकरण को प्रोत्साहित करेगी। टीकाकरण के प्रबंधन और मिशन इंद्रधनुष के गहन प्रयासों के लिए नए डिजाइन किए गए यू-विन प्लेटफॉर्म को पूरे देश में तेजी से लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना विभिन्न विभागों के तहत मौजूदा अस्पताल के बुनियादी ढांचे का उपयोग करके अधिक मेडिकल कॉलेज स्थापित करने की है। इस उद्देश्य के लिए मुद्दों की जांच करने और प्रासंगिक सिफारिशें करने के लिए एक समिति की स्थापना की जाएगी। मातृ एवं शिशु देखभाल पर उन्होंने कहा कि उन्हें बेहतर पोषण वितरण, प्रारंभिक बचपन देखभाल और विकास के लिए पोषण 2.0 में तेजी लाई जाएगी। कार्यान्वयन में तालमेल सुनिश्चित करने के लिए मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल के तहत विभिन्न योजनाओं को एक व्यापक कार्यक्रम के तहत लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सबका साथ के अनुसरण में सरकार ने 25 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने में सहायता की है। आंगनबाड़ी केन्द्रों का उन्नयन किया गया है।

### आज से आम लोगों के लिए खुलेगा अमृत उद्यान



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान में उद्यान उत्सवकी शोभा बढ़ाई। इसके साथ ही शुक्रवार से यह आम लोगों के लिए खुल जाएगा। घूमने-फिरने के शौकीन लोग 2 फरवरी और 31 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन उद्यान में जाकर अलग-अलग फूलों की खूबसूरती देख सकते हैं। राष्ट्रपति भवन की ओर से गुरुवार को जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। उद्यान उत्सव-1 के तहत राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 2 फरवरी से 31 मार्च तक जनता के देखने के लिए खुला रहेगा। लोग सप्ताह में छह दिन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक यहां घूमने जा सकेंगे। प्रत्येक सोमवार को रखरखाव के लिए उद्यान आम लोगों के लिए बंद रहेगा। अमृत उद्यान 22-23 फरवरी तथा 1 और 5 मार्च को विशेष श्रेणियों के लिए खुला रहेगा। यह 22 फरवरी को दिव्यांग व्यक्तियों, 23 फरवरी को रक्षा, अर्धसैनिक और पुलिस बलों के कर्मियों के लिए जबकि 1 मार्च को महिलाओं एवं आदिवासी महिला एसएचजी के लिए और 5 मार्च को अनाथालयों के बच्चों के लिए खुला रहेगा।

### कपड़ा निर्यात पर करों व लेवी में अगले दो साल तक के लिए छूट

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने निर्मित परिधान व वस्त्रों के निर्यात के लिए राज्य और केंद्रीय करों और लेवी (आरओएससीटीएल) की छूट योजना 31 मार्च, 2026 तक जारी रखने की अनुमति दे दी। योजना का उद्देश्य परिधान व वस्त्रों के निर्यात पर शुल्क वापसी योजना के अलावा राज्य और केंद्रीय करों और लेवी की भरपाई छूट के माध्यम से करना है। एक सरकारी प्रवक्ता के मुताबिक सरकार ने कपड़ा निर्यात पर केंद्रीय करों व लेवी में अगले दो साल दो माह के लिए छूट दे दी है। इस दौरान के लिए दीर्घकालिक डिलीवरी के लिए अग्रिम आदेश दिए जा सकते हैं। यह योजना 2020 में शुरू की गई थी। पहले इसे मार्च 2024 तक बढ़ाया गया था। इस छूट योजना 31 मार्च, 2026 तक जारी रखने की अनुमति से कपड़ा निर्यात उद्योग को और समृद्ध होने की उम्मीद है। करों और लेवी की छूट में परिवहन में इस्तेमाल होने वाले ईंधन, कैप्टिव पावर, कृषि क्षेत्र, मंडी कर, बिजली शुल्क, निर्यात दस्तावेजों पर स्टांप शुल्क शामिल है। कच्चे कपास के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले कीटनाशकों और उर्वरक इत्यादि जैसे इनपुट पर भुगतान किए गए एसजीएसटी, अपंजीकृत डीलरों से खरीद तथा बिजली के उत्पादन में उपयोग किया जाने वाला कोयला और परिवहन क्षेत्र के लिए इनपुट पर वैट शामिल है।


### राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 % का अनुमान

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजकोषीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद के 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। पिछले वित्त वर्ष में 5.8 प्रतिशत था। राजकोषीय घाटा एक वित्त वर्ष में सरकार के कुल आय और कुल व्यय के बीच का अंतर होता है। घाटा होने का कारण है कि सरकार अपनी कमाई से अधिक खर्च करती है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा कि 2021-22 में अपने बजट भाषण में 2025-26 तक राजकोषीय घाटे को 4.5 प्रतिशत से कम लाने की घोषणा के अनुरूप ही राजकोषीय समेकन की राह पर आगे बढ़ रहे हैं। उसी राह पर चलते हुए 2024-25 का राजकोषीय घाटा जीडीपी का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने बताया कि सरकार की कुल उधारी में कमी आई है। कुल व्यय (संशोधित) 44.90 लाख करोड़ रहा। उधार को छोड़ कर कुल आय 27.56 लाख करोड़ रही। वित्त वर्ष 23-24 के लिए कर से आय 23.24 लाख करोड़ है। वित्त वर्ष 24-25 के लिए सकल बाजार उधार 14.13 लाख करोड़ अनुमानित है।

### महिला उद्यमियों को दिये गये 30 करोड़ मुद्रा लोन

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को संसद में अंतरिम बजट 2024-25 पेश करते हुए कहा कि उद्यमिता, जीवनयापन में आसानी और उनके लिए सम्मान के माध्यम से महिलाओं के सशक्तीकरण ने इन दस वर्षों में गति पकड़ी है। उन्होंने कहा कि महिला उद्यमियों को तीस करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिये गये हैं। दस वर्षों में उच्च शिक्षा में महिला नामांकन में 28 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, मैथेमैटिक्स (स्टेम) पाठ्यक्रमों में लड़कियों और महिलाओं का नामांकन 43 प्रतिशत है - जो दुनिया में सबसे अधिक है। ये सभी उपाय कार्यबल में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी में परिलक्षित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि उद्यमिता के माध्यम से महिलाओं का सशक्तीकरण, जीवनयापन में आसानी और उनके लिए सम्मान को गति मिली है। महिला उद्यमियों को 30 करोड़ मुद्रा योजना ऋण दिए गए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पीएम आवास योजना के तहत 70 प्रतिशत से अधिक घर महिलाओं को एकल या संयुक्त मालिक के रूप में दिए गए हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री का दृढ़ विश्वास है, हमें चार प्रमुख जातियों पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। वे हैं, गरीब, महिला, युवा और अन्नदाता। उनकी जरूरतें, उनकी आकांक्षाएं और उनका कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## 2047 तक विकसित भारत का रोडमैप तैयार करने वाला बजट : शाह



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य तय किया है। जो बजट पेश किया गया है, वह विकसित भारत का रोडमैप तैयार करने वाला है। शाह ने गुरुवार को बजट भाषण के बाद एक्स पर वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई देते हुए कहा कि यह बजट मोदी सरकार की 10 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालता है। शाह ने कहा कि किसानों के लिए समर्पित मोदी सरकार का विकसित भारत बजट देश के किसान भाइयों के लिए खुशहाली व समृद्धि के नए अवसर लेकर आया है। प्रधानमंत्री मोदी के आत्मनिर्भर भारत से प्रेरित इस बजट में एक तरफ तिलहनों में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दिया गया है तो दूसरी तरफ नैनो-डीएपी के प्रयोग व डेयरी विकास पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। शाह ने कहा कि मोदी सरकार 11.8 करोड़ किसानों को वित्तीय सहायता व 04 करोड़ किसानों को फसल बीमा से सुरक्षा दे रही है। बजट में मॉडर्न स्टोरेज और प्रभावकारी सप्लाई चेन स्थापित करने पर लिये गए अहम फैसलों से हमारे अन्नदाता आर्थिक तौर पर सशक्त एवं समृद्ध बन सकेंगे। शाह ने कहा कि इस बजट में लखपति दीदी के लक्ष्य को बढ़ाकर 03 करोड़ करने के लिए वह प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त करते हैं।

### जापान और अमेरिका ने किया समुद्री अभ्यास

**टोक्यो।** जापानी समुद्री आत्मरक्षा बल और अमेरिका की नौसेना ओकिनावा द्वीप के दक्षिण में संयुक्त अभ्यास कर रहे हैं, जिसमें दो अमेरिकी विमान वाहक, यूएसएस कार्ल विंसन और यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट के साथ-साथ जापान की विध्वंस आईएसई भी शामिल हैं। यह जानकारी जापान की सैन्य कमान ने गुरुवार को दी। सैन्य कमान ने कहा कि यह अभ्यास 29 जनवरी से 01 फरवरी तक चलेगा और इसका उद्देश्य जापानी नौसेना आत्मरक्षा बलों और अमेरिकी नौसेना की सामरिक क्षमताओं और अंतरसंचालनीयता को बढ़ाना है।

## अयोध्या के लिए आठ शहरों से विमान सेवा शुरू

- दरभंगा, अहमदाबाद, चेन्नई, जयपुर, पटना, नयी दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु से अयोध्या के लिए स्पाइसजेट की नॉन-स्टॉप उड़ान शुरू
- उप्र के सीएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री सिंधिया का जताया आभार



एजेंसी

**नयी दिल्ली/लखनऊ।** अयोध्या के नव्य-दिव्य-भव्य मंदिर में विराजित श्रीरामलला के दर्शन की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए अयोध्या पहुंचना और आसान हो गया है। गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य मंत्री वीके. सिंह ने आठ शहरों से अयोध्या आने-जाने के लिए स्पाइसजेट की सीधी उड़ान सेवा का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दरभंगा, अहमदाबाद, चेन्नई, जयपुर, पटना, दिल्ली, मुंबई, और बेंगलुरु से अयोध्या के लिए स्पाइसजेट की नॉन-स्टॉप उड़ान सेवाएं शुरू होने से अयोध्या की कनेक्टिविटी और बेहतर हो गई है, इससे पर्यटन में भी वृद्धि होगी। इससे पहले दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरु के लिए अयोध्या से वायु सेवा प्रारंभ हो चुकी है, जो सफलतापूर्वक संचालित हो रही है। उन्होंने कहा कि 30 दिसंबर 2023 को प्रधानमंत्री ने अयोध्या धाम के नए इंटरनेशनल एयरपोर्ट का उद्घाटन किया था। अभी एक माह ही हुआ है, लेकिन, इस अल्प अवधि में ही अयोध्या की कनेक्टिविटी देश के इतने महत्वपूर्ण नगरों के साथ होना, अयोध्या के बेहतर भविष्य का संकेत देती है। लोग नई वायु सेवा का समुचित उपयोग करें और अयोध्या की सुंदरता और परंपरा को दुनिया के साथ साझा करें।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या देश की आस्था का प्रतीक है। जनभावनाएं अयोध्या के साथ जुड़ी हैं, प्रभु श्रीरामलला के साथ जुड़ी हैं। हर अयोध्यावासी की एक अभिलाषा थी कि अयोध्या का भी विकास होना चाहिए। वह सपना साकार हो रहा है। वास्तव में अयोध्या इसकी हकदार थी। लेकिन, किन्हीं कारणों से अयोध्या की उपेक्षा हुई। आज से 10 वर्ष पहले कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या में भी कोई इंटरनेशनल एयरपोर्ट होगा। कोई सोचता भी नहीं था कि अयोध्या की कनेक्टिविटी भी बेहतर होगी। पांच सदी पूर्व जो एक कलंक अयोध्या पर लगाने का प्रयास हुआ था, उससे मुक्त होकर भव्य मंदिर में रामलला फिर से विराजमान हो गए, इस सपने को साकार होते देखकर आज पूरी दुनिया प्रफुल्लित है। जबसे श्रीरामलला के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ है, भारत के हर नागरिक के चेहरे पर जो तेज है, जो उत्साह है, जो उमंग है, वह एक नए भारत की तस्वीर को प्रस्तुत करती है।

### श्रद्धालुओं के लिए बनी पांच बहुमंजली पार्किंग

**अयोध्या।** अयोध्या विकास प्राधिकरण और अयोध्या नगर निगम द्वारा देखभाल और दूरदर्शिता के साथ श्रद्धालुओं के लिये शहर में अब पांच नई बहु-मंजली पार्किंग बनी है। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं नगर निगम अयोध्या के नगर आयुक्त विशाल सिंह ने बताया कि अयोध्या में अभिषेक समारोह के बाद, हम नई सुविधाओं के साथ भक्तों का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं।

### रकुल प्रीत और जैकी ने बदला डेस्टिनेशन वेडिंग



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के परिवारों से भारत के भीतर शादी का आयोजन करने के आह्वान के बाद बॉलीवुड एक्टर-प्रॉड्यूसर जैकी भगनानी और एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने डेस्टिनेशन वेडिंग बदल दिया है। यह कपल अगले महीने 21 फरवरी को गोवा में शादी के बंधन में बंधने वाला है। दोनों ने मूल रूप से विदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग की योजना बनाई थी, लेकिन, प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान के चलते आखिरी समय में भारत में शादी करने का फैसला लिया।


VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !